निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, मंगलवार, 10 मार्च 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 290 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित




रेस्टोरेंट फायरिंग केस पर डीजीपी सख्त

### योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना

## रांची की 3.87 लाख महिलाओं के खातों में पहुंचे 96.79 करोड़ रुपये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत रांची जिले की लाखों महिलाओं को फरवरी माह की सम्मान राशि जारी कर दी गई है। राज्य सरकार की इस पहल से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को बड़ी राहत मिली है। जिला प्रशासन ने आधार आधारित डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 3 लाख 87 हजार 174 लाभुक महिलाओं के बैंक खातों में 2500 रुपये प्रति लाभुक की दर से कुल 96 करोड़ 79 लाख 35 हजार रुपये भेजे हैं।




जिला प्रशासन के अनुसार इससे पहले जनवरी माह की सम्मान राशि भी लाभुकों को उपलब्ध कराई जा चुकी है। प्रशासन का कहना है कि योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जा रही है, ताकि सभी पात्र महिलाओं को इसका लाभ सीधे उनके बैंक खातों में मिल सके। फरवरी माह में रांची जिले के विभिन्न प्रखंडों और शहरी क्षेत्रों की बड़ी संख्या में महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला है। अनगड़ा में 16,607, अरगोड़ा शहरी क्षेत्र में 12,956, बड़गाईं शहरी क्षेत्र में 9,495, बेड़ो में 20,496, बुंडू में 8,438 और बुंडू नगर पंचायत में 3,487 महिलाओं के खातों में राशि भेजी गई है। इसी प्रकार बुढ़मू में 17,737, चान्हो में 19,673, हेहल शहरी क्षेत्र में 15,191, ईटकी में 10,301, कांके में 31,443 तथा कांके शहरी क्षेत्र में 1,309 लाभुकों को भुगतान किया गया है। इसके अलावा खलारी में 9,529, लापुंग में 11,301, मांडर में 22,984, नगड़ी में 17,747, नगड़ी शहरी क्षेत्र में 8,058, नामकुम में 17,777 और नामकुम शहरी क्षेत्र में 9,389 महिलाओं को योजना की राशि दी गई है। वहीं ओरमांझी में 18,092, राहे में 9,519, रातू में 18,476, सिल्ली में 21,045, सोनाहातू में 13,018, तमाड़ में 18,420 तथा सदर शहरी क्षेत्र में 24,686 महिलाओं के खातों में सम्मान राशि पहुंची है।

राज्य सरकार की इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। नियमित रूप से खातों में राशि पहुंचने से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की लाखों महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है।

## मोकामा थाना पुलिस ने 390 किलो गांजा किया बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जिले के मोकामा थाना पुलिस ने सोमवार को मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 390 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। इस मामले में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। मोकामा थाना प्रभारी कुणाल कुमार ने बताया कि पुलिस को क्षेत्र में मादक पदार्थों की एक बड़ी खेप आने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान पुलिस ने मौके से 390 किलोग्राम गांजा बरामद किया। बरामद किए गए गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपए आंकी जा रही है।

थाना प्रभारी ने पुष्टि की है कि इस अवैध कारोबार में संलिप्त तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस फिलहाल इन तस्करों से पूछताछ कर रही है ताकि गांजे की यह खेप कहाँ से लाई गई थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था, इसका पता लगाया जा सके। पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों और मुख्य सरगना की तलाश में जुट गई है। इस पूरे मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। बरामदगी की गंभीरता को देखते हुए, पटना ग्रामीण एसपी द्वारा एक आधिकारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस ऑपरेशन का विस्तृत विवरण और तस्करों के नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा।

## खूंटी में सुकरा महतो हत्याकांड का खुलासा, शूटर समेत पांच गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची/खूंटी।** खूंटी जिले के कर्रा थाना क्षेत्र में हुए सनसनीखेज सुकरा महतो हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। जमीन विवाद में हुई इस हत्या के मामले में पुलिस ने शूटर समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल एक देसी कट्टा और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों में विकास महतो, बिनोद महतो, रामप्रसाद महतो उर्फ छोटू, सिकंदर महतो उर्फ सचिन और रामू महतो शामिल हैं। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी इस साजिश में शामिल थे।

दरअसल, 6 मार्च की रात कर्रा थाना क्षेत्र के तिमड़ा गांव में अपराधियों ने सुकरा महतो को गोली मार दी थी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इस हमले में उनका बेटा भी गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। घटना के तीसरे दिन परिजनों ने कर्रा थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की। परिजनों से मिली जानकारी और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए खूंटी के पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने बताया कि इस हत्याकांड की मुख्य वजह जमीन विवाद है। सुकरा महतो के ससुर का कोई बेटा नहीं था, इसलिए उन्होंने अपनी करीब 17 एकड़ जमीन अपनी दोनों बेटियों के नाम कर दी थी। इनमें से एक बेटी सुकरा महतो की पत्नी है। जमीन बेटियों के नाम होने से गोतिया पक्ष के लोग नाराज थे और इसी को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। एसपी के अनुसार यह मामला अदालत तक पहुंचा था, जहां कोर्ट ने फैसला सुकरा महतो के पक्ष में सुनाया था। इसके बावजूद आरोपियों की नाराजगी खत्म नहीं हुई और रंजिश के कारण उन्होंने सुनियोजित तरीके से हत्या की साजिश रचकर 6 मार्च की रात सुकरा महतो की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई जारी है और अन्य संभावित पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

## मोरहाबादी मैदान में सजा हस्तशिल्प और संस्कृति का महाकुंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में सोमवार से हस्तशिल्प, परंपरा और ग्रामीण उद्यमिता का रंगारंग संगम देखने को मिला। यहां राजकीय हस्तकरघा एवं सरस मेले का भव्य शुभारंभ उद्योग मंत्री संजय यादव और ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। 9 मार्च से शुरू हुआ यह मेला 20 मार्च तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा और इसमें देशभर से आए कारीगरों और उद्यमियों के लगभग 620 स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।



मेले में झारखंड के साथ-साथ देश के कई राज्यों की पारंपरिक कला और हस्तशिल्प की अनूठी झलक देखने को मिल रही है। यहां तसर और सिल्क के परिधान, हैंडलूम साड़ियां, लकड़ी और बांस से बने कलात्मक उत्पाद, जूट के सामान, हस्तनिर्मित सजावटी वस्तुएं और घरेलू उपयोग की कई पारंपरिक चीजें प्रदर्शित की गई हैं। खास बात यह है कि झारखंड के ग्रामीण इलाकों से आए स्वयं सहायता समूहों और कारीगरों को भी अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और सीधे ग्राहकों तक पहुंचाने का अवसर मिला है।

मेला शुरू होते ही बड़ी संख्या में लोग मोरहाबादी मैदान पहुंच रहे हैं। खरीदारी के साथ-साथ लोग यहां विभिन्न राज्यों की कला, संस्कृति और पारंपरिक उत्पादों का अनुभव भी कर रहे हैं। हर स्टॉल पर अलग-अलग राज्यों की सांस्कृतिक पहचान और कारीगरों की मेहनत साफ झलक रही है, जो इस मेले को खास बना रही है।

मेले में पहुंचे कारीगरों और उद्यमियों का कहना है कि ऐसे आयोजन उनके लिए बेहद लाभदायक साबित होते हैं। इससे उन्हें अपने उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंचाने और नए ग्राहकों से जुड़ने का मौका मिलता है, जिससे उनकी आय बढ़ने के साथ उनकी कला को भी नई पहचान मिलती है।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि राज्य सरकार हस्तशिल्प, हस्तकरघा और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड के कारीगरों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों की गुणवत्ता उत्कृष्ट है और सरकार उन्हें व्यापक बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि रांची में इस मेले की सफलता को देखते हुए राज्य के अन्य जिलों में भी ऐसे आयोजन किए जाएंगे, ताकि ग्रामीण उद्यमियों और कारीगरों को अपने हुनर और उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए मजबूत मंच मिल सके। स्पष्ट है कि मोरहाबादी मैदान में सजा यह मेला न केवल खरीदारी का केंद्र बना है, बल्कि यह देश की विविध सांस्कृतिक विरासत और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा देने का माध्यम भी बन गया है।

## 18 मार्च को समाप्त होगा झारखंड विधानसभा का बजट सत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र की अवधि में बदलाव किया गया है। अब यह सत्र पहले निर्धारित तिथि 19 मार्च के बजाय 18 मार्च को ही समाप्त होगा। सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने सदन में इसकी औपचारिक घोषणा की।

इससे पहले विधानसभा में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि शनिवार, 14 मार्च को भी सदन की कार्यवाही संचालित की जाएगी। साथ ही सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि बजट सत्र का समापन एक दिन पहले यानी 18 मार्च को किया जाए। स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर सहित कई विधायक मौजूद रहे। बैठक में सदन के कार्य संचालन और शेष कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने को लेकर भी चर्चा की गई। इधर सोमवार को झारखंड विधानसभा परिसर स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में विधानसभा की महिला सदस्यों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी महिला विधायकों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं और उन्हें सम्मानित भी किया।



उन्होंने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बेहद आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए लगातार कई योजनाएं चला रही है। महिला विधायकों ने भी मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं देते हुए राज्य में महिलाओं के उत्थान, सुरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर अपने सुझाव साझा किए। वहीं विधानसभा परिसर में मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने टी-20 क्रिकेट में भारत की जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि देश में ऐसे मैच लोगों के लिए उत्साह का माहौल बनाते हैं। साथ ही आंध्र प्रदेश और कर्नाटक सरकार द्वारा बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पाबंदी लगाए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हर चीज के दो पहलू होते हैं—एक अच्छा और दूसरा बुरा, ऐसे में यह लोगों पर निर्भर करता है कि वे उसे किस तरह से देखते हैं।

### हड़ताली सीओ-आरओ को डिप्टी सीएम विजय सिन्हा की कड़ी चेतावनी

## काम पर लौटें, नहीं तो सेवा समाप्ति तय : विजय सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में जारी हड़ताल को लेकर सरकार ने अब सख्त रुख अपना लिया है। कई दिनों से हड़ताल पर चल रहे अंचलाधिकारी और राजस्व अधिकारी को डिप्टी सीएम एवं विभागीय मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि वे जल्द काम पर नहीं लौटते हैं तो सरकार उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी। जरूरत पड़ने पर सेवा समाप्ति और अस्थायी बहाली जैसे विकल्प भी अपनाए जा सकते हैं।



पटना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि हड़ताल के कारण आम जनता से जुड़े महत्वपूर्ण राजस्व और भूमि संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने हड़ताली अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि वे जल्द से जल्द अपने कर्तव्यों पर लौटें और नौकरी को सेवा भाव से निभाएं। उन्होंने साफ कहा कि सरकार कामकाज ठप नहीं होने देगी और इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी तैयार कर ली गई है।

डिप्टी सीएम ने कहा कि सरकार हड़ताल के हर दिन की गणना कर रही है। उन्होंने कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार की सहानुभूति को कमजोरी न समझें। "वे हमारे विभाग के कर्मचारी हैं, इसलिए हम उनसे संवाद और समाधान की उम्मीद रखते हैं। लेकिन यदि इस सहानुभूति को कमजोरी समझा गया तो सरकार सख्त कार्रवाई करने से भी नहीं हिचकेगी"।

विजय कुमार सिन्हा ने हड़ताल के पीछे साजिश की आशंका भी जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ भू-माफिया इस आंदोलन को हवा दे रहे हैं ताकि भूमि सुधार की प्रक्रिया को बाधित किया जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों को आने वाले दिनों में इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। एनडीए सरकार को मिले जनादेश का सम्मान करते हुए सरकार हर कीमत पर प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत बनाए रखेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने विभाग के 100 दिनों के कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि बिहार भूमि पोर्टल की शुरुआत की गई है, जिससे राज्य की जमीनों से जुड़ी जानकारी और प्रक्रियाएं अधिक पारदर्शी और सुलभ होंगी। अंत में उन्होंने दो टूक कहा कि सरकार संवाद के लिए तैयार है, लेकिन कामकाज बाधित होने की स्थिति में कठोर कदम उठाने से भी पीछे नहीं हटेगी।

## झारखंड में बदलेगा मौसम का मिजाज कई जिलों में हल्की बारिश के आसार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। सोमवार से राज्य के कई हिस्सों में बादल छाने के साथ गरज-चमक और हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार अधिकांश क्षेत्रों में फिलहाल मौसम शुष्क बना रह सकता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक राज्य के उत्तर-पूर्वी और आसपास के मध्य हिस्सों में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश या छींटे पड़ने की संभावना है। इसके साथ ही कुछ इलाकों में बिजली चमकने और तेज हवाएं चलने की भी आशंका जताई गई है। इधर, राज्य में धीरे-धीरे गर्मी का असर भी बढ़ने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकांश जिलों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया है। हालांकि पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के किसी भी हिस्से में बारिश दर्ज नहीं की गई। तापमान के आंकड़ों पर नजर डालें तो डाल्टनगंज राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा चाईबासा में 35.4 डिग्री, बोकारो में 34.1 डिग्री और जमशेदपुर में 33.7 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। वहीं राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से करीब 1.8 डिग्री अधिक है।

## नक्सली कांड के दो आरोपी दबोचे जमुई गोलीकांड से जुड़ा मामला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** नक्सल गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बिहार एसटीएफ और गिरिडीह पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में बड़ी सफलता हासिल की है। सोमवार को गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र में छापेमारी कर नक्सली कांड के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपियों पर बिहार के जमुई जिले में हुई नक्सली घटना और गोलीकांड में शामिल होने का आरोप है।

गिरफ्तार आरोपियों में जमुई जिले के चरकापत्थर थाना क्षेत्र के चिलकाखार गांव निवासी दरोगी यादव का पुत्र पंकज यादव तथा कोडरमा जिले के सतगांवा थाना क्षेत्र के तांतीभागलपुर गांव निवासी सुदामा सिंह का पुत्र पवन सिंह शामिल हैं। बताया जाता है कि दोनों प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के सक्रिय सदस्य हैं।

पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के बेंगाबाद थाना क्षेत्र में छिपे होने की गुप्त सूचना बिहार एसटीएफ को मिली थी। सूचना के आधार पर पटना से एसटीएफ की टीम गिरिडीह पहुंची और मामले की जानकारी गिरिडीह एसपी डॉ. बिमल कुमार को दी गई। इसके बाद एसपी के निर्देश पर सदर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव की निगरानी में बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह और बिहार एसटीएफ की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की।

सूचना के आधार पर बेंगाबाद थाना क्षेत्र के गोलगो पंचायत स्थित मंझलाटोल गांव में घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को दबोच लिया गया। गिरफ्तारी के बाद



दोनों से पूछताछ की गई और उनके ठिकानों को लेकर कई स्थानों पर छापेमारी भी की गई।

पुलिस के मुताबिक दोनों के खिलाफ बिहार के जमुई जिले के चरकापत्थर थाना कांड संख्या 143/25 दर्ज है, जो नक्सली घटना से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा जमुई, चकाई, चरकापत्थर और चंद्रदीप थाना सहित झारखंड के गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड और कोडरमा के सतगांवा थाना में भी नक्सली गतिविधियों से जुड़े मामले दर्ज हैं। दोनों पर चरकापत्थर थाना क्षेत्र में जेल से जमानत पर बाहर आए नक्सली लखन यादव को गोली मारने का भी आरोप है।

सदर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव ने बताया कि बिहार एसटीएफ की टीम गिरिडीह पहुंची थी और बेंगाबाद पुलिस के सहयोग से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। नक्सली कांड में वांछित इन आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए बिहार पुलिस अपने साथ ले गई है।

## बोकारो कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी से मचा हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** सोमवार की सुबह बोकारो जिला अदालत परिसर में उस समय अफरातफरी मच गई जब कोर्ट के रजिस्ट्रार के ईमेल पर बम से उड़ाने की धमकी भरा संदेश मिला। सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस महकमा सतर्क हो गया तथा सुरक्षा के मद्देनजर पूरे कोर्ट परिसर को तत्काल खाली करा दिया गया। इस घटना के कारण दिनभर अदालत का कामकाज प्रभावित रहा। जानकारी के अनुसार सोमवार तड़के करीब चार बजे रजिस्ट्रार के ईमेल आइडी पर एक धमकी भरा मेल आया था। ईमेल में दावा किया गया था कि बोकारो कोर्ट परिसर के विभिन्न स्थानों पर साइनाइड गैस से भरे 14 बम लगाए गए हैं। मेल में विशेष रूप से कोर्ट की छतों की तलाशी लेने की बात भी लिखी गई थी। इतना ही नहीं, इसमें यह भी उल्लेख किया गया कि आईएसआई द्वारा ड्रोन के माध्यम से बम गिराए गए हैं। मेल में भेजने वाले के रूप में 'सौरव विश्वास' नाम का जिक्र किया गया था और इसमें तमिलनाडु की एक घटना का भी हवाला दिया गया था। बोकारो के पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने बताया कि विस्तृत जांच के बाद यह मामला अफवाह साबित हुआ है। परिसर में कहीं भी किसी प्रकार का विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। धमकी भरा ईमेल पूरी तरह फर्जी निकला।

## रांची के टीटॉस रेस्टोरेंट फायरिंग कांड पर डीजीपी सख्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र स्थित कुटियातू में टीटॉस रेस्टोरेंट पर हुई फायरिंग की घटना को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय में सोमवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। राज्य की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्र की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मामले की जांच की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए सख्त निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान डीजीपी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि फायरिंग में शामिल अपराधियों की पहचान कर उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और खुफिया सूचनाओं के आधार पर विशेष टीम गठित कर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जाए, ताकि आरोपियों तक शीघ्र पहुंचा जा सके। गौरतलब है कि हाल ही में कुटियातू स्थित टीटॉस रेस्टोरेंट में अपराधियों ने फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी थी। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए भय का माहौल बन गया था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल जांच शुरू कर दी। पुलिस टीम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की पहचान करने में जुटी हुई है।

डीजीपी ने स्पष्ट कहा कि राज्य में किसी भी आपराधिक घटना को गंभीरता से लिया जाएगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जांच में तेजी लाकर अपराधियों को जल्द से जल्द कानून के शिकंजे में लाया जाए।झारखंड पुलिस ने आम नागरिकों को भरोसा दिलाया है कि राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और इस घटना में शामिल अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस उच्चस्तरीय बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक (अपराध अनुसंधान विभाग) मनोज कौशिक, रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, एटीएस के पुलिस अधीक्षक ऋषभ कुमार झा, सिटी एसपी पारस राणा, एयरपोर्ट थाना प्रभारी सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

# उपायुक्त ने यूपीएससी में चयनित जिले के युवाओं से की मुलाकात

## यूपीएससी जैसी कठिन और प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त करना किसी भी युवा के लिए बड़ी उपलब्धि : उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** जिले के लिए गौरव का क्षण तब बना जब संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी की प्रतिष्ठित परीक्षा में सफल हुए जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों करण सेठ, पचंबा और नाजिया प्रवीण, भंडारीडीह और उनके माता-पिता से उपायुक्त रामनिवास यादव ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उपायुक्त रामनिवास यादव ने सभी सफल अभ्यर्थियों को उनकी कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन के लिए बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



मुलाकात के दौरान उपायुक्त ने कहा कि यूपीएससी जैसी कठिन और प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त करना किसी भी युवा के लिए बड़ी उपलब्धि होती है। यह केवल व्यक्तिगत सफलता ही नहीं बल्कि पूरे जिले और राज्य के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि इन युवाओं की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी और जिले के अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं प्रशासनिक सेवाओं में जाने के लिए प्रेरित होंगे। उपायुक्त ने अभ्यर्थियों से उनकी तैयारी की प्रक्रिया, चुनौतियों और अनुभवों के बारे में भी चर्चा की। अभ्यर्थियों ने बताया कि निरंतर अध्ययन, सही मार्गदर्शन और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने इस कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त की। उन्होंने कहा कि परिवार, शिक्षकों और मित्रों का सहयोग भी उनके लिए काफी महत्वपूर्ण रहा। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी सफल युवाओं को आगे की प्रशिक्षण प्रक्रिया के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवा में रहते हुए वे समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य करें तथा ईमानदारी और समर्पण के साथ देश की सेवा करें। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी बनने के बाद उनकी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, इसलिए उन्हें सदैव जनहित को प्राथमिकता देनी चाहिए। आगे उपायुक्त ने कहा कि प्रशासनिक सेवा में आने के बाद उन्हें विशेष रूप से समाज के वंचित, गरीब और जरूरतमंद वर्गों के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी मिल पाएगा, जब अधिकारी संवेदनशीलता और ईमानदारी के साथ अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाने का प्रयास करेंगे। उपायुक्त ने उन्हें मेहनत, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करने की सलाह देते हुए कहा कि एक सच्चा प्रशासक वही होता है जो समाज के कमजोर वर्गों की समस्याओं को समझकर उनके समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहता है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक पद पर रहते हुए जनहित में कार्य करना हम सभी का प्रमुख दायित्व है। सरकार की विभिन्न योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को स्पष्ट रूप से जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का सफल संचालन सुनिश्चित करना प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए आवश्यक है कि सभी अधिकारी एवं कर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ करें, ताकि आम जनता को सरकार की योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। कार्य में लापरवाही या जिम्मेदारी से बचने की प्रवृत्ति किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी सभी अधिकारी और कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारीपूर्वक करना चाहिए। जनहित का कार्य सर्वोपरि होना चाहिए इसके साथ किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा और किसी प्रकार का व्यक्तिगत हित या कोई लापरवाही क्षम्य नहीं है।* सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ करें, ताकि आम जनता को योजनाओं का समय पर लाभ मिल सके। मुलाकात के अंत में उपायुक्त ने सभी सफल युवाओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जल सहिया को आवंटन जल्द उपलब्ध कराया जाए : जयंती चौधरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

■ सरकार जल्द दे मानदेय : पूनम महतो

**गिरिडीह।** पिछले सात महीने से मानदेय नहीं मिलने से नाराज जल सहिया दीदियों के समर्थन में भाकपा माले की महिला संगठन एप्वा की नेत्रियों ने सरकार और प्रशासन से जल्द आवंटन उपलब्ध कराकर भुगतान कराने की मांग की है एप्वा नेत्री जयंती चौधरी ने कहा कि



गिरिडीह की जल सहिया दीदियां बेहद कम मानदेय पर काम करती हैं, इसके बावजूद पिछले सात महीने से उन्हें भुगतान नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि आवंटन आने के बावजूद कुछ अधिकारियों की लापरवाही के कारण मानदेय नहीं मिल पा रहा है, जो बेहद दुखद है वहीं पूनम महतो ने सरकार से जल्द से जल्द मानदेय भुगतान कराने की मांग की।

उन्होंने कहा कि जल सहिया दीदियां गांव-गांव में पेयजल और स्वच्छता से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य करती हैं, इसलिए उनके मेहनत का सम्मान करते हुए तुरंत भुगतान होना चाहिए एप्वा नेत्रियों पिंकी भारती, कौशल्या दास, मीना दास, सरिता साव, प्रीति भास्कर सहित अन्य महिलाओं ने भी कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा इस संबंध में माले नेता राजेश सिन्हा ने बताया कि एप्वा नेत्रियों से बातचीत हुई है और उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि एक सप्ताह के अंदर सभी जल सहिया दीदियों का बकाया मानदेय भुगतान सुनिश्चित किया जाए बताया गया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन अपनी मांगों को लेकर जल सहिया दीदियां गिरिडीह समाहरणालय में लोकतांत्रिक तरीके से धरना प्रदर्शन कर रही थीं। इसी दौरान गिरिडीह उपायुक्त द्वारा डांट-फटकार लगाए जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे लेकर कई संगठनों ने आपत्ति जताई है और इस मामले में ज्ञापन देने की बात कही है जल सहिया दीदियों का कहना है कि जब मंत्री योगेंद्र प्रसाद और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी आवंटन के लिए सहमति दे चुके हैं, तो फिर मानदेय भुगतान में देरी क्यों हो रही है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त को इस मामले में संज्ञान लेते हुए लोकतांत्रिक आंदोलन का सम्मान करते हुए जल्द समाधान करना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### जैव उर्वरकों व कीटनाशियों पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**बरही/हजारीबाग (नबिटासं)।** अनुसूचित जाति परियोजना के तहत भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) के गौरिया करमा मे "कृषि में जैव उर्वरकों एवं जैव कीटनाशियों का बड़े पैमाने पर उत्पादन एवं उपयोग" विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण-सह-प्रदर्शन कार्यक्रम प्रारंभ हुआ । जिसमें जिले के विभिन्न प्रखण्ड से लगभग 30 किसान हिस्सा ले रहे हैं । उद्घाटन समारोह में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सुबोध नीरज ने जैव उर्वरकों व कीटनाशियों को रासायनिक उर्वरकों का पर्यावरण-अनुकूल विकल्प बताते हुए टिकाऊ कृषि के लिए इनकी आवश्यकता पर जोर दिया। वित्त नियंत्रक प्रशांत कुमार ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ उत्पादकता बढ़ाने के लिए जैविक तकनीकों अपनाने की सलाह दी डॉ. हिमानी प्रिया एवं डॉ. रंजीत सिंह के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम की निगरानी सहायक कोर्स निदेशक डॉ. श्रीनिवासराघवन ए., डॉ. दीपक कुमार गुप्ता एवं डॉ. काशीनाथ तेली द्वारा किए जा रहे हैं । जिसे सफल बनाने में परिसर प्रभारी डॉ. एस. के. महंता एवं डॉ. विशाल नाथ, सचिव डॉ. कृष्ण प्रकाश, अरुण कुमार रजक व आकाश कुमार दास प्रदान महती जिम्मेवारी निभा रहे हैं। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण सत्र में किसानों को को जैव उर्वरकों की भूमिका, पोषक तत्व प्रबंधन, राइजोबियम लाभ, ट्राइकोडर्मा उत्पादन, धान में सायनोबैक्टीरिया, वर्मी-कम्पोस्ट, अजोला उत्पादन तथा बीज-पौध उपचार पर विशेषज्ञ व्याख्यान व प्रायोगिक प्रशिक्षण मिलेगा। संस्थान के वैज्ञानिकों के अनुसार, यह कार्यक्रम किसानों को पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों से जोड़ने, उत्पादन लागत घटाने तथा झारखंड में सतत कृषि व किसान सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में मदद करेगा ।

### मनोनीत राज्यपाल नन्द किशोर यादव को डॉ. अनिल सुलभ ने दी बधाई

**पटना (नबिटासं)।** बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने नागालैंड के मनोनीत राज्यपाल नन्द किशोर यादव को उनके आवास पर मिलकर बधाई दी। उनका नागालैंड का राज्यपाल बनाए जाने को हिन्दी-भाषा के लिए अत्यंत शुभ बताते हुए उन्होंने आग्रह किया कि राज्य के संवैधानिक-प्रमुख के रूप में उन्हें प्रदेश में 'राजकीय हिन्दी संस्थान' तथा एक 'हिन्दी विश्वविद्यालय' की स्थापना हेतु राज्य सरकार को निर्देश देना चाहिए। डा सुलभ ने आशा व्यक्त की कि उनके द्वारा दीमापुर में दो वर्ष पूर्व स्थापित किए गए 'नागालैंड हिन्दी साहित्य सम्मेलन' को भी श्री यादव का संरक्षण और पोषण मिलेगा, जिससे उस प्रदेश में भी हिन्दी भाषा और साहित्य की सम्यक ऊन्नति हो पाएगी। उन्होंने अंग-वस्त्रम और पुष्प-गुच्छ देकर श्री यादव का अभिनन्दन भी किया। डा सुलभ के साथ सम्मेलन के अर्थमंत्री कुमार अनुपम, कवि विनोद किसलय, राजेश राज, रामाशंकर प्रसाद तथा संजीव यादव ने भी पुष्प-गुच्छ देकर श्री यादव को बधाई दी।



### 14 को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए बैंक पदाधिकारियों के साथ बैठक

**नवादा (नबिटासं)।** नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के निर्देश के आलोक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में 09.03.2026 को एक बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें 14.03.2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में आवश्यक विचार-विमर्श के लिए जिले के प्रमुख सरकारी एवं निजी बैंकों के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक के क्रम में विभिन्न बैंकों के अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि वे अपने-अपने बैंकों के ऋण वादों के निष्पादन के संबंध में लगातार प्रयास कर रहे हैं तथा पक्षकारों को सूचित कर रहे हैं, जिससे कि अधिक से अधिक वादों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जा सके। बैठक में ऋण वादों के नोटिसों के शत-प्रतिशत तामिला के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। विधिक सेवा प्राधिकार ने बताया कि नोटिसों के तामिला पर ही बैंक ऋण वादों का निष्पादन संभव है। बैठक के क्रम में चिन्हित पूर्व विवादित मामलों में पूर्व बैठक/पूर्व परामर्श की संख्या एवं चिन्हित वादों की सूची के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि पूर्व बैठक के माध्यम से बैंक ऋण वादों को काउंसिलिंग कर सुलह के आधार पर वाद का निष्पादन किया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय के अतिरिक्त एल0डी0एम0, पी0एन0बी0 नवादा, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, एस0बी0आई0, पंजाब नेशनल बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया एवं कृषि विकास शाखा नवादा, बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, द नवादा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि0, भूमि विकास बैंक, नवादा के अधिकारीगण उपस्थित हुए।

### 187 गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

**नारदीगंज/नवादा (नबिटासं)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में सोमवार को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान आयोजित हुई। इस कार्यक्रम के तहत प्रखंड के विभिन्न गांवों के 187 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच की गई। जांच में दो हाई रिस्क के गर्भवती महिलाएं पहुंची। लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार, विकास कुमार ने उपस्थित महिलाओं को खून, रक्तचाप, वजन समेत अन्य जांच की। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवीन कुमार, डा. सोनी कुमारी समेत अन्य रहे।



# नारी शक्ति का हुआ सम्मान, ओजस्विनी की बैठक में जुटीं सैकड़ों महिलाएं

■ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शिव-पार्वती मंदिर परिसर में हुआ आयोजन, महिलाओं की भूमिका पर हुई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद की राष्ट्रीय महिला परिषद ओजस्विनी द्वारा सोमवार को टावर चौक स्थित शिव-पार्वती मंदिर परिसर में एक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के धनबाद विभागाध्यक्ष रविशंकर पांडेय एवं जिला अध्यक्ष रितेश पांडेय उपस्थित रहे बैठक के दौरान अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति का सम्मान किया गया।



इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि महिलाएं आज समाज के हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और उनके सशक्तिकरण से ही समाज का समग्र विकास संभव है। साथ ही महिलाओं को जागरूक, संगठित और आत्मनिर्भर बनने का संदेश भी दिया गया इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला परिषद की जिला अध्यक्ष पूनम सिन्हा, ओजस्विनी की उपाध्यक्ष काजल सिन्हा, छोटी कुमारी सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और ओजस्विनी की बहनें उपस्थित थीं। कार्यक्रम में महिलाओं के सम्मान और उनके अधिकारों को लेकर भी चर्चा की गई।

# रामकृष्ण महिला महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का किया गया आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** श्री रामकृष्ण महिला महाविद्यालय गिरिडीह में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ के एन शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। प्राचार्य ने अपने वक्तव्य में सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक ,व्यवसाय, तकनीकी पर्यावरण और कला के क्षेत्रों में योगदान देनेवाली महिलाओं की चर्चा करते हुए छात्राओं के संबोधन में कहा कि आप सभी अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें और निरंतर मेहनत करें और अपने लक्ष्य को पाने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें।

कार्यक्रम का कुशल संचालन आईक्यूएसी की समन्वयक प्रो रेणुका साहू ने किया। डॉ संजीव कुमार सिन्हा ने ऐतिहासिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हुए हड़प्पा सभ्यता से लेकर आधुनिक काल की ऐतिहासिक महिलाओं का सामाजिक राजनीतिक आर्थिक धार्मिक योगदान का चित्रण किया। प्रो लक्ष्मण राम ने स्वरचित गीत प्रस्तुत किए। कशिश कुमारी, प्रिया कुमारी ने स्वरचित कविता का पाठ किया सोनम कुमारी ने झारखंड की सशक्त महिलाएं जो खेल, शिक्षा लेखन प्रशासनिक राजनीतिक सामाजिक कार्यकर्ता में योगदान देनेवाली महिलाओं पर पीपीटी के माध्यम से अपना विचार साझा किया। श्वेता, सुप्रिया ने नृत्य और स्वाति कुमारी ने पेंटिंग के माध्यम से स्त्री चेतना को प्रकट किया। कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।धन्यवाद ज्ञापन डॉ. दीपिका कुमारी ने किया कार्यक्रम में प्रो नम्रता तिर्की डॉ छाया तिवारी डॉ ज्योति चौधरी प्रदीप रेखा पिंकी मिश्रा ज्योति रोशन राखी प्रसाद इंदिरा सिंह पूनम कुमारी चिंता प्रतिमा महेंद्र समस्त शिक्षक कर्मचारी और छात्राएं उपस्थित थे।

# रामनवमी, ईद और सरहुल को लेकर प्रशासन अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ब्यूरो ।** आगामी रामनवमी, ईद और सरहुल पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च और मॉक ड्रिल का आयोजन किया। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के नेतृत्व में पुलिस बल के जवानों ने शहर के संवेदनशील इलाकों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान खिरगांव और झंडा चौक क्षेत्र में विशेष रूप से मॉक ड्रिल कर संभावित विधि-व्यवस्था की स्थिति से निपटने की तैयारियों का प्रदर्शन किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान प्रशासन की ओर से माइकिंग के माध्यम से आम नागरिकों को पर्व-त्योहार के दौरान पालन किए जाने वाले क्या करें और क्या न करें से संबंधित दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई।

# विधायक मंजु कुमारी ने विस में नवडीहा और हीरोडीह को प्रखंड बनाने की उठायी मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जमुआ विधानसभा क्षेत्र की विधायक मंजु कुमारी ने झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान क्षेत्र की महत्वपूर्ण जनसमस्या को सदन में उठाया। उन्होंने नवडीहा एवं हीरोडीह को नया प्रखंड बनाने की मांग करते हुए कहा कि जमुआ विधानसभा क्षेत्र भौगोलिक रूप से काफी बड़ा है, जिसके कारण आम लोगों को छोटे-छोटे प्रशासनिक कार्यों के लिए भी दूर स्थित प्रखंड मुख्यालय तक जाना पड़ता है विधायक ने सदन को बताया कि नवडीहा और हीरोडीह क्षेत्र की बड़ी आबादी लंबे समय से अलग प्रखंड बनाए जाने की मांग कर रही है। यदि इन दोनों क्षेत्रों को प्रखंड का दर्जा दिया जाता है, तो लोगों को प्रशासनिक सुविधाएं उनके नजदीक उपलब्ध होंगी और सरकारी योजनाओं का लाभ भी समय पर मिल सकेगा।



मंजु कुमारी ने कहा कि नया प्रखंड बनने से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार में तेजी आएगी तथा स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्था भी मजबूत होगी उन्होंने राज्य सरकार से इस जनहित के मुद्दे पर गंभीरता से विचार करते हुए नवडीहा और हीरोडीह को प्रखंड बनाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने की मांग की। विधायक ने कहा कि वह जमुआ विधानसभा क्षेत्र की जनता की हर समस्या और मांग को सदन में उठाने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध हैं।

# उप महापौर के लिए मिताली रश्मि का नाम चर्चा में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** हजारीबाग नगर निगम चुनाव के बाद अब उप महापौर पद को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। आगामी 13 मार्च को उप महापौर का चुनाव होना है, जिसे नगर निगम के 36 वार्ड पार्षदों द्वारा चुना जाएगा। ऐसे में किसे बहुमत का समर्थन मिलेगा, इसे लेकर चचाओं का दौर जारी है। इसी बीच वार्ड संख्या 22 की पार्षद मिताली रश्मि का नाम उप महापौर पद के प्रमुख दावेदारों में सामने आ रहा है। नगर निगम क्षेत्र के कई पार्षदों और लोगों का मानना है कि शिक्षित और दूरदर्शी नेतृत्व से शहर के विकास को नई दिशा मिल सकती है। नगर निगम के 36 वार्ड पार्षदों में 22 महिला और 14 पुरुष पार्षद चुने गए हैं। ऐसे में महिला प्रतिनिधित्व को लेकर भी सकारात्मक माहौल देखा जा रहा है।



मिताली रश्मि इस पद के लिए दावेदारी रखने वाली एकमात्र महिला पार्षद बताई जा रही हैं। मिताली रश्मि पहली बार चुनाव जीतकर पार्षद बनी हैं और उन्हें वार्ड की जनता का अच्छा समर्थन मिला है। उन्होंने बताया कि यदि पार्षदों और शहरवासियों का आशीर्वाद मिला तो वे हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि उन्हें विभिन्न अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में कार्य करने का अनुभव है, जिससे प्रशासनिक कार्यशैली और प्रबंधन का अनुभव मिला है। उनका कहना है कि उनका परिवार भी समाज सेवा से जुड़ा रहा है और वे स्वयं भी समाज के लिए सक्रिय रूप से काम करना चाहती हैं। मिताली रश्मि ने कहा कि उप महापौर का चयन धनबल नहीं बल्कि आपसी विश्वास और सहयोग से होना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि सेवा और विकास की भावना के साथ नगर निगम क्षेत्र में काम जारी रहेगा।

# विनोबा भावे विवि से त्रिदेव प्रसाद उत्तम को पीएचडी की उपाधि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ब्यूरो ।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के माननीय कुलपति के आदेशानुसार चतरा जिले के निवासी त्रिदेव प्रसाद उत्तम को वाणिज्य संकाय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की गई है। त्रिदेव प्रसाद उत्तम, श्री त्रिलोकी राणा एवं श्रीमती रेश्मी देवी के सुपुत्र हैं। वे चतरा जिले के ग्राम-शहरजाम, पोस्ट-करनी, थाना-इटखोरी के निवासी हैं। उन्होंने अपना शोध कार्य ह्झारखंड राज्य में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के माध्यम से कौशल विकास के प्रदर्शन का समालोचनात्मक अध्ययनः हजारीबाग जिले का एक केस स्टडी विषय पर पूरा किया।

# चैती दुर्गा पूजा के आयोजन की तैयारी को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सार्वजनिक चैती दुर्गा पूजा समिति थाना मोड़ देवरी की बैठक मन्दिर परिसर में आयोजित हुई।बैठक में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी चैती दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन को लेकर पूजा कमिटी के सभी सम्मानित सदस्यों पदाधिकारियों दुकानदार भाइयों की मौजूदगी में विभिन्न प्रस्ताओं पर उपस्थित लोगों ने गेट का मरम्मत करना, मंदिर का डेटिंग पेंटिंग अविलंब पूर्ण करने सदस्यता शुल्क, चंदा रशीद वितरण, सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत परिचर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष फुलचंद हाजरा ने किया जबकि संचालन पूजा समिति के सचिव सुखदेव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष फुलचंद हाजरा, सचिव



अपनी सहमति प्रदान की पूजा समिति में सभी सदस्यों ने यह निर्णय लिया कि कलश स्थापना से 12 दिनों तक चलने वाला यह अनुष्ठान काफी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा इस भव्य आयोजन को लेकर मेला में शांति, सुरक्षा और आपसी सौहार्द भाईचारा बनाए रखने में कमिटी पूर्ण रूप से सशक्त है।

इसके लिए पूर्व में गठित पूजा कमिटी को पुनर्गठित करते हुए पूर्व की कमिटी को ही पूजा का सफल संचालन की पूरी जिम्मेवारी दी गई इस दौरान पूर्व की कमिटी को ही सम्पूर्ण पदभार सौंपी गई पूजा महोत्सव में भव्य कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित करना, मंदिर पट के सामने वाला सुखदेव हाजरा कोषाध्यक्ष श्री बैकुंठ चौधरी, पुजारी मुकेश चौधरी, विजय हाजरा उमेश कुमार,राजकुमार राम, टुकलाल हाजरा, रामकिशुन हाजरा, शोभन हाजरा, रामदेव बाबा, गणपत हाजरा, संतोषी राणा, प्रकाश हाजरा, चेतलाल हाजरा, डोमन हाजरा, मुकुंद हाजरा, इंद्रदेव हाजरा, राजेश हाजरा, नीरज वर्णवाल, देवराज हाजरा, रामदेव हाजरा, शंकर पंडित, कुल्लू पण्डित, अनोज चौधरी, अजय कुमार हाजरा, राहुल कुमार, धीरज कुमार, सुधीर राणा, यमुना तुरी, मनोज हाजरा माहों हाजरा, बालेश्वर वर्मा, बासुदेव पंडित सहित अन्य गणमान्य लोगों की मौजूदगी थी। आगामी बैठक 15 मार्च को रविवार को आयोजित होगी।

# ग्रामीण महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रास्ता, गोड्डा के तत्वावधान में बोआरीजोर प्रखंड के कुशबिल्ला पंचायत अंतर्गत अंबाडीहा गांव में महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को उनके अधिकारों, समानता और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना तथा समाज में उनकी भागीदारी को मजबूत बनाना था कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह एसएचजी की सदस्य बसंती सोरेन सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान शिला सबनम पोषण सखी सरिता मुर्मू, रेशमी खातुन और सालोमी मालतो ने महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं जागरूक और आत्मनिर्भर होंगी, तभी परिवार और समाज का समुचित विकास संभव हो सकेगा इस अवसर पर रास्ता, गोड्डा की टीम से प्रमिला कुमारी, सुनीता देवी, भरत कुमार तथा प्रोग्राम मैनेजर जूली कुमारी भी उपस्थित रहीं। उन्होंने महिलाओं को संगठित होकर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के सशक्तिकरण, लैंगिक समानता तथा समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम को रोचक और उत्साहपूर्ण बनाने के लिए महिलाओं के बीच गुब्बारा खेल बैलून गेम का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और आनंदपूर्वक भागीदारी निभाई कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं ने एकजुट होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, एक-दूसरे का सहयोग करने तथा समाज में समानता, सम्मान और



# उपायुक्त ने की राजस्व संग्रहण की समीक्षा

## विभागों को राजस्व संग्रहण में तेजी लाने के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने सोमवार को राजस्व से जुड़े सभी विभागों द्वारा राजस्व वसूली की समीक्षा की गयी। इस दौरान विभिन्न विभागों को चालू वित्तिय वर्ष में प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध कितनी वसूली की गयी है से संबंधित विस्तृत जानकारी ली गयी।उन्होंने सभी पदाधिकारियों को लक्ष्य को हासिल करने दिशा में कई दिशा-निर्देश दिया।

उपायुक्त ने खनन विभाग की समीक्षा की, वित्तिय वर्ष 2025-26 के तहत 58433.31 लाख रुपये वार्षिक लक्ष्य प्राप्त है जिसके विरुद्ध अबतक 14517.10 लाख रुपये की वसूली की गयी है।डीसी ने खान निरीक्षक को खनन के क्षेत्र में राजस्व वसूली में तेजी लाने की बात कही साथ ही अगली बैठक में रॉयल्टी और पेनाल्टी का अलग से डेटा संग बैठक में उपस्थित रहने पर बल दिया।

इसी तरह परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पाया कि विभाग को वर्तमान वित्तिय वर्ष में 7608.30 लाख रुपये की वसूली का लक्ष्य दिया गया था।जिसके विरुद्ध परिहवन विभाग द्वारा अबतक 7587.61 लाख रुपये की राजस्व वसूली कर ली गयी है।मोटरयान निरीक्षक पलामू को 449 लाख रुपए वसूली के लक्ष्य के विरुद्ध 296.08 लाख रुपये वसूली की गयी है।

उत्पाद विभाग की समीक्षा के दौरान उत्पाद अधीक्षक ने उपायुक्त को




बताया कि उत्पाद विभाग को 16759.50 लाख रुपए वसूली का वार्षिक लक्ष्य दिया गया था जिसके विरुद्ध फरवरी माह तक 14812.88 लाख रुपये के राजस्व वसूली कर ली गयी है।इसी तरह मेदिनीनगर नगर निगम को 1560.55 लाख रुपये की वसूली का लक्ष्य है जिसके विरुद्ध अबतक 1185.76 लाख रुपया की वसूली की गयी है जो प्राप्त लक्ष्य का 76 प्रतिशत है।इसी तरह अवर निबंधन, राष्ट्रीय बचत विभाग, विद्युत आपूर्ति विभाग की भी समीक्षा की गयी। उन्होंने संबंधित विभाग के पदाधिकारी को शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में योजना बनाते हुए कार्य करने की बात कही।इसी कर्म में उपायुक्त ने सरकार के विभिन्न विभागों को भूमि हस्तांतरण हेतु लंबित भूमि के विवरणी का अंचलवार समीक्षा किया गया।

बैठक में भू-लगान, निबंधन, दाखिल- खारिज, सकसेशन म्यूटेशन, पार्टीशन म्यूटेशन और भूमि सीमांकन की भी समीक्षा की गयी। उन्होंने सभी सीओ को निर्धारित समय में म्यूटेशन के मामलों को निष्पादन करने पर बल दिया।इसके अलावे 2025-26 में प्राकृतिक आपदाओं एवं राज्य स्तरीय अधिसूचित आपदाओं से प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृती से संबंधित प्रतिवेदन, ई-रेवेन्यू कोर्ट का स्टेटस, लैंड डीमारकेशन, झारखंड लगान कलेक्शन की भी समीक्षा की गयी। बैठक में उपायुक्त के अलावा अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, हुसैनाबाद एसडीओ,सहायक समाहर्ता, तीनों भूमि सुधार उप समाहर्ता,सभी सीओ समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## चैती दुर्गा को ले तैयारी जोर-शोर

**गोड्डा।** वासंतिक नवरात्र को लेकर जिले भर में काफी उत्साह व भक्ति का माहौल है। वही दूसरी ओर नवरात्र को लेकर शहर सहित ग्रामीण इलाकों के चैती दुर्गा मंदिरों में जोर-शोर से तैयारी चल रही है। इसके साथ ही पूजा समितियों का बैठकों का दौर भी जारी है।

वहीं दूसरी ओर शहर के हटिया परिसर स्थित चैती दुर्गा मंदिर में भी वासंतिक नवरात्र को लेकर तैयारी शुरू हो रही है जहां पूजा को लेकर बैठक भी आयोजित की जा चुकी है। जहां इस बार भी भव्य चैती दुर्गा समारोह आयोजन की तैयारी की बात कही गई है।

मालूम हो कि हटिया परिसर स्थित चैती दुर्गा मंदिर वर्षा से मां की पूजा अर्चना होती आ रही है। जहां भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इस वर्ष चैती नवरात्र 19 मार्च से शुरू होकर 29 मार्च रामनवमी तक चलेगा। शहर में भी चैती नवरात्र को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। इस बाबत चैती दुर्गा पूजा समिति गुलजारबाग के निवर्तमान सचिव अमृत पांडेय ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी सभी के सहयोग भव्य चैती दुर्गा पूजा समारोह का आयोजन होगा।

# जांचोपरांत दोषी पाये गये पुलिसकर्मी, निलंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड के प्रसिद्ध सिद्धपीठ रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर परिसर में रविवार को श्रद्धालुओं के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल चार आरक्षियों को निलंबित कर दिया है, जबकि एक होमगार्ड जवान को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर जमशेदपुर के आदित्यपुर से एक परिवार के 10 सदस्य पूजा-अर्चना के लिए रजरप्पा मंदिर पहुंचे थे। आरोप है कि परिवार के सदस्य मंदिर के निकासी द्वार (एग्जिट गेट) से भीतर प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोका और कतारबद्ध होकर आने को कहा। इसी बात को लेकर बहस शुरू हो गई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई।

वहां तैनात जवानों ने अपना आपा खो दिया और एक श्रद्धालु की जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान परिवार की महिलाएं और बच्चे मदद के लिए चिल्लाते रहे, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

घटना के बाद पुलिस ने आदित्यपुर निवासी प्रेम कुमार निर्मल, सुमन कुमार राय और सौरभ कुमार को हिरासत में ले लिया था, जिन्हें सोमवार को बांड भरवाकर छोड़ दिया गया।

मामले की गंभीरता और वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए एसपी अजय कुमार ने सोमवार को खुद मंदिर परिसर का दौरा किया। प्रभारी एसडीपीओ चंदन वत्स द्वारा की गई जांच में यह स्पष्ट हुआ कि पुलिसकर्मियों को स्थिति को धैर्य से संभालना चाहिए था, लेकिन उन्होंने नियम विरुद्ध व्यवहार किया।

# नगर परिषद के उपाध्यक्ष पद को लेकर कवायद तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** अध्यक्ष और पार्षदों के चयन के बाद अब नगर परिषद के उपाध्यक्ष पद को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। जिस वार्ड पार्षद को कम से कम 11 पार्षदों का समर्थन मिलेगा, उसी के सिर उपाध्यक्ष का ताज सजेगा।

यही वजह है कि संभावित उम्मीदवार 11 पार्षदों का समर्थन जुटाने के लिए जोर-शोर से प्रयास कर रहे हैं। पाकुड़ नगर परिषद के उपाध्यक्ष पद का मुख्य मुकाबला दो 'आर' वार्ड संख्या पांच के पार्षद राणा ओझा और वार्ड संख्या चार की पार्षद रूपाली सरकार के बीच माना जा रहा है।

12 मार्च को नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह होगा। इसी दौरान उपाध्यक्ष पद के लिए मतदान भी कराया जाएगा। यहीं तय होगा कि नगर परिषद का उपाध्यक्ष कौन बनेगा।

उपाध्यक्ष पद को लेकर नवनिर्वाचित पार्षदों के बीच राणा ओझा का नाम सबसे अधिक चर्चा में है। राणा ओझा पूर्व में भी वार्ड पार्षद रह चुके हैं।

सूत्रों के अनुसार, वर्तमान स्थिति में राणा ओझा के पक्ष में 11 से अधिक पार्षदों का समर्थन बताया जा रहा है। उनके समर्थकों का दावा है कि यह संख्या बढ़कर 15 तक पहुंच चुकी है।

## नगर परिषद क्षेत्र में कुल 21 पार्षद हैं, जीत के लिए चाहिए 11 मत

हालांकि दूसरे गुट के लोग भी अपने पक्ष में 11 से अधिक पार्षदों का समर्थन होने का दावा कर रहे हैं। उपाध्यक्ष पद को लेकर पार्षदों के बीच जोड़-तोड़ की राजनीति भी तेज हो गई है।

उपाध्यक्ष चयन के लिए कुछ लोग पर्दा के पीछे किंग मेकर भी भूमिका निभा रहे हैं। अपनपे उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार अन्य पार्षदों से संपर्क साध रहे हैं और उनके घरों का दौरा कर समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं।

नगर परिषद क्षेत्र में कुल 21 पार्षद हैं। ऐसे में उपाध्यक्ष बनने के लिए किसी भी उम्मीदवार को आधे से अधिक यानी कम से कम 11 पार्षदों का समर्थन जरूरी होगा। चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार पार्षदों के मतदान के आधार पर ही उपाध्यक्ष का चयन किया जाएगा। मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अध्यक्ष और सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को औपचारिक रूप से शपथ दिलाई जाएगी।

# युद्ध को ले बाजारों से खजूर, पिस्ता गायब



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच जारी तनाव और युद्ध जैसे हालात का असर अब स्थानीय बाजारों पर भी दिखाई देने लगा है। मुजफ्फरपुर के कंपनी बाग रोड बाजार में ईरान से आने वाले खजूर और पिस्ता की आपूर्ति लगभग ठप हो गई है। इससे दुकानदारों के कारोबार पर असर पड़ा है और ग्राहकों में भी खरीदारी को लेकर उत्साह कम हो गया है।

कंपनी बाग रोड बाजार के दुकानदारों का कहना है कि खाड़ी देशों से आने वाली खजूर की खेप बंद होने से कारोबार प्रभावित हो रहा है। जो खजूर बाजार में बचा हुआ है, उसके दाम भी काफी बढ़ गए हैं। पहले ग्राहक एक किलो या उससे ज्यादा खजूर खरीदते थे, लेकिन अब बढ़ी कीमतों के कारण लोग कम मात्रा में ही खरीदारी कर रहे हैं।

दुकानदारों का कहना है कि अगर जल्द ही हालात सामान्य नहीं हुए तो आने वाले कुछ दिनों में बाजार से ईरानी खजूर पूरी तरह खत्म हो सकता है। इस स्थिति से व्यापारी भी चिंतित हैं और जल्द युद्ध समाप्त होने तथा आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि रमजान और ईद का त्योहार लोग पहले की तरह खुशियों के साथ मना सकें।

खरीदारी करने पहुंचे ग्राहक मोहम्मद शाहिद हुसैन ने बताया कि बाजार में थोड़ी बहुत खजूर उपलब्ध है, लेकिन उसके दाम काफी बढ़ गए हैं। महंगाई को देखते हुए लोग अब खजूर की खरीदारी में कटौती कर रहे हैं।

# अवैध स्टोन चिप्स परिवहन करते छह हाइवा जब्त

## वगैर चालान के किया जा रहा था परिवहन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर(पलामू)।** हरिहरगंज के हरिहरनाथ टोल प्लाजा के पास पलामू जिला के जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार के निर्देश पर जिला माईनिंग इंस्पेक्टर हरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए स्टोन चिप्स से लदे छह हाइवा वाहनों को जब्त किया है। जिला माइनिंग इंस्पेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि जब्त किए गए वाहन वगैर चालान के स्टोन चिप्स का परिवहन कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जांच किया जा रहा है कि स्टोन चिप्स किन क्रेशर से लेकर परिवहन किया जा रहा था।

प्रथम दृष्टया इन वाहनों की फिटनेस भी संदिग्ध प्रतीत हो रही है। उन्होंने



बताया कि एक ही चालान पर कई बार ट्रिप करने की सूचना मिली है। साथ ही दूसरे राज्यों के चालान पर भी वाहनों के परिचालन की जांच की जाएगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि 500 से 600 सीएफटी स्टोन चिप्स लदा था। जो अंडरवेट है।

इधर अवैध स्टोन चिप्स परिवहन के कारोबार से सरकार को हो रहे राजस्व के नुकसान को लेकर जिला खनन पदाधिकारी सख्त हैं। उन्होंने एक बातचीत में कहा कि वगैर चालान के किसी भी हाल में खनन सामग्रियों का परिवहन पलामू जिले में नहीं होने दिया जाएगा। ऐसा करने वाले व्यवसायी को चेत जाने की जरूरत है। ओवरलोडिंग पर भी सख्त नजर है। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग के कारण सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है।

इधर खनन पदाधिकारी के निर्देश पर हुई कार्रवाई से खनन सामग्रियों का अवैध परिवहन में संलिप्त माफियाओं के खिलाफ बड़ा कदम माना जा रहा हैं।

इधर लोगों का मानना है कि वाहनों के परिवहन की नियमित जांच की जाए व हरिहरनाथ टोल प्लाजा पर लगे कैमरों व ई-चालान के डाटा का मिलान किया जाए, तो अवैध खनन से जुड़े कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं। अवैध परिवहन के मामले को हरिहरगंज थाना में दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# विश्वस्तरीय बनेगा धनबाद रेलवे स्टेशन

## दो चरणों में होगा काम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** विश्वस्तरीय बनने वाले धनबाद रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास दो चरणों में होगा। पहले चरण में दक्षिणी छोर को विकसित किया जाएगा।

दूसरे चरण में मौजूदा स्टेशन के सामने की सूरत बदलेगी। स्टेशन रोड का विलय धनबाद स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया में होगा। वैकल्पिक 60 मीटर चौड़ी फोरलेन सड़क रेलवे क्लब के ठीक सामने से बनकर तैयार होगी।

इसके लिए रांगाटांड़ कॉलोनी के सभी आवास भी तोड़े जाएंगे। पुराने आवासों के बदले नए बहुमंजिला आवासीय परिसर का निर्माण होगा। स्टेशन रोड के दोनों किनारे की दुकानें, होटल और रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग के कई दफ्तर टूटेंगे।

मल्टी ट्रैकिंग के तहत धनबाद स्टेशन के मौजूदा भवन को तोड़ कर उस स्थान पर दो नई रेल लाइनें बिछाई जाएंगी। दोनों लाइन फ्रेट कॉरिडोर के तौर पर उपयोग में लाई जाएंगी, जिनसे मालगाड़ियों का परिचालन होगा। प्लेटफार्म ए-वन के पास नए प्लेटफार्म का निर्माण होगा। यात्रियों की आवाजाही के लिए दो नए 12 मीटर चौड़े फुट ओवरब्रिज बनेंगे।

मौजूदा स्टेशन को तोड़ कर बनने वला नया भवन ग्राउंड फ्लोर के साथ सात मंजिला होगा। इसमें आरक्षण केंद्र, पार्सल के साथ अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

हर फ्लोर के लिए लिफ्ट व स्वचालित सीढ़ी होगी। रिटायरिंग रूम व अन्य सुविधाएं रहेंगी। इस छोर पर भी पार्किंग के साथ बस पड़ाव होगा। स्टेशन पर आनेवाले यात्री ट्रेन व बस का विकल्प चुन सकेंगे।

# देवघर में नये बाईपास का निर्माण कार्य जोरशोर से शुरू

## दो एनएच को जोड़ेगी बाईपास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** झारखंड का सबसे विकसित शहर बनकर उभर रहा देवघर अब और विकसित होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग की परियोजना देवघर बाईपास का काम शुरू हो गया है।

यह बाईपास 49 किमी का है, जो देवघर एयरपोर्ट के निकट कर्णकोल से शुरू होकर शहर के बाहर-बाहर गुजरकर हिंडोलावरण में मिलेगा। दो साल में पूरा होने वाले इस प्रोजेक्ट की लागत 1556 करोड़ है। यह बाईपास दो एनएच को जोड़ेगी। यह बाईपास एनएच 114 ए को एनएच 333 से जोड़ेगा। यह परियोजना 2028 के मार्च तक पूरी हो जाएगी। कंपनी के साथ हुए एग्रीमेंट में दो साल में कार्य पूरा होगा।

बता दें, कि देवघर में सड़क मार्ग का जाल बिछ रहा है। देवघर शहर को एक नहीं तीन-तीन एनएच जोड़ता है। अंतरराष्ट्रीय शहर देवघर पहले से कई गुणा अधिक वाहनों के भार से दबता जा रहा है। वाहनों की संख्या और यात्रियों की आवाजाही से जाम की स्थिति बनी रहती है।

देवघर झारखंड की सांस्कृतिक राजधानी है और भारत की आध्यात्मिक नगरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में गोड्डा संसदीय क्षेत्र का निरंतर विकास हो रहा है।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग की महत्वाकांक्षी योजना देवघर बाईपास का काम शुरू हो गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को यहां लाने की पहल सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने किया है।



सांसद के प्रयास से एक नहीं कई परियोजनाएं चल रही है। इसमें एक हंसडीहा-महगामा फोर लेन बन गया है। और दूसरा देवघर-बासुकीनाथ फोर लेन का काम चल रहा है।देवघर शहरवासी को सुकून मिलेगा जब यह बाईपास बन जाएगा। भारी वाहनों की शहर में आवाजाही से यहां के लोग परेशान हो जाते हैं। यात्री बस के शहर में प्रवेश करने से पेड़ की डाली और झूलते तार समस्या खड़ी कर देते हैं। अब वह नहीं होगा।

अभी बंगाल, बिहार के किसी भी शहर से आने वाले वाहन जिनको आगे का सफर करना है, उनको शहर में प्रवेश करना पड़ता है। मानलीजिए भागलपुर से चलकर रांची जाने के लिए वाया देवघर रास्ता चुनने पर शहर से गुजरना होता है।

# हथियारबंद अपराधियों ने व्यवसायी को लूटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर शहर में दिनदहाड़े जर्दा व्यवसायी से बड़ी लूट की घटना सामने आई है। नगर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर मोहल्ले में नकाबपोश और हथियारबंद अपराधियों ने एक एजेंसी में घुसकर करीब साढ़े चार लाख रुपये लूट लिए। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए।

जानकारी के अनुसार, यह घटना राहुल इंटरप्राइजेज एजेंसी में हुई। एजेंसी के मालिक राहुल ने बताया कि तीन की संख्या में नकाबपोश और हथियारबंद अपराधी अचानक उनकी एजेंसी में घुस आए। उस समय एजेंसी के अंदर 12 से अधिक कारोबारी मौजूद थे। अपराधियों ने हथियार के बल पर काउंटर और गल्ले में रखे करीब साढ़े चार लाख रुपये लूट लिए और मौके से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए शहर में नाकेबंदी कर छापेमारी की जा रही है। घटना को लेकर समस्तीपुर के पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने थाना अध्यक्ष से बात कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं।

# घरेलू गैस की किल्लत से जूझ रहे शहरवासी

## 25 दिनों बाद लोगों को मिल रहा दूसरा सिलेंडर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** शहर में घरेलू और कामर्शियल गैस सिलेंडर की कमी से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार से गैस सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी के बाद स्थिति और गंभीर हो गई है। रविवार को शहर के कई इलाकों में गैस सिलेंडर लेने के लिए लोगों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। लोग खाली सिलेंडर लेकर घंटों लाइन में खड़े रहे, तब जाकर उन्हें गैस मिल सकी। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि सिलेंडर लेने के लिए दो घंटे से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ रहा है।

कुछ जगहों पर तो गैस खत्म होने के कारण कई लोग बिना सिलेंडर लिए ही लौट गए। वहीं कई लोग मोटरसाइकिल पर सिलेंडर लेकर अलग-अलग जगहों



पर गैस की तलाश करते भी दिखे।

कामर्शियल गैस सिलेंडर की कमी का असर होटल, ढाबा, माल और कैंटीन संचालकों पर भी पड़ रहा है। कई व्यवसायियों का कहना है कि उन्हें समय पर गैस नहीं मिल पा रही है, जिससे कामकाज प्रभावित हो रहा है। यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले दिनों में छोटे होटल और खाने-पीने के कारोबार पर इसका बड़ा असर पड़ सकता है।

कई उपभोक्ताओं ने शिकायत की है कि उन्हें एजेंसी के गोदाम से खुद गैस सिलेंडर लेना पड़ रहा है। इसके बावजूद उनसे डिलीवरी चार्ज वसूला जा रहा है, जो गलत है। लोगों ने प्रशासन से इस मामले में जांच कराने और उचित कार्रवाई की मांग की है।

गैस सिलेंडर लेने के लिए सबसे अधिक भीड़ कृष्णापुरी के अमरावती कालोनी में देखने को मिली। यहां बड़ी संख्या में लोग खाली सिलेंडर लेकर कतार में खड़े नजर आए।

लोग बढ़ी हुई गैस कीमत और सिलेंडर की कमी को लेकर आपस में चर्चा करते रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक तरफ गैस की कीमत बढ़ गई है, वहीं दूसरी ओर पर्याप्त मात्रा में गैस भी नहीं मिल रही है।

उपभोक्ताओं ने बताया कि नया नियम लागू होने के बाद एक सिलेंडर लेने के बाद दूसरा सिलेंडर करीब 25 दिनों के बाद ही मिल पा रहा है। इतने लंबे अंतराल के कारण कई परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि जिन घरों में संयुक्त परिवार रहता है, वहां गैस जल्दी खत्म हो जाती है। ऐसे में उन्हें मजबूरी में ब्लैक में सिलेंडर खरीदने की नौबत आ सकती है।

गैस की कमी के कारण कई इलाकों में एजेंसियों द्वारा होम डिलीवरी भी बंद कर दी गई है। जब उपभोक्ता एजेंसी के नंबर पर फोन कर जानकारी लेते हैं तो उन्हें चिन्हित स्थानों से गैस सिलेंडर लेने की सलाह दी जाती है।

कुछ उपभोक्ताओं का यह भी कहना है कि कई बार समय बीत जाने के बाद ही घरों तक गैस की डिलीवरी हो रही है। इससे लोगों में एजेंसी के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. डीसीई-कॉन-बीकेएससी-01-2026, दिनांक 06.03.2026;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य अभियंता (निर्माण)/I, गार्डनरीच-700043, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। नीचे उल्लिखित निविदाएं वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दी गई है। निविदा नियत तारीख को दोपहर 12.00 बजे बंद कर दी जाएगी। **कार्य का संक्षिप्त विवरणः** दक्षिण पूर्व रेलवे के उप मुख्य अभियंता/निर्माण/बोकारो स्टील सिटी के अधीन आद्रा मंडल के भोजूडीह यार्ड में किमी. 313/27-28 के बीच वर्तमान ओवरहेड जल आपूर्ति पाइप लाइन क्रॉसिंग के स्थान पर भोजूडीह यार्ड में ढांचे के साथ वर्तमान ओवरहेड पाइप लाइन की डी-लॉंचिंग कार्य के साथ होराइजोंटल ड्रिलिंग पद्धति द्वारा चालू रेलवे ट्रैक के नीचे न्यूनतम 3.0 मीटर गहराई में 600 मिमी व्यास के एमएस कैरियर पाइप लाइन को व्यवस्थित करने हेतु 900 मिमी व्यास की एमएस केसिंग पाइप का प्रावधान एवं बिछाना। **अनुमानित लागतः** रु. 4.60 करोड़; **बोली सुरक्षाः** रु. 3,80,100; **समापन अवधिः** 04 महीने। **बंद होने की तारीखः** 01.04.2026; निविदाओं के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए इच्छुक निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इन मदों के लिए कोई भी मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्रः** प्रत्याशित बोलीदातागण अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने हेतु नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। (PR-1277)

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/746, दिनांक 06.03.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित विद्युतीय कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3594; कार्य का नामः** एईएन/एनडीईए के अधीन रेलवे के रिलिविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट सं. 7/5 के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3592; कार्य का नामः** एईएन/एजेड के अधीन रेलवे के रिलिविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट सं. 24ए(टी) के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **क्रमांक 3, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3535-आर; कार्य का नामः** हावड़ा स्टेशन में 9 स्थानों पर (यूटीएस एवं पीआरएस काउंटर, नकदी कार्यालय एवं बीएस (जी) कार्यालय) में सीसीटीवी निगरानी कैमरा के साथ 3 अदद निगरानी यंत्र (पीसी) की स्थापना के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **क्रमांक 4, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3538; कार्य का नामः** एईएन/एनडीईए के अधीन रेलवे के रिलिविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट सं. 17/ए/6 के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **क्रमांक 5, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3580; कार्य का नामः** एईएन/केडब्ल्यूई के अधीन रेलवे के रिलिविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट सं. 21/1/सी/ई (एमएल) के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **क्रमांक 6, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3536-आर; कार्य का नामः** एईएन/1/एलएलएच के अधीन बीईक्यू, आरआईएस, सीएनएस एवं एसआईयू में 350 x 200 मिमी गहरे नलकूप गाढ़ने, पम्प हाउस, पाइप लाइन के प्रावधान के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **क्रमांक 7, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3577; कार्य का नामः** एईएन/एनडीईए के अधीन रेलवे के रिलिविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट सं. 5/2 के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **क्रमांक 8, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3512-आर; कार्य का नामः** हावड़ा मंडल के संवेदनशील एलसी गेट पर सीसीटीवी की स्थापना के प्रस्ताव के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **क्रमांक 9, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3598; कार्य का नामः** पूर्व रेलवे के तहत 24 स्थानों पर पैनल रूमों एसी का प्रावधान। **क्रमांक 10, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3561; कार्य का नामः** सीनि. डीईएन/एचक्यू/एचडब्ल्यूएच सेक्शन के अधीन सभी महिला कर्मियों की सुविधा के लिए संलग्न शौचालय के साथ महिला वस्त्र परिवर्तन कक्ष के निर्माण के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 9,25,614/- (क्रमांक 1, 2, 4, 5 एवं 7 के लिए), रु. 6,16,388/- (क्रमांक 3 के लिए), रु. 7,41,408/- (क्रमांक 6 के लिए), रु. 4,87,076/- (क्रमांक 8 के लिए, रु. 13,26,102/- (क्रमांक 9 के लिए) एवं रु. 4,07,235/- (क्रमांक 10 के लिए); **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 18,500/- (क्रमांक 1, 2, 4, 5 एवं 7 के लिए), रु. 12,300/- (क्रमांक 3 के लिए), रु. 14,800/- (क्रमांक 6 के लिए), रु. 9,800/- (क्रमांक 8 के लिए, रु. 26,500/- (क्रमांक 9 के लिए) एवं रु. 8,200/- (क्रमांक 10 के लिए); **समापन अवधिः** प्रत्येक के लिए 180 दिन। **बंद होने की तारीख एवं समयः** 25.03.2026 को अपराह्न 03.00 बजे (क्रमांक 3 एवं 4 के लिए), 27.03.2026 को अपराह्न 03.00 बजे (क्रमांक 1,2, 5, 6, 7 एवं 8 के लिए), 30.03.2026 को अपराह्न 03.00 बजे (क्रमांक 9 के लिए) एवं 31.03.2026 को अपराह्न 03.00 बजे (क्रमांक 10 के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत किसी भी सुविधाजनक दिवस को ऑनलाइन निविदाएं खोली जाएंगी। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है।

(HWH-680/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# प्रॉपर्टी डीलर को गोलियों से भूना

## मौके पर ही मौत, सनसनी और तनाव का माहौल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय में दिनदहाड़े बदमाशों ने एक प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना सिंघौल थाना क्षेत्र के नागदाह इलाके की है, जहां बाइक सवार अपराधियों ने प्रॉपर्टी डीलर पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। बदमाशों ने उन्हें सात गोलियां मारीं, जिससे उनकी मौके पर ही हालत गंभीर हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी और तनाव का माहौल बन गया।
मृतक की पहचान मेहा गांव निवासी गिरजानंद चौधरी के पुत्र वरुण सिंह (52) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वरुण सिंह नागदाह मोहल्ले में अपना घर बनाकर रहते थे और शहर के साथ-साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जमीन के कारोबार से जुड़े हुए थे।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वरुण सिंह रोज की तरह अपने कुछ साथियों के साथ किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बाइक सवार बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। कई गोलियां लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गोलीबारी के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।
घटना की सूचना मिलते ही बेगूसराय के पुलिस अधीक्षक मनीष स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे और मामले का मुआयना किया। वहीं सदर डीएसपी आनंद कुमार पांडे सहित कई थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी गई।
पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके।
फिलहाल बेगूसराय पुलिस एसपी मनीष के नेतृत्व में पूरे मामले की गहन जांच में जुटी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही हत्या के कारणों का खुलासा कर दिया जाएगा और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि अपराधियों ने किस वजह से वरुण सिंह की हत्या की। वहीं सूत्रों के अनुसार जमीन से जुड़े कारोबार को भी इस वारदात की संभावित वजह माना जा रहा है।

### दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** दो बाइक की टक्कर में युवक की हुई मौत शब गांव पहुंचते ही स्वजनों एवं ग्रामीणों में मचा कोहराम। मृतक युवक की पहचान शिवाजीनगर थाना के दसौत पंचायत के दसौत गांव के वार्ड संख्या 8 निवासी घनश्याम राय के पुत्र कृष्ण मोहन राय के रूप में किया गया। बताया जा रहा है कि युवक अपनी छोटी बहन की दुरागमन को लेकर अपनी बड़ी बहन की पुत्री और अपनी दो भगिनी को लाने के लिए बाइक से सिमरिया गया था। और अपने दोनों भगिनी को अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर दसौत गांव लौट रहा था। इसी दौरान बेगूसराय और बरौनी मुख्य सड़क पर तेज गति से आ रही एक और बाइक से आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें दसौत गांव निवासी कृष्ण मोहन राय और उसकी दोनो भगिनी बुरी तरह जख्मी हो गयी। स्थानीय लोगों ने तत्क्षण बुरी तरह घायल 3 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान ही कृष्ण मोहन राय को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# आज भी बच्चे खुले में शौच जाने को मजबूर

## विद्यालय परिसर की चारदीवारी नहीं, ना ही शौचालय

### बच्चों के भविष्य से खिलवाड़




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** बीते 2 अक्टूबर 2019 को मोदी सरकार ने देश सहित बिहार को बड़े ही धूमधाम के साथ खुले में शौच से मुक्त घोषित कर दिया। लेकिन,बिहार राज्य के गयाजी जिला अंतर्गत बेलागंज प्रखंड की बाजीतपुर पंचायत के बाजीतपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बच्चे आज भी खुले में ही शौच करने को मजबूर हैं।
आखिर इसकी वजह कौन हो सकते हैं जिला में कार्यरत जिला शिक्षा पदाधिकारी या प्रखंड में कार्यरत प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी या फिर उसी विद्यालय का प्रधानाध्यापक जिन्हें विद्यालय का कार्यभार सौंपा गया हैं।
गौरतलब यह हैं कि विद्यालय में शौचालय हैं लेकिन वो गंदगी इकट्ठा करने के लिए शौचालय में इतनी गंदगी हैं कि विद्यालय परिसर के आस पास रहने वाले लोगों को भी बीमारियां जकड़ ले इसी कारण स्कूली बच्चों को खुले में शौच जाना पड़ता है। खासकर लड़कियों को मजबूरन शौच के लिए या तो घर जाना पड़ता है या खुले में जाने पर उसकी मजबूरी बन जाती है। अब सवाल शिक्षा विभाग से यह हैं कि क्या बच्चों को विद्यालय में यही सिखाया जाता हैं। कि आप खुले में शौच करें...और गंदगी फैलाए अब यह जांच का विषय बन गया हैं कि आखिर बाजीतपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय की इस जर्जर शौचालय का और बच्चों के भविष्य का जिम्मेदार कौन हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना हैं कि इसी कारण से हमलोग बच्चों को सरकारी विद्यालय भेजने से कतराते हैं क्योंकि जब हमारे बच्चों को बिहार सरकार की कोई परवाह ही नहीं हैं तो हम अपने बच्चों को इस विद्यालय में शर्मिंदगी होने के लिए क्यों भेजे ग्रामीणों का कहना हैं बच्चे आखिर विद्यालय के बाहर खुले में शौच के लिए क्यों जा रहे हैं इसपर ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जांच करने की मांग की हैं।
साफ देखा जा सकता हैं किस प्रकार एक सरकारी विद्यालय बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। नहीं तो विद्यालय के चारों ओर चारदीवारी हैं जिसके कारण बच्चों को विद्यालय से निकलते समय एक्सीडेंट के सामना करना पड़ सकता हम दूसरी ओर विद्यालय के सामने ही मवेशियों को बांधा गया हैं जिसके कारण विद्यालय के आस पास मल मूत्र जमा हो चुके हैं। इन सभी बिंदुओं पर जिल शिक्षा विभाग संज्ञान ले और इसपर कड़ी कार्रवाई करे।

# वसंतीय नवरात्र में मां तारा देवी महोत्सव के आयोजन की मांग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** गया जी जिले के टिकारी प्रखंड के केसपा गांव स्थित प्राचीन मां तारा देवी मंदिर में आयोजित होने वाले माँ तारा देवी महोत्सव को पूर्व की भांति वसंतीय नवरात्र में ही कराने की मांग तेज हो गई है। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने बिहार के मुख्यमंत्री , पर्यटन सचिव एवं जिला पदाधिकारी को आवेदन भेजकर जनभावनाओं से अवगत कराया है।
उन्होंने कहा है कि केसपा स्थित माँ तारा देवी मंदिर क्षेत्र का प्रमुख आस्था केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। वसंतीय नवरात्र के दौरान यहां श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ उमड़ती है। पिछले वर्ष ग्रामीणों की मांग को देखते हुए बिहार सरकार द्वारा वसंतीय नवरात्र के अवसर पर माँ तारा देवी महोत्सव की शुरूआत की गई थी, जिससे क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को नई पहचान मिली।
बताया गया कि इस वर्ष पर्यटन विभाग द्वारा पूर्व विधायक डॉ अनिल कुमार के अनुरोध पर महोत्सव को शारदीय नवरात्र में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, जिससे स्थानीय लोगों में असंतोष है। ग्रामीणों का कहना है कि वसंतीय नवरात्र के समय मंदिर के आसपास की कृषि भूमि परती रहती है, जिससे आयोजन के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो जाता है, जबकि शारदीय नवरात्र में खेतों में फसल रहने के कारण आयोजन में कठिनाई हो सकती है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए माँ तारा देवी महोत्सव को पूर्ववत वसंतीय नवरात्र में ही आयोजित कराने की मांग की है।

# डिवीजनल जोन बनाने की मांग को ले महाधरना 14 को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, दामोदर गोस्वामी, विपिन बिहारी सिन्हा, विशाल कुमार, टिंकू गिरी, शिव कुमार चौरसिया, आदि ने केंद्रीय रेल मंत्री से अति प्राचीन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त, विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपना स्थान रखने वाला पूर्व- मध्य रेल्वे के वृहद एवं महत्त्वपूर्ण वर्ल्ड क्लास निर्माणाधीन गयाजी जंक्शन को रेल्वे डिविजन बनाने तथा डीआरएम कार्यालय खोलने, गयाजी से मुंबई, बंगलुरु, अहमदाबाद, हैदराबाद की सीधी ट्रेनें खोलने, गयाजी के 15 किलोमीटर के अंदर स्थित चाकन्द, काष्ठा, मानपूर, ईश्वर चौधरी हाल्ट, बंधुआ रेलवे स्टेशन का चहुंमुखी विकास करने, रेल यात्री निवास बनाने, कटारी, बंधुआ, रसलपूर क्रॉसिंग पर रेल्वे ओवर ब्रिज का निर्माण, गया जंक्शन से आईआईएम, दक्षिण बिहार केंद्रीय विवि, गया इंजीनियरिंग कॉलेज, कईया मानपूर, चाकन्द तक रिंग बस चलाने, रेलवे जंक्शन का गयाजी शहर के प्रमुख सड़कों पर अवस्थित खाली जमीन पर मार्केट बनाने, रेलवे सिनेमा के जमीन पर मॉल का निर्माण कराने आदि मांगों को लेकर 14 मार्च को शांति पूर्ण धरना देकर ज्ञापन देने का काम करेंगे। नेताओं ने गयाजी जिला के सभी प्रतिनिधियों एवं लोगों से शामिल होने का आग्रह किया।

### जीत पर दिया बधाई

**नगरनौसा (नालंदा)।** प्रखंड स्थित दाहा बिगहा के श्री स्टार युवा क्लब के खेल संचालक स्टेट खिलाड़ी चंदन भारती और बबलू कुमार ने भारतीय टीम के टी20 वर्ल्ड कप जीत बधाई दिया और भविष्य में ओलंपिक गोल्ड जितने की कामना किया।बधाई देने वाले में स्टेट खिलाड़ी संतोष कुमार, टुनटुन यादव,नीरज कुमार, मुन्ना कुमार, लक्ष्मी भारती, शिक्षक गुंजन कुमार, राकेश भारती, सूरज आर्या, डॉक्टर दीपक,डॉक्टर विशाल कमता पंचायत के मिखिया पप्पु कुमार आदि शामिल हैं।

### मारपीट मामले में तीन गिरफ्तार

**नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा थाना क्षेत्र के सैदपुरा गांव में फसल काटने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।इस मामले में पीड़िता गिरजा देवी ने कहा कि मेरे घर के पीछे मेरे खेत मे लगा सरसो व मसूर को गांव के महेंद्र प्रसाद, अरविंद कुमार, सुमन कुमार, पूर्व मुखिया अनिल कुमार, रितेश कुमार, रौशन कुमार,पवन कुमार, रितेश कुमार, कुंदन यादव, सत्येंद्र यादव सहित कुछ अज्ञात व्यक्ति द्वारा फसल काटा जा रहा है।जिसका मैं और मेरी गोतनी लक्ष्मिनी देवी फसल काटने का विरोध किया तो फसल काट रहे लोग अभद्र व्यवहार करते हुए लोहे के रड एवं लाठी डंडा मारपीट करने लगा।हो हल्ला सुनकर गोतनी का बड़ा बेटा संतु कुमार,श्रवण कुमार एवं सतीश कुमार भी फसल काटने का विरोध किया तो जान मारने के नियत से आरोपी लोग गोली चला दिया ।जान बचाकर हम लोग इधर उधर भागे। थानाध्यक्ष शशीरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़ित के दिए आवेदन पर मामला दर्ज करते हुए मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए महेंद्र प्रसाद, सुमन कुमार, पवन कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

# मनरेगा कर्मियों की तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल शुरू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चंदवारा (कोडरमा)।** विभिन्न मांगों को लेकर झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर आज दिन सोमवार को चंदवारा प्रखंड मुख्यालय के समीप चंदवारा प्रखंड के सभी मनरेगा कर्मी तीन दिनी के सांकेतिक हड़ताल पर चले गये हैं। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि अगर सांकेतिक हड़ताल के दरमियान सरकार से वार्ता नहीं होती है तो 12 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।
मनरेगा कर्मियों का प्रमुख मांगों में सेवा नियमितीकरण, लंबित मानदेय का भुगतान व सामाजिक सुरक्षा का लाभ आदि शामिल हैं।
धरना में मिथिलेश कुमार जिला अध्यक्ष इरफानउल हक, प्रखंड अध्यक्ष अजय उपाध्याय, सुरेंद्र चौधरी, जितेंद्र कुमार धीरेंद्र कुमार, मंजूरुल होदा अंसारी, इंद्रदेव राम समेत कई मनरेगा कर्मी उपस्थित थे। इधर हड़ताल के कारण मनरेगा योजना से संबंधित कई कार्य प्रभावित हुए।

### दिव्यांग की पीट-पीटकर हत्या

**हाजीपुर।** क्रिकेट का फाइनल मैच देखने के दौरान हुए विवाद में महनार थाना क्षेत्र के जक्कोपुर गांव में एक 18 वर्षीय मूक-बधिर युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक कुंदन कुमार नगर परिषद महनार के वार्ड नंबर 18 जक्कोपुर निवासी बृजकिशोर राय का पुत्र था। इस घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। वहीं एफएसएल की टीम ने घटनास्थल के जांच के लिए साक्ष्य जुटाए। इस घटना के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की रात जक्कोपुर गांव में कुछ युवक मोबाइल पर भारत और न्यूजीलैंड के बीच हो रहे टी-20 विश्व कप का फाइनल मैच देख रहे थे। इसी दौरान कुंदन कुमार भी पीछे से खड़ा होकर मैच देखने लगा। आरोप है कि इसी बात को लेकर मोबाइल पर मैच देख रहे एक युवक ने उसे जोर से धक्का दे दिया, जिससे वह सड़क पर गिर गया। इसके बाद उसकी जमकर पिटाई कर दी गई। मारपीट में वह बेहोश हो गया।

# महिला दिवस पर महिला सम्मेलन का आयोजन

## महिला सशक्तीकरण आज के समय की मांग : लोक समिति



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिला लोक समति के तत्वावधान में अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आरा शहर के राजेन्द्र नगर में एक दिवसीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता लोक समिति की महिला नेत्री गीता पाण्डेय तथा संचालन सौम्या श्रीवास्तव ने की। जिसमें बड़ी संख्या में बढ़-चढ़कर शहर की जागरूक महिलाओं ने हिस्सा लिया।
लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरिजा सतीश ने अपने भेंजे संदेश में कहा कि महिला सशक्तिकरण आज की समय की मांग है। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार महिलाओ को अनिवार्य रूप से निःशुल्क शिक्षा और सुरक्षा की व्यवस्था करें तभी सबल एवं शक्तिशाली होंगी। पुरूष और महिला के बीच भेद-भाव तथा गैर बराबरी नहीं करनी चाहिए। भारत के संविधान के अनुसार महिलाओ को भी बराबर का अधिकार मिला है। सतीश ने कहा कि महिलाओं को डायन बताकर उन्हें प्रताड़ित तथा उनकी हत्या कर दी जाती है।आज के विज्ञान के युग में अंधविश्वास और पाखंड छोड़ना चाहिए। इस पर कानून बनाकर रोक लगाने की आवश्यकता है। तभी हमरा समाज आगे बढ़ेगा। श्री सतीश ने कहा कि बिहार में शराब बन्दी कानून लागू है। सरकार इस कानून को सख्ती से पालन करें।जब से यह कानून लागू है तब से बिहार में घरेलू हिंसा कम हुआ है एवं महिलाएं है।श्री सतीश ने कहा कि जिस प्रकार नगर निकाय और ग्राम पंचायत के चुनाव में महिलाओं को आरक्षण मिला है, उसी प्रकार से सरकार को विधान सभा, विधान परिषद, लोक सभा और राज्य सभा में कानून बनाकर आरक्षण की प्रतिशत तय करनी चाहिए।
सम्मेलन में उपस्थित बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महासचिव श्री शिवजी सिंह ने महिलाओ के हक वो अधिकार की चर्चा करते हुए कहा कि महिलाएं खेती-बारी,घर गृहस्थी सम्भालते हुए हर क्षेत्र में अपना भरपूर योगदान दे रहीं है। श्री सिंह ने कहा कि आज का दिन महिलाओ का संघर्ष को याद करने और समान अधिकार दिलाने की प्रतिज्ञा का दिन है। श्री सिंह ने बताया कि अमेरिका में कामकाजी महिलाओ ने 8 मार्च अपने अधिकारों को लेकर आन्दोलन करते हुए मार्च निकाला था उसके बाद से सोशलिस्ट पार्टी ने उस दिन से महिला दिवस मनाने का एलान किया तथा 1975 ई. में 8 मार्च को संयुक्त राष्ट्र ने अन्तरराष्ट्रीय महिला वर्ष घोषित किया। 1977 ई. में विधिवत संयुक्त राष्ट्र द्वारा अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस की मान्यता दी गई थी।
सम्मेलन में बतौर महिला वक्ता चिन्ता देवी कृष्णा देवी ,राधिका देवी, शीतल कुमारी,वगैरह ने लैंगिक समनता,हिंसा, दुर्व्यवहार और तिलक-दहेज जैसे गम्भीर मुद्दो को उठायी। सम्मेलन के अन्त में बक्सर जिला लोक समिति के जिला संयोजक कवि हीरालाल राय ने सम्मेलन में उपस्थित सभी पुरूष एवं महिलाओ सामाजिक कार्यकताओं को धन्यवाद ज्ञापन किया।

# समाज के चलन में बराबरी के दर्जे के लिए अभी और संघर्ष करना होगा : गिरिजा सतीश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला अधिकार सम्मेलन का आयोजन बतासी , शोभ स्थित एके मैरिज हॉल में लोक समिति , मजदूर - किसान समिति और लोकतांत्रिक जेपी सेनानी संगठन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया । सम्मेलन की अध्यक्षता लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष , यमुनालाल बजाज पुरस्कार से सम्मानित गिरिजा सतीश और संचालन रामबिलास शर्मा ने किया । सम्मेलन का उद्घाटन श्री सतीश के अलावा बाराचट्टी विधायक श्री मती ज्योति मांझी , डॉ. कुमुद, लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद , आदिवासी आयोग , बिहार के पूर्व चेयरमैन ललीत भगत ने दीप प्रज्वलित कर किया । स्वागत भाषण के क्रम में लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हम अमेरिका , इजराइल - ईरान के युद्ध के माहौल में मना रहे हैं ।उन्होंने कहा कि युद्ध को रोकवाने में महिलाओं की बड़ी भूमिका हो सकती है।
उन्होंने ऐतिहासिक उदाहरण देते हुए कहा कि प्रथम विश्व युद्ध के समय रुस की महिलाओं ने शांति और रोटी की मांग के साथ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया और उसका व्यापक असर हुआ । उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी दक्षता साबित कर रही है फिर इन्हें दबाने की कोशिश होती है । उद्घाटन भाषण के दौरान विधायका श्रीमती ज्योति मांझी ने कहा कि आज महिलाएं सशक्त हो रही है । बिहार में निकाय और पंचायत चुनाव में महिलाओं को पचास प्रतिशत आरक्षण मिला हुआ है । इससे महिलाओं में आत्मविश्वास और राजनीति में रुचि बढ़ा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को केवल भोग की वस्तु समझने वाले से हमें लड़ना होगा ।
डॉ. कुमुद ने कहा कि जुल्म के खिलाफ महिलाएं लड़ती रही है ।




उन्होंने कहा कि बोधगया मठ महिलाओं पर अत्याचार करता था जिसके विरुद्ध लड़े और जीते । महिलाओं के नास जमीन का पर्चा मिला ।
उन्होंने कहा कि फिर भी महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है । उन्होंने कहा कि हमें संगठित होकर पुरुष-सत्तात्मक व्यवस्था के विरुद्ध आवाज उठानी होगी । अध्यक्षीय भाषण के क्रम में लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सतीश ने कहा कि समाज का एक धारा महिलाओं को इंसान नहीं मानकर भोग का वस्तु , कम बुद्धि , कमजोर , चुल्हा - चौखट तक सीमित रहना , बच्चा जनना , लालन- पालन करना मानता है । वहीं दूसरी धारा मानती है कि औरत भोग की वस्तु नहीं इंसान है । बिना बराबरी दर्जा के समाज के विकास में वाधा है। उन्होंने कहा कि संविधान में बराबरी का दर्जा तो दिया गया है पर समाज के चलन में महिलाओं के साथ भेदभाव विद्यमान है । उन्होंने सावित्री बाई फुले और शेख फातिमा सैल्यूट करते हुए कहा कि उन्होंने महिलाओं के बीच शिक्षा का अलख जगाई ।
श्री सतीश ने कहा कि 8 मार्च महिलाओं के संघर्ष और सफलता की गाथा है । बराबरी पर आधारित समाज बनाना का सपना देखने और प्रयास करने वाले कार्यकर्ता को प्रेरणा लेते हैं ।सम्मेलन को प्रमेश्वर यादव, उपेंद्र सिंह , मजदूर - किसान समिति के जिलाध्यक्ष बिशुनधारी यादव, पूर्व सरपंच मल्लू मांझी, राजेन्द्र मांझी , पुनम देवी, खुशबू देवी , सबिता देवी , रिंकी देवी, बाराचट्टी प्रमुख कविता देवी , रेखा देवी , मुखिया गायत्री देवी , प्रीति कुमारी , मुस्कान सिन्हा, आदि ने संबोधित किया ।सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष सम्मेलन में भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन लोकतांत्रिक जेपी सेनानी संगठन के जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह ने किया।

### लाया गया सफेद बाघ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगीर।** राजगीर जू सफारी में वन्यजीव प्रेमियों और पर्यटकों के लिए एक नया रोमांच जुड़ गया है। पटना जू से विशेष एनिमल एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत सफेद बाघ ह्यकेसरीह्ण को यहां लाया गया है। जू सफारी प्रबंधन ने इसे पर्यटकों के लिए एक खास तोहफा बताया है। अब बाघ एन्क्लोजर खोलने के बाद पर्यटक केसरी का करीब से दीदार कर सकेंगे, जिससे उनका रोमांच और भी बढ़ जाएगा। सफेद बाघ को आधिकारिक रूप से बाघ एन्क्लोजर में आम जनता के लिए छोड़ दिया गया है। पिछले कुछ दिनों से खुले वातावरण में उसे देखकर पर्यटक काफी उत्साहित हैं। उसकी सफेद चमक और दमदार दहाड़ खासकर बच्चों और परिवारों के बीच चर्चा का विषय बन गई है। पर्यटक अब उसे नजदीक से देखकर फोटो भी खिंचवा सकते हैं और इस अनोखे अनुभव को यादगार बना सकते हैं। जू सफारी के निदेशक रामसुंदर एम. ने इस मौके पर खुशी जताते हुए कहा कि सफेद बाघ ह्यकेसरीह्ण का राजगीर जू सफारी में आगमन पूरे प्रबंधन और कर्मचारियों के लिए गर्व का क्षण है।

# हत्या के प्रयास मामले में दो आरोपित गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** जिले के चाकंद थाना क्षेत्र में झूमटा दरवाजे पर पहुंचने के वक्त गाली गलौज और हत्या का प्रयास करने की बात को लेकर हुए विवाद में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 8 मार्च 2026 को फरियादी चाकंद थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गाँव में झुमटा निकलने के दौरान वादी धर्मराज पासवान के दरवाजे के पास गया तो धर्मराज पासवान अपने सहयोगियों के साथ मिलकर गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर मारपीट कर बुरी तरह तरह जख्मी कर दिया।
रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिसमें धर्मराज पासवान और आकाश कुमार दोनों विथोशरिफ खगरी टोला, थाना चाकन्द जिला गया का रहने वाले हैं।
पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विधिवत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया और अन्य इस मामले में संलिप्त अभियुक्तों की धर पकड़ जारी हैं। इस कार्रवाई में चाकंद थाने की पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कृषि यांत्रीकरण की दिशा में बड़ा कदम

## किसानों को आधुनिक यंत्रों पर मिलेगा अनुदान : रामकृपाल यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने बताया कि राज्य में कृषि को आधुनिक और लाभकारी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 12 मार्च से 15 मार्च 2026 तक गांधी मैदान, पटना में राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला सह प्रदर्शनी 'एग्रो बिहार-2026' का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह चार दिवसीय मेला किसानों के लिए आधुनिक कृषि तकनीक और यंत्रों से रूबरू होने का एक महत्वपूर्ण मंच होगा। इस मेले में देश के प्रमुख कृषि यंत्र निर्माताओं द्वारा अत्याधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन किया जाएगा। बिहार के अलावा पंजाब, हरियाणा, गुजरात, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों के कृषि यंत्र निर्माता भी इसमें भाग लेंगे। लगभग 3.25 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में आयोजित इस मेले में 100 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके साथ ही खाद्य प्रसंस्करण, पशु एवं मत्स्य संसाधन, गन्ना उद्योग, उद्योग विभाग, सहकारिता विभाग तथा कॉम्फेड द्वारा भी अपनी योजनाओं एवं गतिविधियों का प्रदर्शन किया जाएगा। मेले में आने वाले आगंतुकों के लिए बिहारी व्यंजनों से युक्त फूड कोर्ट की भी विशेष व्यवस्था की गई है। मंत्री ने बताया कि किसानों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी देने के उद्देश्य से प्रतिदिन किसान पाठशाला का आयोजन किया जाएगा जिसमें विशेषज्ञ किसानों को नई तकनीकों एवं आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग की जानकारी देंगे। साथ ही राज्य के सभी कृषि महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को भी आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी के लिए इस मेले का भ्रमण कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मेले के दौरान प्रतिदिन मुख्य मंच से कृषि आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा जिससे किसानों और आमजनों के लिए यह मेला ज्ञान के साथ-साथ मनोरंजन का भी केंद्र बनेगा। श्री यादव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि यांत्रिकरण योजना के अंतर्गत कुल 91 प्रकार के कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जा रहा है। इस वर्ष से अनुदान की राशि सीधे लाभुक किसानों के बैंक खाते में हस्तांतरित की जा रही है जिससे पारदर्शिता और सुविधा दोनों सुनिश्चित होंगी। किसान यंत्रवार अनुदान की जानकारी विभागीय वेबसाइट, बिहार कृषि मोबाइल ऐप, जिला कृषि कार्यालय, प्रखंड कृषि कार्यालय या कृषि समन्वयक से प्राप्त कर सकते हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के किसानों के लिए कृषि यंत्रों पर अधिक अनुदान का विशेष प्रावधान किया गया है। इसके अलावा 20 हजार रुपये या उससे कम अनुदान वाले कृषि यंत्रों पर निबंधित गैर-रैयत कृषक (वास्तविक खेतिहर किसान) भी इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। किसानों को यंत्र के मेक, मॉडल तथा आपूर्तिकर्ता प्रतिष्ठान का चयन स्वयं करने की स्वतंत्रता दी गई है। किसान अपनी पसंद के अनुसार कृषि विभाग द्वारा सूचीबद्ध मेक-मॉडल के यंत्र खरीद सकते हैं जिन पर निर्धारित अनुदान प्रदान किया जाएगा। मंत्री ने राज्य के अधिक से अधिक किसानों से अपील की है कि वे 'एग्रो बिहार-2026' मेले में भाग लेकर आधुनिक कृषि यंत्रों और तकनीकों की जानकारी प्राप्त करें तथा अनुदानित दर पर यंत्र खरीदकर अपनी खेती को अधिक लाभकारी बनाएं।

## नगालैंड का राज्यपाल बनाए जाने पर प्रदेश भाजपा नेता सनोज यादव ने दी बधाई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रदेश भाजपा नेता सनोज यादव सोमवार को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नन्द किशोर यादव से उनके पटना स्थित निजी आवास पर मिले। उन्होंने उन्हें नगालैंड का राज्यपाल बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## भारतीय क्रिकेट टीम ने विश्व कप जीत कर देश का मान बढ़ाया : डॉ. प्रेम कुमार

### टीम इंडिया समेत पूरे देशवासियों को दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अंतरराष्ट्रीय टी-20 विश्वकप के फाइनल में भारत के विजेता बनने पर टीम इंडिया समेत पूरे देशवासियों को बधाई दी है। हर्ष जताते हुए कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन, टीम भावना और दृढ़ संकल्प के बल पर विश्व मंच पर भारत का गौरव बढ़ाया है। खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में जिस प्रकार का खेल कौशल दिखाया, वह देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारत की यह ऐतिहासिक जीत देश के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने टीम के सभी खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और भारतीय क्रिकेट बोर्ड को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## केवाइपी केंद्रों का भुगतान चार माह से लंबित, संचालकों में भारी आक्रोश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कुशल युवा कार्यक्रम (केवाइपी) के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण केंद्रों का पिछले चार माह से भुगतान लंबित रहने के कारण केंद्र संचालकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। संचालकों का आरोप है कि लगातार भुगतान के बारे में पूछे जाने पर विभागीय अधिकारियों द्वारा केवल टालमटोल किया जाता है और कई बार केंद्र बंद करा देने की धमकी भी दी जाती है।

केवाइपी वेल्फेयर सोसाइटी, वैशाली के माध्यम से केंद्र संचालकों ने बताया कि होली जैसे बड़े पर्व के अवसर पर भी भुगतान नहीं किया गया जिससे संचालकों और कर्मचारियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा जबकि युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार सरकार के सचिव कौशल किशोर के हस्ताक्षर से जारी पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख था कि सभी लंबित भुगतान और समस्याओं का समाधान 28 फरवरी 2026 तक कर दिया जाएगा, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। सोसाइटी ने यह भी बताया कि 23 फरवरी 2026 को केवाइपी वेल्फेयर सोसाइटी के माध्यम से डॉ. आनंद रंजन झा के साथ कई केंद्र संचालकों ने 20 सूत्री मांग पत्र पर हस्ताक्षर कर इसे सामूहिक समस्या बताते हुए विभाग के सचिव को ज्ञापन सौंपा था, लेकिन इतने महत्वपूर्ण मुद्दे पर अब तक कोई समाधान नहीं होना अत्यंत निंदनीय है। केंद्र संचालकों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों को फोन करने पर अधिकतर कॉल नहीं उठाए जाते और यदि कोई फोन उठा भी लेता है तो स्पष्ट जवाब देने के बजाय बातों को टाल दिया जाता है। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि इतनी महत्वाकांक्षी योजना आज अव्यवस्था और लापरवाही के कारण प्रभावित हो रही है जिसका सीधा असर राज्य के युवाओं के भविष्य पर पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि चार माह से लंबित सभी भुगतान अविलंब जारी किए जाएं अन्यथा सम्पूर्ण बिहार के केवाइपी केंद्र संचालक आंदोलन और कानूनी कार्रवाई के लिए बाध्य होंगे।

## विधान सभा अध्यक्ष ने कुशेश्वरस्थान में किया महादेव का रुद्राभिषेक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना ।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने परिवार सहित दरभंगा जिले के कुशेश्वरस्थान स्थित महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक व पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि हमारी कामना है विकसित बिहार का सपना पूरा हो और देश की तरक्की में बिहार का योगदान बढ़े। क्योंकिबिहार के बगैर भारत विकसित देश नहीं बन सकता। कहा कि केंद्र में लगातार 11 वर्षों से कर्मयोगी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार विकास के कार्य कर और जनकल्याणकारी योजनाएं चलाकर जनता का भला कर रही है। साथ ही विकास पुरुष नीतीश कुमार के नेतृत्व में लगातार 20 वर्षों से बिहार हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वाणिज्य विभाग की 26 महिला रेलकर्मियों को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च 2026 को पटना जंक्शन पर रेलवे की कमान महिला रेल कर्मियों को सौंपी गई थी तथा पटना इसलामपुर मेमू ट्रेन का परिचालन भी पूरी तरह से महिला रेल कर्मियों के जिम्मे था जिसका निर्वहन उन्होंने बखूबी किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के ठीक दूसरे दिन महिला रेल कर्मियों को सम्मानित करने के लिए दानापुर मंडल के वाणिज्य विभाग की 26 महिला रेल कर्मियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। ये महिला रेलकर्मी रेलवे के वाणिज्य विभाग के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए अपना योगदान दे रही हैं तथा पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हुए रेलवे को आगे बढ़ाने में अपना सहयोग कर रही हैं। आज सम्मानित होने वाली सभी रेलकर्मी दानापुर मंडल में वाणिज्य पर्यवेक्षक(बुकिंग), मुख्य वाणिज्य लिपिक, टिकट परीक्षक, वरीय बुकिंग क्लर्क, आरक्षण पर्यवेक्षक, जूनियर क्लर्क, सामान्य सहायक, वरीय वाणिज्य लिपिक/मुख्यालय/रिटर्न के महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं। देश दुनिया की तरह आज हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों से कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं और रेलवे भी इसमें पीछे नहीं है।

विश्व पटल पर महिलाओं के नेतृत्व की सराहना सर्वत्र हो रही है। भारतीय रेल में भी लगभग एक लाख महिलाएं भारतीय रेल को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने में अपना योगदान दे रहीं हैं। महिला रेलकर्मियों का आत्मविश्वास, कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पित सेवा की भावना भारतीय रेल की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है तथा समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

## बिहार में बेमेल गठबंधन की सरकार : राजेश राम

### नीतीश के बाद अब चंद्रबाबू नायडू की बारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के साथ हाल के घटनाक्रम से कांग्रेस को कोई आश्चर्य नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि यह घटना होना ही था, क्योंकि मौजूदा सरकार वोट चोरी की बदौलत बनी थी और भारतीय जनता पार्टी लगातार पर्दे के पीछे से नीतीश कुमार को हटाने की साजिश रच रही थी। राजेश राम ने कहा कि भाजपा ने अब नीतीश कुमार को 'डिजिटल अरेस्ट' कर लिया है जो नीतीश कुमार हमेशा समाजवादी विचारधारा की लड़ाई लड़ते रहे, आज वही उस लड़ाई को भाजपा के हवाले कर चुके हैं और आरएसएस के एजेंडे पर समझौता कर लिया है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर ऐसी क्या मजबूरी है कि नीतीश कुमार अपने ही कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के आंसुओं से भी नहीं पिघल रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा की राजनीति सहयोगी दलों को कमजोर करने और खत्म करने की रही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह भाजपा ने शिवसेना के नेता एकनाथ शिंदे को साथ रखकर बाद में मूल शिवसेना को कमजोर किया, उसी तरह अकाली दल को भी कमजोर किया गया।

## केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने किया फ्रंटलाइन कार्यबल को सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीइए) द्वारा टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के सहयोग से नई दिल्ली में लाइनमैन दिवस का छठा संस्करण मनाया गया। लाइनमैन दिवस मनाने का उद्देश्य लाइनमैन और ग्राउंड मेंटेनेंस स्टाफ के अथक समर्पण और अमूल्य सेवाओं को मान्यता देना है जिनका योगदान देश भर में बिजली सेवाओं की विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम में भारत के विद्युत तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने शिरकत की। विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल ने मुख्य भाषण दिया और सीईए के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद और सीईए के सदस्यों के साथ बिजली क्षेत्र के वरिष्ठ नेता और गणमान्य हितधारक भी उपस्थित रहे। पूरे भारत की 66 से अधिक सरकारी और निजी बिजली वितरण एवं उत्पादन कंपनियों के साथ-साथ ट्रांसमिशन लाइसेंसधारियों के लगभग 250 लाइनमैन और पर्यवेक्षकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस सभा ने प्रतिभागियों के बीच सामूहिक सीखने को बढ़ावा देने के साथ-साथ अनुभव साझा करने, निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने में परिचालन चुनौतियों पर चर्चा करने और सुरक्षा प्रथाओं पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए एक मंच प्रदान किया।

## माउंट लिटेरा जी स्कूल पटना साउथ का चिपुरा मोड़, पटना में नई शाखा का उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत के सबसे तेजी से विकसित हो रहे के-12 स्कूल नेटवर्कों में से एक माउंट लिटेरा जी स्कूल ने पटना के चिपुरा मोड़ पर अपने नए शाखा का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व मंत्री वृषिण पटेल सहित कई विशिष्ट अतिथियों, शिक्षा जगत के लीडर्स तथा माउंट लिटेरा जी स्कूल पटना साउथ समूह के सदस्यों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। माउंट लिटेरा जी स्कूल पटना साउथ के चेयरमैन अमित कुमार, डॉ. मधुमिता, डॉ. एल बी सिन्हा, मीना सिन्हा और आरव कुमार की दृष्टि तथा प्रधानाचार्या सीमा जोसेफ के मार्गदर्शन में, माही सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट के तत्वावधान में संचालित माउंट लिटेरा जी स्कूल पटना साउथ की टीम विद्यालय की विशिष्ट लिटेरा नोवा शिक्षण पद्धति के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा, कौशल और मूल्यों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## इनरह्वील क्लब ऑफ पाटलिपुत्रा की पहल से संस्कृति एकेडमी स्कूल बना 'हैप्पी स्कूल'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** इनरह्वील क्लब ऑफ पाटलिपुत्रा द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत संस्कृति एकेडमी स्कूल को 'हैप्पी स्कूल' के रूप में विकसित करने की सराहनीय पहल की गई। इस परियोजना के अंतर्गत विद्यालय परिसर को बच्चों के लिए अधिक आकर्षक, स्वच्छ और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए। परियोजना के तहत विद्यालय की दीवारों को आकर्षक रंगों से सजाया गया तथा उन पर प्रेरणादायक स्लोगन लिखे गए जिससे बच्चों में सकारात्मकता और उत्साह का संचार हो सके। स्वच्छता और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्कूल में हैंडवॉश स्टेशन को व्यवस्थित किया गया तथा लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। किशोरी बालिकाओं में मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विद्यालय में पैड बैंक तथा इन्सिनरेटर भी उपलब्ध कराया गया। वहीं छोटे बच्चों के लिए आनंददायक वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से स्कूल परिसर में प्ले जोन की शुरुआत की गई और इनडोर गेम्स की व्यवस्था भी की गई, ताकि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और मनोरंजन का भी अवसर मिल सके। कार्यक्रम का उद्घाटन डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन रश्मि गुप्ता ने किया। इस अवसर पर क्लब की प्रेसिडेंट शीतू गांधी की इस पहल की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह कदम बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और उनके समग्र विकास के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। एम पी जैन ने बताया कि मौके पर पीडीसी श्वेता सिन्हा, सचिव नीलांजना, रति सिन्हा, स्कूल की प्रधानाचार्या नमिता शरण, एडिटर रेखा सिंह सहित क्लब की अन्य सदस्याएं भी उपस्थित रहीं और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

## अनुदीप टीम के सहयोग से करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कॉलेज परिसर में आज अनुदीप टीम के सहयोग से करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. रत्ना अमृत के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. स्वर्णा कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यार्थियों को कौशल विकास और रोजगार के नए अवसरों के प्रति जागरूक किया। अनुदीप टीम ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और करियर निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में डॉ. सीमा कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. रवि कुमार तथा डॉ. राजीव कुमार सहित अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

## विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता विद्यार्थियों को बेहतर एवं समयबद्ध सेवाएं प्रदान करना : डा.ई. कृष्णा राव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र, पटना में आज वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. ई. कृष्णा राव ने अपना कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने क्षेत्रीय केंद्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ एक परिचयात्मक बैठक की। इस अवसर पर डॉ. ई. कृष्णा राव ने कहा कि विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता विद्यार्थियों को बेहतर एवं समयबद्ध सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे शिक्षार्थियों की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कार्य करें, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। डॉ. ई. कृष्णा राव इससे पूर्व इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र मुंबई, चेन्नई एवं विशाखापत्तनम में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं और विश्वविद्यालय के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्यों में उनका व्यापक अनुभव रहा है। इस अवसर पर क्षेत्रीय केंद्र पटना के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. आसिफ इकबाल, उपकुलसचिव जय प्रकाश ओझा तथा सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. नीलू शर्मा सहित क्षेत्रीय केंद्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## नए प्राचार्य के नेतृत्व में बीएस कॉलेज बचरी में दिख रहा बदलाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पीरो (भोजपुर)।** बीएस कॉलेज बचरी पीरों में नए प्राचार्य के पदभार ग्रहण करने के बाद शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। कॉलेज में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने और परिसर की व्यवस्था बेहतर बनाने की दिशा में कई पहल शुरू की गई हैं। प्राचार्य ने पदभार संभालने के बाद शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर कॉलेज के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने सभी से मिलकर संस्थान को आगे बढ़ाने और पढ़ाई का बेहतर माहौल बनाने की अपील की। प्राचार्य ने कहा कि कॉलेज का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि वे भविष्य में बेहतर अवसर हासिल कर सकें। कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है। साथ ही कक्षाओं का नियमित संचालन सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। विद्यार्थियों की समस्याओं को सुनने के लिए समय-समय पर संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं जिससे छात्र अपनी बात सीधे रख सकें। इसके अलावा पुस्तकालय और प्रयोगशाला की सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में भी प्रयास शुरू किए गए हैं। प्राचार्य ने कहा कि आधुनिक शिक्षा के लिए संसाधनों का विकास जरूरी है और कॉलेज में शैक्षणिक सुविधाओं को चरणबद्ध तरीके से बेहतर बनाया जाएगा।

## पुरुलिया-आनंद विहार एक्सप्रेस का शुभारम्भ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** 14021/14022 पुरुलिया-आनंद विहार-पुरुलिया एक्सप्रेस का परिचालन शुरू किया जाएगा। यह ट्रेन निम्नलिखित समय-सारणी के अनुसार चलेगी-14021/14022 पुरुलिया-आनंद विहार-पुरुलिया एक्सप्रेस, 14021 पुरुलिया-आनंद विहार एक्सप्रेस प्रत्येक शुक्रवार को 17:00 बजे पुरुलिया से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 23:10 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी दिशा में 14022 आनंद विहार-पुरुलिया एक्सप्रेस प्रत्येक गुरुवार को 5 बजे आनंद विहार से प्रस्थान करेगी ।

**NAME CHANGE**

I, Sanjay Kumar S/o Kamlesh Singh R/o Near Shiv Mandir, DL-149, Domgarh, Sindri, Dhanbad, Jharkhand-828122, have changed my name to Anil Kumar Singh.

## संपादकीय

# बढ़ती जंग, क्या शांति की आखिरी उम्मीद भी धुंधली पड़ रही है

सवाल है कि वह कौन-सी समस्या है, जिसका हल विनाश के हथियारों के जरिए निकलने की उम्मीद की जाती है। आखिर ऐसा क्यों है कि अक्सर युद्धों के लंबा खिंचने और भारी तबाही के बाद उसका समाधान संवाद की मेज पर ही निकलता देखा गया है? इसमें कोई दोराय नहीं कि ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद अब स्थिति और जटिल होती देखी जा रही है तथा दोनों पक्षों के बीच बढ़ती तल्खी के समांतर शांति की उम्मीद भी धुंधला रही है। मगर इस हालत में भी दुनिया के %यादातर देश यही चाहते हैं कि यह युद्ध रुके और विवाद का हल संवाद के सहारे ही निकाला जाए।विडंबना यह है कि ईरान में परमाणु हथियारों का सवाल अमेरिका के लिए बड़ा है, लेकिन वह इस मसले पर बातचीत के जरिए हल निकालने में कोई रुचि नहीं दिखा रहा। उल्टे इजराइल के साथ मिल कर उसने जिस स्तर का युद्ध छेड़ दिया है, वह परमाणु निरस्त्रीकरण में कैसे मददगार होगा, कहना कठिन है।खासतौर पर इस संदर्भ में ईरान ने जिस तरह की प्रतिक्रिया दी और उसने भी इजराइल तथा अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर व्यापक हमले किए हैं, उससे साफ लग रहा है कि शांति स्थापित करने को लेकर दोनों पक्षों के भीतर कोई खास रुचि नहीं है। इसी वजह से दुनिया भर में इस बात को लेकर गहरी चिंता जाहिर की जा रही है कि कहीं युद्ध का दायरा फैल न जाए !ऐसे में भारत ने जिस तरह सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव को कम करने के लिए संवाद और कूटनीति का रास्ता अपनाने का आग्रह किया है, वह वक्त का तकाजा है। हालांकि भारत पारंपरिक रूप से शांति का पक्षधर रहा है और समस्या चाहे कितनी जटिल हो, उसका समाधान संवाद और कूटनीतिक पहल के जरिए ही निकालने का हामी है।इस क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति भारत के लिए चिंता का विषय है; सैन्य टकराव किसी विवाद का समाधान नहीं है। भारत ने इस युद्ध से प्रभावित कई देशों से संपर्क कर शांति की वकालत की और अपने नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।इससे पहले संयुक्त राष्ट्र महासचिव अंतोनियो गुतारेस ने भी इस युद्ध की निंदा की और दोनों पक्षों से अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने की अपील की थी। अफसोस की बात है कि सभी तकाजों की अनदेखी कर युद्ध में शामिल देश व्यापक जनसंहार के हथियारों से हमला करते हुए इतना ध्यान रखना भी जरूरी नहीं समझते कि उन्होंने किसी स्कूल पर भी बम गिराया, जहां पढ़ने वाले कई मासूमों की जान चली गई।सवाल है कि वह कौन-सी समस्या है, जिसका हल विनाश के हथियारों के जरिए निकलने की उम्मीद की जाती है। आखिर ऐसा क्यों है कि अक्सर युद्धों के लंबा खिंचने और भारी तबाही के बाद उसका समाधान संवाद की मेज पर ही निकलता देखा गया है? %यादातर युद्धों के मामले में यही सच है। फिर उनसे सबक लेकर तमाम असहमतियों या मतभेदों के बावजूद संवाद का सहारा लेकर विवाद का हल क्यों नहीं खोजा जाता?अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आरोप रहा है कि ईरान परमाणु हथियार बना रहा है। मगर इस संबंध में जिनेवा में हुई बातचीत को आगे बढ़ाने और हल निकालने के बजाय युद्ध को ही आखिरी उपाय क्यों मान लिया गया? खासतौर पर तब, जब ईरान का रुख नरम पड़ रहा था और ऐसे संकेत भी सामने आए थे कि कोई समझौता होने की संभावना है। जाहिर है, विवाद का हल निकालने की स्थितियां संवाद के जरिए ही बन रही थी। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि खुद में एक जटिल समस्या है। इसलिए हर हाल में विवाद का हल संवाद और कूटनीति के जरिए ही तलाशने की कोशिश की जानी चाहिए।

**आंकड़े बताते हैं कि पिछले साल की जो नियमित फसल खरीद सरकारी एजंसियों ने की है, उसमें उन्होंने सबसे अधिक अनाज पंजाब से ही उठाया है। फिर भी देश का किसान और विशेष रूप से पंजाब का किसान हाड़-तोड़ मेहनत के बावजूद अभी तक आर्थिक मदद का मोहताज क्यों है? साठ के दशक में पंजाब में कृषि क्रांति हुई थी। इस दौरान चावल और गेहूं की कई किस्में पेश की गईं। जिससे पंजाब अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर बना। मगर इसके सकारात्मक प्रभाव बाद में समाप्त हो गए। दूसरी ओर, कृषि की जो मूल कठिनाइयां थीं, उन्हें हल करने का प्रयास नहीं हुआ।**

# भंडारण के संकट से जूझते किसान, कृषि नीति में स्पष्ट लक्ष्य नहीं दिखता

( सुरेश सेठ )

भारतीय किसान यथास्थिति के दुश्चक्र में फंसा है। वे परंपरागत दो फसलों के चक्र से आगे नहीं बढ़ रहे हैं। आज %यादातर किसानों की आर्थिक स्थिति कमजोर है।भारत एक कृषि प्रधान देश है। पंजाब और हरियाणा जैसे उपजाऊ रा%यों में जो फसलें पैदा की जाती हैं, वही भारत सरकार के अनाज वितरण कार्यक्रमों का आधार बनती हैं। निस्संदेह कृषि प्रधान रा%यों में पंजाब सबसे आगे है।

आंकड़े बताते हैं कि पिछले साल की जो नियमित फसल खरीद सरकारी एजंसियों ने की है, उसमें उन्होंने सबसे अधिक अनाज पंजाब से ही उठाया है। फिर भी देश का किसान और विशेष रूप से पंजाब का किसान हाड़-तोड़ मेहनत के बावजूद अभी तक आर्थिक मदद का मोहताज क्यों है?

साठ के दशक में पंजाब में कृषि क्रांति हुई थी। इस दौरान चावल और गेहूं की कई किस्में पेश की गईं। जिससे पंजाब अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर बना। मगर इसके सकारात्मक प्रभाव बाद में समाप्त हो गए।

दूसरी ओर, कृषि की जो मूल कठिनाइयां थीं, उन्हें हल करने का प्रयास नहीं हुआ। जब किसान अपनी फसलों को लेकर कृषि मंडियों में जाता है, तो उसे अपनी फसल का भंडारण करने के लिए उचित जगह नहीं मिलती। जबकि कायदे से गोदामों में फसलें तब तक रहनी चाहिए, जब तक उसकी उचित कीमत नहीं मिल जाती।

**कृषि नीति में स्पष्ट लक्ष्य नहीं दिखता:** यह निराशाजनक ही है कि कृषि नीति में स्पष्ट लक्ष्य नहीं दिखता। जिन फसलों की खरीद केंद्रीय एजंसियां करती हैं, उसमें किसानों को उचित कीमत मिले, इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। इसके लिए गोदाम चाहिए, जहां किसान अपनी फसलों को रख सकें। मगर ऐसे गोदामों की कमी है। कई गोदामों में तो खाद्य वितरण के लिए अनाज रखा होता है। इस अनाज के उपयोग की ठोस नीति आज तक नहीं बनाई जा सकी है।

पिछले सत्र की फसलों का ही उपयोग नहीं हो पाता, दूसरी ओर नए सत्र की फसल आ जाती है। गोदाम लगभग भरे होते हैं। ऐसे में किसानों की नई फसल वहां रखी नहीं जा सकती। इसलिए उसे खुले प्रांगण में रखना पड़ता है। यहां ये फसलें वायु प्रदूषण और मौसम की दोहरी मार झेलती हैं। बारिश हो जाए, तो फसल खराब होना तय है। जरूरत से अधिक धूप पड़ जाए, तब भी फसल खराब होने का डर। इसे ढकने के लिए पालिथिन भी नहीं मिलती।

सबसे बड़ी बात यह है कि इन मंडियों को नियमित मंडियां कहा जाता है। इसके बावजूद रखरखाव का उचित इंतजाम नहीं होता। कई बार तो बोरियां भी नदारद होती हैं। बोरियों की आपूर्ति करने वाले ठेकेदारों की अपनी शिकायतें हैं। ऐसे में अनाज खुले में पड़ा रहता है और खराब होता रहता है। नतीजा गरीब किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम नहीं मिल पाता।



**अभी तक फसलों में विविधता नहीं लाई जा सकी:** अब रबी फसल की खरीद आरंभ होने वाली है। यह अप्रैल 2026 से गेहूं की खरीद के साथ शुरू होगा। देश में फसल विविधीकरण के प्रचार के बावजूद आज भी किसानों के लिए फसल चक्र में दो ही फसलें हैं। एक गेहूं और दूसरी धान की।

रबी का खरीद सीजन गेहूं की खरीद से शुरू होता है। किसानों को उनके श्रम का मूल्य मिलता है। दूसरी ओर खरीफ के मौसम में धान उपजाया और बेचा जाता है। सरकार और कृषि विज्ञानियों का बहुत जोर रहा कि इस चक्र को तोड़ा जाए। विविध फसलों पर काम शुरू हो। कपास उपजाने से लेकर दलहन और तिलहन की खेती पर बहुत जोर दिया गया। मगर अभी तक फसलों में विविधता नहीं लाई जा सकी है।

**अनाज भंडारण की समस्या आज तक क्यों नहीं सुलझी?:** इसके कई कारण हैं, लेकिन सबसे बड़ा कारण यह है कि मंडियों में गेहूं और धान रखने के लिए पर्याप्त गोदाम नहीं हैं, तो ऐसे में दूसरी फसलें भी उसी तरह मंडियों में पड़ी रहेंगी और धूप तथा बारिश में खराब होंगी। उनकी गुणवत्ता कम होने पर ऐसे में किसानों के पगे क्या आएगा? यह समझ से परे है कि विकास के इतने दावे के बावजूद मंडियों में अनाज भंडारण की समस्या आज तक क्यों नहीं सुलझी है?

इस समय केवल पंजाब में ही 48.49 लाख मीट्रिक टन गेहूं और 172 लाख मीट्रिक टन धान गोदामों में रखा है। अब पंजाब के अधिकारी केंद्रीय अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। इस बात पर विचार हो रहा है कि गेहूं की फसल खरीदने का वक्त आ गया है, इसलिए बचे हुए समय में भंडारण की समस्या का क्या समाधान किया जाए?

स्थानीय प्रशासन अपने-अपने इलाकों में गोदामों से अनाज उठाने का आग्रह सरकार से बार-बार करता है। मगर इसके लिए कोई नीति नजर नहीं आती। पिछले वर्ष घोषणा की गई थी कि अनाज को संभाल कर रखने के लिए नए गोदाम बनाए जाएंगे, लेकिन अभी तक यह घोषणा केवल कागजों में ही हैं।

**खमियाजा किसानों को ही भुगतना होगा:** अब अगर समय रहते मौजूदा गोदामों से अनाज उठाने से लेकर और उससे जुड़े वित्तीय मामलों का समाधान केंद्र नहीं कर पाता, तो पिछले मौसम की तरह आगामी खरीफ के मौसम में भी वही समस्याएं सामने आएंगी। इसका खमियाजा अंततः किसानों को ही भुगतना होगा।

जब फसलों की खरीद की तैयारियां शुरू होती हैं, तभी समस्याओं पर विचार क्यों किया जाता है? जबकि मालूम है कि साल में दो बार फसलों की खरीद की जानी है। पुराने अनाज को निकालना है और नई फसलों को सहेजना है, तो ऐसे में नए गोदाम बनाने की प्रक्रिया लगातार क्यों नहीं चलनी चाहिए?

अब अगर पंजाब में ही 15 अप्रैल, 2026 तक कम से कम 30 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उठान नहीं किया जाता, तो नई फसल के लिए जगह कहां बनेगी? उधर, चावल मिल मालिकों की मांग है कि धान खरीद की प्रक्रिया में उन्हें भी शामिल होने दिया जाए। इसके लिए वे खरीद मूल्य भी कम करवाना चाहते हैं। उनकी ये मांगें मानी जाएंगी, इसकी उम्मीद नहीं है। इसलिए लगता है कि धान की खरीद के समय भी जटिलता बनी रहेगी। गोदामों में जगह की समस्या फिर सामने होगी। ऐसे में किसानों का भला कैसे हो सकेगा?

गौरतलब है कि किसानों को फसल बेचने के लिए मंडियों में उचित ग्राहक तलाशने में कुछ समय लगता है। सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य जरूर घोषित करती है। मगर स%चाई यह है कि इस मूल्य पर भी किसानों की फसल नहीं बिकती।

अगर वह गोदामों में माल उतार कर ग्राहक का इंतजार कर सके, तो उसे ठीक-ठाक दाम मिल सकता है। मगर यहां भी वही कठिनाई है कि उसकी फसल को रखने के लिए सुरक्षित जगह नहीं है। चाहे गेहूं हो या धान, जब यह मंडी में उतारा जाता है, तो पिछला अनुभव यही बताता है कि कभी न कभी, किसी न किसी वजह से मौसम बिगड़ ही जाता है। कभी गेहूं का दाना छोटा हो जाता है, तो कभी धान गीला हो जाता है।

# रात में जागना और दिन में सोना सेहत के लिए कितना खतरनाक? स्लीपिंग साइकिल बिगड़ने के नुकसान

(शाहिना नूर)

पारस हॉस्पिटल गुरुग्राम में डायरेक्टर एवं एचओडी, पल्मोनोलॉजी में डॉक्टर अरुणेश कुमार ने बताया लगातार स्लीप साइकिल का उल्टा होना ओवर ऑल हेल्थ को बिगाड़ सकता है।

शिफ्ट वाली जॉब के कारण बहुत से लोगों का स्लीपिंग साइकिल बिगड़ जाता है। कुछ लोगों का लाइफस्टाइल भी खराब होता है, वो सुबह के समय सोते हैं और रात भर जागते रहते हैं। लेकिन आप जानते हैं कि कुदरत के नियम के विरुद्ध जाकर शरीर को आराम देना आपको गंभीर बीमारियों का शिकार बना सकता है? हमारी बॉडी एक सर्केडियन रिदम पर काम करती है। अगर ये रिदम बिगड़ने लगे तो न केवल मानसिक तनाव बल्कि दिल के रोग और मेटाबॉलि%म से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

पारस हॉस्पिटल गुरुग्राम में डायरेक्टर एवं एचओडी, पल्मोनोलॉजी में डॉक्टर अरुणेश कुमार ने बताया लगातार स्लीप साइकिल का उल्टा होना ओवर ऑल हेल्थ को बिगाड़ सकता है। शरीर की सर्कैडियन रिदम दिन के उजाले के अनुसार बना होता है। लंबे समय तक स्लीपिंग पैटर्न में बदलाव आने से इम्युनिटी कमजोर हो सकती है, फेफड़ों की कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है, मेटाबॉलि%म धीमा पड़ सकता है और हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज़ व दिल के रोगों का खतरा बढ़ सकता है। आइए एक्सपर्ट से जानते हैं कि रात में जागने और दिन में सोने से सेहत पर कैसा होता है असर?

**उल्टा स्लीप साइकल शरीर पर कैसे डालता है दबाव:** डॉ. कुमार बताते हैं कि रात में जागते रहने से मेलाटोनिन और कॉर्टिसोल जैसे हार्मोन असंतुलित हो जाते हैं, जो नींद, तनाव और ऊर्जा को कंट्रोल करते हैं। जब ये हार्मोन गड़बड़ा जाते हैं तो मिजाज़ में चिड़चिड़ापन, मूड लो रहना, ध्यान केंद्रित करने में दिक्कत, लगातार थकान, यहां तक कि भूख और वजन में बदलाव जैसे लक्षण सामने आ सकते हैं। कई लोग मान लेते हैं कि शरीर धीरे-धीरे इस रूटीन का आदी हो जाएगा।

लंबे समय से नाइट शिफ्ट करने वाले लोगों में कुछ हद तक एडजस्टमेंट होता है, लेकिन ये पूरी तरह से नहीं हो पाता। बिगड़ता हुआ स्लीपिंग साइकिल शरीर आंशिक रूप से एडजस्ट कर सकता है, लेकिन पूरी तरह रिसेट नहीं होता। दिन में सोना अक्सर हल्की और कम अवधि की नींद देता है, क्योंकि रोशनी और आसपास का शोर नींद में बाधा डालते हैं। इससे शरीर लगातार हल्के लेकिन स्थायी शारीरिक तनाव में काम करता रहता है।रात में जागने से और दिन में सोने से पहले धीरे-धीरे दिखने वाले लक्षण।

पर्याप्त नींद के बावजूद थकान होना

बार-बार सर्दी-जुकाम या सांस संबंधी संक्रमण होना

सिरदर्द होना

मूड स्विंग

सांस फूलना

कैफीन पर बढ़ती निर्भरता

अगर नाइट शिफ्ट करते हैं तो क्या करें?

जिन लोगों को काम के कारण रात की में जॉब करना पड़ती है , उनके लिए कुछ कुछ आदतें अपनाना जरूरी हैं।

रोजाना एक तय समय पर सोने-जागने की कोशिश करें।

कमरे में ब्लैकआउट पर्दे लगाएं ताकि रोशनी अंदर न आए।

शोर को कम रखें।

सोने से पहले भारी भोजन न करें।

शिफ्ट के आखिरी हिस्से में कैफीन से बचें।

कम से कम 7-8 घंटे की बिना रुकावट नींद लें।

नियमित व्यायाम मेटाबॉलि%म और मूड दोनों को बेहतर बनाए रखता है। साथ ही समय-समय पर हेल्थ चेकअप कराते रहना जरूरी है, ताकि शरीर पर पड़ रहे दबाव का समय रहते पता चल सके। ये उपाय सर्कैडियन रिदम के बिगड़ने से होने वाले तनाव को पूरी तरह खत्म तो नहीं करते, लेकिन लंबे समय के जोखिम को काफी हद तक कम कर सकते हैं।

# आधुनिक शिक्षा व्यवस्था लंबे समय से संकीर्ण दृष्टिकोण से ग्रस्त

**सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां किसी भी अर्थ में शिक्षा के 'परिशिष्ट' नहीं हैं। खेल, साहित्य, कला, वाद-विवाद, विज्ञान प्रदर्शनियां, सामाजिक सेवा, छात्र संगठन, सांस्कृतिक उत्सव और विद्यार्थियों द्वारा संचालित मंच, ये सभी शिक्षा के उस व्यापक उद्देश्य की पूर्ति करते हैं, जो केवल बौद्धिक दक्षता नहीं, बल्कि व्यक्तित्व, चरित्र और नागरिक चेतना के निर्माण से जुड़ा है। औपचारिक पाठ्यक्रम जहां ज्ञान का सैद्धांतिक आधार प्रदान करता है, वहीं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां उस ज्ञान को सामाजिक, नैतिक और व्यावहारिक संदर्भ देती हैं। बाल्यावस्था में प्राप्त अनुभव व्यक्ति के आत्मविश्वास, जिज्ञासा, नेतृत्व-क्षमता और नैतिक दृष्टि की आधारशिला रखते हैं।**

(अमित कुमार)

आधुनिक शिक्षा व्यवस्था लंबे समय से एक संकीर्ण दृष्टिकोण से ग्रस्त रही है, जिसमें ज्ञान का मूल्यांकन केवल पाठ्यक्रम, परीक्षा परिणाम और अंकों की प्राप्ति तक सीमित कर दिया गया है। विद्यालयों और विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता आज भी मुख्य रूप से मेधा सूचियों, कटआफ अंकों और रैंकिंग के माध्यम से आंकी जाती है।

इस प्रवृत्ति ने शिक्षा को मानव निर्माण की प्रक्रिया के स्थान पर एक यांत्रिक उत्पादन प्रणाली में परिवर्तित कर दिया है। ऐसे परिवेश में सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की भूमिका पर गंभीर, तर्कसंगत और नीतिगत पुनर्विचार की आवश्यकता है।

सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां किसी भी अर्थ में शिक्षा के 'परिशिष्ट' नहीं हैं। खेल, साहित्य, कला, वाद-विवाद, विज्ञान प्रदर्शनियां, सामाजिक सेवा, छात्र संगठन, सांस्कृतिक उत्सव और विद्यार्थियों द्वारा संचालित मंच, ये सभी शिक्षा के उस व्यापक उद्देश्य की पूर्ति करते हैं, जो केवल बौद्धिक दक्षता नहीं, बल्कि व्यक्तित्व, चरित्र और नागरिक चेतना के निर्माण से जुड़ा है।

औपचारिक पाठ्यक्रम जहां ज्ञान का सैद्धांतिक आधार प्रदान करता है, वहीं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां उस ज्ञान को सामाजिक, नैतिक और व्यावहारिक संदर्भ देती हैं। बाल्यावस्था में प्राप्त अनुभव व्यक्ति के आत्मविश्वास, जिज्ञासा, नेतृत्व-क्षमता और नैतिक दृष्टि की आधारशिला रखते हैं। खेलकूद विद्यार्थियों में अनुशासन, सहनशीलता और सामूहिकता की भावना विकसित करते हैं। साहित्यिक गतिविधियां भाषा-बोध, आलोचनात्मक चिंतन और वैचारिक परिपक्वता को सुदृढ़ करती हैं।

सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां अत्यंत महत्त्वपूर्ण

कला और संगीत सौंदर्यबोध तक सीमित नहीं रहते, बल्कि भावनात्मक बुद्धिमत्ता के विकास में भी केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। एक ऐसा गुण, जिसकी आज के वैश्विक कार्यक्षेत्र में अत्यधिक मांग है। प्रशासनिक और संस्थागत दृष्टि से भी सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं।

छात्र परिषदें, स्कूल कैबिनेट और नेतृत्व कार्यक्रम विद्यार्थियों को शासन, प्रतिनिधित्व और उत्तरदायित्व की प्रारंभिक समझ प्रदान करते हैं। यही मंच उन्हें



नियमों के पालन के साथ-साथ निर्णय-निर्माण की जटिलताओं से भी परिचित कराते हैं। लोकतंत्र का अभ्यास अगर कक्षा में नहीं, तो कम से कम विद्यालयी जीवन में आरंभ होना चाहिए।

बढ़ती प्रतिस्पर्धा, अंकों का दबाव और अपेक्षाओं का बोझ विद्यार्थियों को तनाव, अवसाद और सामाजिक अलगाव की ओर धकेल रहे हैं। सामूहिक खेल, नाटक, संगीत और सामाजिक परियोजनाएं विद्यार्थियों को भावनात्मक अभिव्यक्ति और आत्म-स्वीकृति का अवसर देती हैं। शिक्षा यदि मानसिक संतुलन प्रदान न कर सके, तो उसकी बौद्धिक उपलब्धियां भी अर्थहीन हो जाती हैं।

पारंपरिक ढांचे में संचालित शिक्षा व्यवस्था और समाज की शिक्षा के बारे में धारणा ने ऐसी बहुत सारी प्रतिभाओं को समय पर खिलने से बाधित कर दिया, जो किसी अन्य गतिविधि में सक्रिय रह कर या हिस्सा लेकर नए शिखर को छू सकती थीं। किताब पढ़ने को एकमात्र सबसे महत्त्वपूर्ण काम मानना ही शिक्षा को ब%चों के लिए बोझ बनाने की कोशिश है।

उ%च शिक्षा के क्षेत्र में सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां, विशेषकर विद्यार्थियों द्वारा संचालित कालेज में होने वाले उत्सवों या मेलों के रूप में एक और अधिक परिपक्व स्वरूप ग्रहण करती हैं। सांस्कृतिक, तकनीकी और साहित्यिक महोत्सव जीवन की प्रशासनिक संरचनाओं के सूक्ष्म प्रतिरूप होते हैं। इन आयोजनों में विद्यार्थी बजट निर्धारण, प्रायोजन प्रबंधन, मीडिया समन्वय, समय-सीमा का पालन और आपदा-प्रबंधन जैसे जटिल कौशल अर्जित करते हैं। ऐसे कौशल, जिन्हें कोई औपचारिक पाठ्यक्रम पूरी तरह नहीं सिखा सकता।

सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां भविष्य की कार्यशक्ति को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाती हैं

दरअसल, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां भविष्य की कार्यशक्ति को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाती हैं। आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था केवल विशेषज्ञता नहीं, बल्कि बहु-कौशलता, यानी एक साथ कई काम को कुशलतापूर्वक करने की क्षमता रखने वाले व्यक्ति की मांग करती है। नवाचार, सहयोग, नेतृत्व और संप्रेषण, ये सभी गुण सह-पाठ्यक्रम सहभागिता से ही विकसित होते हैं।

यही कारण है कि विश्व के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय और कारपोरेट संस्थान अकादमिक प्रदर्शन के साथ-साथ छात्र गतिविधियों को भी समान महत्त्व देते हैं। तकनीकी और नवाचार के क्षेत्र में भी सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां निर्णायक भूमिका निभाती हैं।

रोबोट संचालित गतिविधियों वाले क्लब, नवउद्यमों के तहत बिक्री, आधुनिक तकनीकी के महोत्सव और नवाचार पर केंद्रित प्रयोगशालाएं विद्यार्थियों को प्रयोग, विफलता और फिर से प्रयास की संस्कृति से परिचित कराते हैं। यह संस्कृति भारत जैसे देश के लिए विशेष रूप से आवश्यक है, जहां नवाचार ही दीर्घकालिक विकास का आधार बन सकता है।

सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से कालेज में होने वाले महोत्सव और विद्यार्थियों की गतिविधियां विविधता, समावेशन और सहिष्णुता को बढ़ावा देती हैं। विभिन्न भाषाओं, क्षेत्रों और अलग-अलग सामाजिक पृष्ठभूमि से आए विद्यार्थी जब साझा लक्ष्य के लिए कार्य करते हैं, तो सामाजिक विभाजनों की दीवारें अपने आप ध्वस्त होती हैं।

अफसोस की बात है कि हमारे शिक्षा तंत्र में सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को आज भी आमतौर पर औपचारिकता, समय-व्यय या अकादमिक बाधा के रूप में देखा जाता है। कई संस्थानों में इन्हें परीक्षा-परिणामों के अधीन रख दिया जाता है, जिससे इनकी गुणवत्ता और उद्देश्य, दोनों प्रभावित होते हैं। यह दृष्टिकोण अव्यावहारिक के साथ ही आधुनिक शिक्षा दर्शन के भी विपरीत है। सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को पाठ्यक्रम का पूरक नहीं, बल्कि उसका अभिन्न और अनिवार्य अंग मानते हुए उन्हें समान संसाधन, समय और संस्थागत समर्थन प्रदान किया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### अंगद जी महाराज का स्वागत

**अमदाबाद/कटिहार (नबिटासं)।** नगर पंचायत के वार्ड संख्या 3 स्थित ब्राह्मण टोला गोपालपुर में श्री बालाजी मंदिर एवं काली माता मंदिर के प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय श्री हनुमंत कथा के प्रवचन के लिए वृंदावन से पधारे आचार्य अंगद जी महाराज का रविवार देर शाम कथा स्थल पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों व श्रद्धालुओं ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर तथा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। अंगद जी महाराज ने इस अवसर पर दोनों मंदिरों में जाकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर पार्षद प्रतिनिधि संजीव कुमार साह, पार्षद जानकी यादव सहित आयोजन समिति के अनुज कुमार मिश्रा, नितेश मिश्रा, सियाराम मिश्रा, संतोष पाठक, निर्मल झा, समेत अन्य गणमान्य लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया।



### रविवार हाट जाम की समस्या बरकरार

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** रविवार हाट जाम की समस्या बरकरार ये हम नहीं कह रहे हैं। आम लोग इस जाम से प्रत्येक रविवार को लगने वाले हाट से दो चार होते हैं। मालूम हो कि प्रत्येक रविवार को मनसाही में हाट लगता हैं। इस हाट के लगने से दूर दूर के व्यापारी खरीद बिक्री करने आते हैं। इस दौरान मुख्य सड़क पर टोटो टेंपो चालक मुख्य सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी चढ़ाते एवं उतारते हैं। इस कारण सुबह के पांच बजे से रात्रि के आठ बजे तक जाम की समस्या बरकरार रहती हैं । इस जाम की समस्या को छुड़ाने के लिए नहीं हाट प्रशासन पहुंचते हैं ना ही पुलिस प्रशासन पहुंचते हैं। इस कारण टोटो एवं टेंपो चालक की मनमानी बरकरार बनी रहती हैं। उन्हें किन्ही का डर नहीं रहता हैं।आम लोगों ने बताया कि अगर मनसाही हाट में टेंपो,टोटो स्टैंड बना दिया जाए तो जाम की समस्या समाप्त हो सकती हैं।



### पाठशाला आयोजित कर दी गई पौधा संरक्षण की जानकारी

**डंडखोरा/कटिहार (नबिटासं)।** सहायक निदेशक पौधा संरक्षण के निदेश पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत कृषि प्रावैद्यिकी प्रबंधन अभिकरण की ओर से महेशपुर पंचायत के मधैली हवामहल में एक दिवसीय पौधा संरक्षण पाठशाला का आयोजन किया गया।पाठशाला में आत्मा की ओर से प्रखंड कृषि समन्वयक अभिनंदन कुमार झा ने उपस्थित किसानों को पौधों को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़ों की पहचान कराते हुए उससे संरक्षण के उपायों की जानकारी दी। वहीं खेतों में जाकर लगी फसल मे कीड़ों को पहचाने और उसे भगाने के उपाय का प्रशिक्षण भी दिया गया।पाठशाला में किसानों को कीड़ा भगाने वाले उपकरणों से सजा किट भी भेंट किया गया। पाठशाला में मिली सुझावों को किसानों ने लाभकारी बताया।पाठशाला में वार्ड सदस्य देवीलाल सोरेन सहित जितेन्द्र कुमार झा,बिनय राय,अमरेश कुमार,आशीष झा,रानी हेम्ब्रम,राधा देवी, पुतुल देवी,मंजू मुर्मू,ललिता हांसदा, अंजलि किस्कू, अनिता किस्कू सहित दर्जनों महिला एवं पुरुष कृषक शामिल रहे।



### पुलिस ने चोरी की बड़ी घटना का उदभेदन कर आठ को किया गिरफ्तार

**बिहारशरीफ (नबिटासं)।** लहेरी थाना क्षेत्र के शिवपुरी भैंसासुर मोहल्ले में हुई बड़ी चोरी की घटना का पुलिस ने महज 10 दिनों के अंदर सफल उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने चोरी में शामिल सभी आठ आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए चोरी गई लाखों रुपये की संपत्ति भी बरामद कर ली है। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने बताया कि शिवपुरी भैंसासुर निवासी अविनाश कुमार ने 26 फरवरी 2026 को अपने घर में हुई चोरी की घटना को लेकर लहेरी थाना में आवेदन दिया था। इस संबंध में लहेरी थाना कांड संख्या 85/26 दर्ज किया गया। आवेदन में परिवार के करीब 73 लाख रुपये मूल्य के गहनों की चोरी होने की बात कही गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की। जांच के क्रम में कुख्यात चोर आदित्य कुमार उर्फ चिकारा (उम्र करीब 25 वर्ष) की पहचान हुई। पुलिस ने सूचना संकलन के बाद 8 मार्च 2026 को पटना सिटी बाईपास स्थित उसके किराये के मकान से उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। इसके बाद पुलिस ने मामले में शामिल अन्य आरोपियों रोहित शर्मा, रोशन कुमार, रजत खत्री, कपिल कुमार, साविता देवी एवं वर्षा कुमारी को भी गिरफ्तार कर लिया। इनमें रजत खत्री और कपिल कुमार पर चोरी के सोने को खरीदने और गलाने का आरोप है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए सोने के आभूषणों में से पिघले हुए सोने समेत कुल 132.68 ग्राम सोना, 23 लाख 39 हजार रुपये नकद तथा बिना नंबर की एक केटीएम मोटरसाइकिल बरामद की है। साथ ही चोरी की घटना में प्रयुक्त औजार भी जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी आदित्य कुमार उर्फ चिकारा पहले भी कई आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है और उसके खिलाफ विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं। इस प्रकार पुलिस ने महज 10 दिनों के भीतर बड़ी चोरी की घटना का सफल उद्भेदन करते हुए चोरी गई संपत्ति की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की है। छापामारी टीम में लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक, अवर निरीक्षक रितुराज, नीतीश रंजन एवं डीआईयु की टीम शामिल थे।



### आज दिन में दस से एक बजे तक बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**नारदीगंज/नवादा (नबिटासं)।** बिजली विभाग के कनीय अभियंता नवीन कुमार सिंह ने कहा नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न गांवों में 10 मार्च को 33 हजार बिजली तार में मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा। इसलिए दस मार्च को 10 बजे दिन से एक बजे दोपहर तक बिजली की आपूर्ति नहीं की जाएगी। उसके बाद बिजली का सप्लाई की जाएगी।

# कोचिंग में खेलने के दौरान बच्ची बेहोश, मौत

## प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने किया रेफर, परिजनों ने किया हंगामा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आजमनगर (कटिहार)।** बाजार स्थित एक कोचिंग में खेलने के दौरान एक 8 वर्षीय बच्ची गिर जाने से बेहोश हो गई। कोचिंग संचालक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आजमनगर में भर्ती कराया। साथ ही बच्चों के अभिभावक को मामले की जानकारी दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आजमनगर के डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र रेफर कर दिया गया। 8 वर्षीय बच्ची सुहानी कुमारी को एंबुलेंस में चढाने के कुछ देर बाद बच्ची की मौत हो गई।

घटना करीब 5:00 बजे शाम की बताई जा रही है इस घटना को लेकर डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों द्वारा अस्पताल के प्रांगण में हंगामा करने लगा। मृतिका के परिजनों द्वारा अस्पताल प्रांगण में हंगामा कर रहे थे। जदयू नेता सुनील सिंहा ने कहा कि बच्ची को जो इंजेक्शन दिया गया है।इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए अन्यथा की स्थिति में आंदोलन किया जाएगा।



# दर्शन साह कॉलेज में स्टार्टअप आउटरीच अवेयरनेस प्रोग्राम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** युवाओं के बीच एंटरप्रेन्योरशिप की भावना को बढ़ावा देने तथा स्टार्टअप इकोसिस्टम के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कटिहार इंजीनियरिंग कॉलेज के स्टार्टअप सेल की ओर से डीएस कॉलेज में एक विशेष स्टार्टअप आउटरीच अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 9 मार्च 2026 को सुबह 11 बजे से आयोजित हुआ। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को आइडिया जनरेशन से लेकर रेवेन्यू जनरेशन और एम्प्लॉयमेंट क्रिएशन तक की संपूर्ण स्टार्टअप जर्नी के बारे में जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में स्टार्टअप कोऑर्डिनेटर स्टार्टअप सेल इंजीनियरिंग कॉलेज दिलीप कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में युवा केवल जॉब सीकर बनने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप के माध्यम से जॉब क्रिएटर भी बन सकते हैं। उन्होंने विस्तार से समझाया कि किस प्रकार किसी समस्या की पहचान कर उससे संबंधित आइडिया जनरेशन किया जाता हैं और फिर उसे आगे बढ़ाते हुए प्रोटोटाइप डेवलपमेंट,बिजनेस मॉडल डिजाइन,मार्केट वैलिडेशन तथा अंततः रेवेन्यू जनरेशन तक पहुँचाया जाता हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को स्टार्टअप बिहार पॉलिसी के अंतर्गत मिलने वाले इंसेंटिव्स और सपोर्ट सिस्टम की जानकारी भी दी। साथ ही बताया कि स्टार्टअप्स को आगे बढ़ाने के लिए स्टेट गवर्नमेंट,सेंट्रल गवर्नमेंट की विभिन्न स्कीम्स, इनक्यूबेशन सेंटर्स, एंजेल इन्वेस्टर्स, वेंचर कैपिटल तथा अन्य फंडिंग सोर्सेस के माध्यम से वित्तीय सहायता प्राप्त की जा सकती हैं । उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सही दिशा, मार्गदर्शन और निरंतर प्रयास के माध्यम से युवा अपने आइडियाज को सफल स्टार्टअप में बदलकर समाज में एम्प्लॉयमेंट जेनरेशन में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर स्टूडेंट स्टार्टअप कोऑर्डिनेटर, स्टार्टअप सेल, कटिहार इंजीनियरिंग कॉलेज जफर सादिक ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कॉलेज स्तर पर स्टार्टअप कल्चर को विकसित करने तथा छात्रों को अपने इनोवेटिव आइडियाज को वास्तविक प्रोजेक्ट और स्टार्टअप में परिवर्तित करने के लिए प्रेरित किया।



# महानंदा नदी किनारे अवैध मिट्टी खनन पर कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** जिले के अमदाबाद प्रखंड क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ खनन विभाग ने कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार भरतकुल बांध से कई किलोमीटर दूर महानंदा नदी के किनारे जेसीबी मशीन लगाकर अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा था। बताया जाता है कि इस अवैध खनन की सूचना खनन विभाग को गुप्त रूप से मिली थी। सूचना मिलते ही खनन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। हालांकि टीम के पहुंचने से पहले ही जेसीबी मशीन के मालिक ने मशीन को वहां से हटाकर दूसरे स्थान पर कर दिया, जिससे मौके पर मशीन नहीं मिल सकी।

खनन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि महानंदा नदी के आसपास का क्षेत्र अवैध खनन की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील माना जाता है। नदी के किनारे इस तरह का अवैध मिट्टी खनन पर्यावरण और नदी तटबंध की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। मामले को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने कार्रवाई करते हुए संबंधित जेसीबी मशीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। अधिकारियों ने बताया कि इस पूरे प्रकरण में विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है और अवैध खनन में शामिल लोगों की पहचान कर आगे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। खनन विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिले में कहीं भी अवैध खनन की सूचना मिलने पर तत्काल छापेमारी की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे। साथ ही स्थानीय लोगों से भी अपील की गई है कि अवैध खनन की जानकारी प्रशासन को दें,ताकि समय रहते इस पर रोक लगाई जा सके।



## प्रसव पूर्व 62 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार) ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रसव पूर्व 62 गर्भवती महिलाओं की जांच हुई। इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रेमराज ने बताया कि प्रत्येक माह के 9,15 एवं 21 को गर्भवती महिलाओं की जांच की जाती हैं। उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के आशा के द्वारा गर्भवती महिलाओं को प्रसव जांच करने के लिए लाती हैं। उन्हें एएनएम के द्वारा रजिस्ट्रेशन, लंबाई,वजन के उपरांत लैब के राजीव रमण के द्वारा ब्लड की जांच की जाती हैं। रिपोर्ट आने के बाद सभी महिलाओं को उचित दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर क्लर्क पुष्कर राज, लेखापाल अनिमेष कुमार, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अनवर आलम आदि उपस्थित थे।

# अवैध खनन करते ट्रैक्टर जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आजमनगर (कटिहार) ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पंखा जजला गांव के निकट अवैध खनन करते हुए एक ट्रैक्टर आजमनगर पुलिस ने जप्त कर खनन विभाग को रिपोर्ट समर्पित कर दिया है। जानकारी के अनुसार पंका जजला गांव के निकट अवैध खनन करते हुए आजमनगर पुलिस ने एक ट्रैक्टर जप्त कर आजमनगर थाने ले आऐ। मामले की जानकारी खनन विभाग कटिहार को देते हुए ट्रैक्टर मालिक पर कार्रवाई करने तथा बिहार सरकार के नियम के अनुसार जुमार्ना वसूले जाने हेतु अग्रसारित किया गया। थानाध्यक्ष नीरज कुमार के द्वारा कहा गया कि अवैध खनन करते ट्रैक्टर जप्त कर माइनिंग विभाग को सूचित कर दिया गया है। विभागीय स्तर पर आगे की कार्रवाई जारी है।



# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 'उदास मत हो चिन्नी' नाटक का मंचन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** महिला शक्ति की गूंज उदास मत हो चिन्नी नाटक का प्रभावशाली मंचन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कटिहार के प्रवर रेलवे संस्थान में भावनात्मक एवं प्रेरणादायक नाटक का सफलतापूर्वक मंचन किया गया। यह नाटक कोसी संगम संस्था द्वारा प्रस्तुत किया गया। जबकि कार्यक्रम का आयोजन एनएफ रेलवे एम्पलाई यूनियन के तत्वाधान में किया गया। नाटक ने महिला सशक्तिकरण, आत्मविश्वास और सामाजिक संवेदनाओं को बेहद प्रभावशाली ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने काफी सराहा। नाटक में चिन्नी की मुख्य भूमिका में सोनम शर्मा ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। पिता की भूमिका में आलोक कुमार ने प्रभावशाली अभिनय किया। वहीं जोकर की भूमिका में कौशिक कर और नंदकिशोर ठाकुर ने अपने अभिनय से नाटक में जीवंतता और संदेश दोनों को प्रभावी बनाया। कोरस की भूमिका में अंजली कुमारी, आकाशदीप, गुलशन कुमार, अभिनव कुमार, कुमार आलोक एवं विकास कुमार ने सामूहिक प्रस्तुति के माध्यम से नाटक को और अधिक प्रभावशाली बनाया। नाटक का सशक्त निर्देशन आलोक कुमार द्वारा किया गया, जिसने मंचन को एक नई ऊंचाई प्रदान की। वहीं नाटक में मेकअप का कार्य अंजली कुमारी एवं कौशिक कर ने किया। प्रकाश एवं ध्वनि की जिम्मेदारी कुमार सत्यम द्वारा बखूबी निभाई गई, जिसने मंचन को और भी आकर्षक बना दिया। इस अवसर पर कटिहार के मंडल रेल प्रबंधक,अपर मंडल रेल प्रबंधक तथा एन.एफ. रेलवे एम्पलाई यूनियन के सचिव रजनीश कुमार ने नाटक के कलाकारों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया और इस तरह के सामाजिक संदेश देने वाले कार्यक्रमों की सराहना की।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों ने नाटक की प्रस्तुति की सराहना करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल बताया।



# आभूषण सहित लाखों रुपये नगद ले उड़े चोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोइ (कटिहार)।** नगर पंचायत बारसोई के घोघन चौक स्थित एक घर में चोरों ने सेंध काटकर लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर घर से चांदी के आभूषण समेत करीब 1 लाख 20 हजार रुपये नगद लेकर फरार हो गए। घोघन चौक निवासी संजय रविदास इलाज कराने कटिहार गए हुए थे। इलाज कराकर जब वह घर लौटे तो बाहर से सब कुछ सामान्य दिखाई दे रहा था। लेकिन जैसे ही उन्होंने दरवाजा खोलकर अंदर प्रवेश किया तो घर के अंदर का नजारा देखकर हैरान रह गए। चोरों ने घर में सीन काटकर प्रवेश किया था और ट्रंक व बक्सा तोड़कर लगभग 40 भर चांदी के आभूषण तथा करीब 1 लाख 20 हजार रुपये नगद चोरी कर ली।घटना की जानकारी तुरंत संजय रविदास ने दूरभाष के माध्यम से बारसोई थाना को सूचना दी। सूचना मिलने के लगभग दो घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल शुरू की।पीड़ित ने नगर पंचायत के ही दो व्यक्तियों पर संदेह जताते हुए बारसोई थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। तथा चोरी किए गए सामान एवं राशि की बारामदगी की मांग की।इस संबंध में थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि पीड़ित द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की जांच की जा रही है। अगल-बगल के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल जा रहा है। तथा पुलिस हर बिंदु पर अनुसंधान कर रही है।



# गरीब व दिव्यांग महिला के अधिकारों के लिए संघर्षरत : डॉ. आभा

## महिला दिवस पर उनके जज्बों को सबों ने किया सलाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस हर साल मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं के योगदान और उनके अधिकारों को सम्मान देने के लिए है। समाज में महिलाओं का सम्मान और सहयोग कितना जरूरी है।जहां नारी मुस्कुराती है, वहां खुशियों का संसार बस जाता है। नारी का सम्मान, समाज की असली पहचान है। 'जहां नारी मुस्कुराती है।वहां खुशियों का संसार बस जाता है, नारी का सम्मान, समाज की असली पहचान है।

डॉ. आभा कुमारी एक ऐसे ही समाजसेविका है, जो सदर अस्पताल कटिहार मे एचआईवी एड्स कौंसिलर के रूप मे कार्यरत है। अपने कार्य क्षेत्र मे काम करते हुए वह विकलांग की शादी भी करवाती है। डॉ आभा लायंस क्लब कटिहार फेमिना की अध्यक्ष भी है तथा लायंस के बैनर तले अनाथ बच्चों के लिए कई तरह की कार्यक्रम भी करती है। डॉ आभा सदर अस्पताल मे रहते हुए हमेशा गरीब, अनाथ लोगो की मदद के लिए हमेशा तैयार रहती है। डॉ. आभा ने बताया कि वे अपना सारा जीवन मानव सेवा मे लगाएंगी। डॉ आभा कहती है की उनका सपना अनाथ बच्चों के लिए 'शिशु भवन' आश्रम की स्थापना और बीमारी से पीड़ित रोगियों की सेवा करना है। जहां वे पीड़ित रोगियों व गरीबों की स्वयं सेवा कर सके।



# नेटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में बालिका वर्ग में कटिहार व बालक वर्ग में बेगूसराय बना विजेता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के मनिहारी प्रखंड स्थित बघार मिजार्पुर उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित 09वीं जूनियर स्टेट नेटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 का समापन रविवार संध्या पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गया। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में बिहार के कई जिलों की टीमों ने भाग लेकर शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में कटिहार की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बेगूसराय दूसरे स्थान पर रही जबकि नालंदा की टीम तीसरे स्थान पर रही। बालक वर्ग में बेगूसराय की टीम विजेता बनी, सिवान दूसरे स्थान पर तथा कटिहार तीसरे स्थान पर रहा।समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कटिहार जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर कुमार श्री ने कहा कि मनिहारी में राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि खेल से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आपसी भाईचारा बढ़ता है। हार-जीत खेल का हिस्सा है। इसलिए खिलाड़ियों को निरंतर मेहनत करते हुए आगे बढ़ना चाहिए।



# आवासीय आर्य भूमि स्कूल का उद्धाटन समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** शहर के दुर्गास्थान रोड इस्लामिया स्कूल के नजदीक आवासीय आर्य भूमि स्कूल का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम महापौर श्रीमती उषा देवी अग्रवाल,जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती रश्मि सिंह,नगर निगम उप महापौर मंजूर खान,संवेदक संघ के जिलाध्यक्ष पंकज सिंह जीओडी ग्रुप के निदेशक ध्रुव चंद्र झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मजदूर नेता विकास सिंह ने की। स्कूल के निदेशक अर्जुन कुमार सिंह ने सभी जनप्रतिनिधियों को शॉल, बुके माला पहनकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री महिला अध्यक्ष प्रियंका सिंह, शोभा जयसवाल,छाया तिवारी, बुलबुल सिंह,पूनम सिंह,रुचि चौधरी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक सिंह प्रिंस, जितेंद्र सिंह, दिग्विजय सिंह अधिवक्ता जदयू नगर उपाध्यक्ष विनोद सिंह, रालोमा अध्यक्ष उमाकांत आनंद, करणी सेना जिलाध्यक्ष सत्यम समदर्शी, जिला परिषद प्रतिनिधि सुमित कुमार सिंह, निगम पार्षद प्रतिनिधि मनोज राय,युवा मोर्चा मंत्री विवेक सिंह राठौड़,उत्तर मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा,महामंत्री मौसम कुमार सिंह,दुर्गा स्थान कांवरिया सेवा समिति के सुनील सिंह, पिंकू सिंह, मनोज सिंह, सुशील सिंह, विनय सिंह, माधव सिंह, राज किशोर सिंह, शेखर सिंह,मोहन बाधवानी, लालमोहन सिंह,गिरीश कुमार सिंह, सुशील सिंह, हरेंद्र मिश्रा, मनोज सिंह, अमर सिंह, धीरज झा,जवाहर सिंह, राधा रमन सिंह,गिरेन्द्र सिंह, दीपू सिंह, रिंकू सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे । स्वागत भाषण में स्कूल के निदेशक अर्जुन सिंह ने बताया कि 1990 से शिक्षा के जगत में अपना कार्य करते आ रहे हैं इच्छा हुई अब अपना स्कूल खोलकर बेहतर सेवा देने का तो आज हम लोग हम और हमारे बड़े भाई विकास सिंह मिलकर एक बेहतर स्कूल देंगे। जिसमें नामांकन मुक्त, री एडमिशन मुफ्त, आवासीय छात्रावास, नर्सरी से ,8 क्लास तक पढ़ाई,12वीं तक कोचिंग की सुविधा, एवं छात्र एवं छात्राओं को पूरी तरह से बेहतर भविष्य को लेकर मुकाम तक पहुंचाने का संकल्प लिया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विकास सिंह ने स्पष्ट कहा कि हम छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों के कसौटियों पर, शत प्रतिशत खडा उतरने का प्रयास करेंगे विशेष कर मध्य वर्गों के परिवारों को आवासीय आर्य भूमि स्कूल में बच्चों को पढ़ने में काफी सुविधा मिलेगी कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों की उपस्थिति के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।



# दिल्ली-एनसीआर के प्रमुख बाजार हुए महंगे

### खान मार्केट से गुरुग्राम तक बढ़ा रेंट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में दुकानों का किराया 2 से 14 प्रतिशत तक बढ़ा है। खान मार्केट भारत का सबसे महंगा बाजार बना हुआ है जबकि गुरुग्राम के गैलेरिया मार्केट में सबसे ज्यादा तेजी से देखा गया है। बाजार में दुकानों की बढ़ती मांग के कारण यह तेजी से आया है। रियल एस्टेट सलाहकार कुशमैन एंड वेकफील्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर के प्रमुख बाजारों में दुकानों का किराया पिछले साल 2 से 14 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है। इसका मुख्य कारण दुकानों की सीमित उपलब्धता और बढ़ती मांग है। खान मार्केट अभी भी भारत का सबसे महंगा बाजार बना हुआ है जहां किराया 1,700-1,800 रुपये प्रति वर्ग फुट तक पहुंच गया है। वहीं गुरुग्राम के गैलेरिया मार्केट में सबसे ज्यादा 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है। वर्ष 2025 में दिल्ली-एनसीआर में कुल 22.5 लाख वर्ग फुट खुदरा जगह किराए पर ली गई जो 2019 के बाद का रिकॉर्ड स्तर है जो खुदरा बाजार में तेजी से दिखाता है। खान मार्केट में दुकानों के हिसाब से 8 फीसदी की बढ़ोतरी रियल एस्टेट सलाहकार कुशमैन एंड वेकफील्ड ने बताया कि बेहतर मांग और सीमित सप्लाई के कारण दिल्ली के पॉश खान मार्केट में पिछले साल खुदरा दुकानों के हिसाब से 8 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले साल दिल्ली-एनसीआर के प्रमुख बाजारों के मासिक किराए में 2 से 14 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है। साल 2025 की अक्टूबर-दिसंबर के दौरान खान मार्केट का मासिक किराया 1,700 से 1,800 रुपये प्रति वर्ग फुट रहा जो सालाना आधार पर 8 प्रतिशत अधिक है।

#### सबसे महंगा बाजार खान मार्केट

खान मार्केट भारत का सबसे महंगा प्रमुख बाजार बना हुआ है। दिल्ली के कनॉट प्लेस (आंतरिक घेरा) में मासिक किराए 4 प्रतिशत बढ़कर 1,150 से 1,250 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गया है। गुरुग्राम के गैलेरिया मार्केट में सबसे ज्यादा 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यहां मासिक किराए 1,150 से 1,250 रुपये प्रति वर्ग फुट है। दिल्ली के साउथ एक्सटेंशन में किराए 3 प्रतिशत बढ़कर 800 से 850 रुपये हो गया है। कमला नगर में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ किराए 480 से 510 रुपये प्रति वर्ग फुट प्रति माह हो गया है। करोल बाग में मासिक किराए बढ़कर 395-415 रुपये ग्रेटर कैलाश-1 के एम-ब्लॉक में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ किराए 475 से 500 रुपये प्रति वर्ग फुट दर्ज किया गया है। दिल्ली के करोल बाग में मासिक किराए बढ़कर 395-415 रुपये हो गया, जबकि लाजपत नगर में यह तीन प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी के साथ 290-310 रुपये प्रति वर्ग फुट रहा।

### एलपीजीः आम लोगों के लिए राहत भरी खबर, 300 का फायदा भी मिलेगा

# घरेलू गैस के दामों में तुरंत फिर से बढ़ोतरी की संभावना नहीं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रसोई गैस यानी की कीमतों को लेकर आम लोगों के लिए बढ़ोतरी थोड़ी राहत भरी खबर है। सरकारी सूत्रों के अनुसार हाल ही में बढ़ोतरी के बाद घरेलू गैस के दामों में तुरंत फिर से बढ़ोतरी की संभावना नहीं है। सरकार बकाया मूल्य निर्धारण प्रणाली को ही जारी रखने के पक्ष में है, ताकि आम उपभोक्ता पर ज्यादा बोझ न पड़े। खासकर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं को अभी भी प्रति सिलेंडर 300 की सब्सिडी मिलती रहेगी, जिससे करीब 10.33 करोड़ परिवारों को राहत मिल रही है। क्या है डिटेल

दरअसल, हाल ही में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में 60 की बढ़ोतरी की गई है। इसके बाद दिल्ली में 14.2 किलो वाला घरेलू सिलेंडर अब 913 का हो गया है, जो पहले 853 का था। यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊर्जा की कीमतें बढ़ी हुई हैं। इसके बावजूद सरकार का कहना है कि बढ़ोतरी और बढ़ोतरी की जरूरत नहीं है।



#### सरकारी सूत्रों ने क्या कहा

सीएनबीसी टीवी 18 की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सरकारी सूत्रों का यह भी कहना है कि तेल विपणन कंपनियां यानी ओएमसी अभी घरेलू की बिक्री पर पूरी तरह लागत नहीं निकाल पा रही हैं, यानी उन्हें कुछ नुकसान हो रहा है। लेकिन पहले हुई अच्छी कमाई के कारण कंपनियां बढ़ोतरी इस दबाव को संभाल सकती हैं। इसी वजह से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी अभी कोई बदलाव करने की योजना नहीं है।

#### पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर

दिल्ली में पेट्रोल और डीजल के दाम अप्रैल 2022 से लगभग स्थिर हैं। जब कच्चे तेल की कीमतें ज़्यादा होती हैं तो तेल कंपनियाँ कुछ नुकसान उठाती हैं और जब कीमतें कम होती हैं तो उन्हें नुकसान होता है। सरकार का दबाव है कि मौजूदा वैश्विक हालात में कंपनियाँ थोड़ा कम नुकसान लेकर भी कीमतों को स्थिर रख सकती हैं। साथ ही यह उम्मीद भी जताई जा रही है कि ईरान के राष्ट्रपति के बचे हुए बयानों के बाद पश्चिम एशिया का तनाव कुछ कम हो सकता है। दूसरी तरफ़, कच्चे तेल की कीमतें ज़्यादा होती हैं, तो तेल कंपनियाँ होटल, रेस्टोरेंट और दूसरे कमर्शियल इस्तेमाल में आने वाले गैस सिलेंडर के दाम में भी बढ़ोतरी की गई है। 19 किलो वाले कच्चे तेल की कीमतें 114.5 बढ़ीं, दिल्ली में 1,883 हो गई है। इससे पहले 1 मार्च को भी इसमें 28 की बढ़ोतरी हुई थी। इस साल अब तक कच्चे तेल की कीमतें कुल मिलाकर 302.50 बढ़ गई हैं। भारत में एलपीजी की मांग काफी तेज़ी से बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में देश में करीब 31.3 मिलियन टन एलपीजी की खपत हुई, जबकि घरेलू उत्पादन सिर्फ 12.8 मिलियन टन ही रहा। यानी देश को अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा आयात करना पड़ता है। आयात होने वाली एलपीजी का करीब 85 से 90 प्रतिशत हिस्सा सऊदी अरब जैसे देशों से आता है, जहां से सप्लाई स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज के रास्ते होती है। इसलिए पश्चिम एशिया में किसी भी तरह का तनाव भारत की ऊर्जा स्थिति को प्रभावित कर सकता है।

# नए ऑनलाइन सिस्टम से नहीं लगाने पड़ेंगे आरटीओ के चक्कर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वाहन मालिकों के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब कार या बाइक का लोन चुकाने के बाद आरसी (रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट) से बैंक या फाइनेंस कंपनी का नाम हटवाने के लिए आरटीओ के चक्कर नहीं लगने पड़ेंगे। वाहन मालिकों के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब कार या बाइक का लोन चुकाने के बाद आरसी (रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट) से बैंक या फाइनेंस कंपनी का नाम हटवाने के लिए के चक्कर नहीं लगने पड़ेंगे। सरकार ने एक नया ऑनलाइन सिस्टम शुरू किया है, जिसके तहत लोन पूरा चुकते ही वाहन की से हाइपोथिकेशन यानी बैंक का अधिकार अपने-आप हट जाएगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने यह व्यवस्था एक मार्च से लागू कर दी है। क्योंकि इसे एक राष्ट्रीयकृत बैंक और पांच गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के साथ जोड़ा गया है। इनमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, चोलामंडलम, श्रीराम फाइनेंस और सुंदरम फाइनेंस जैसी संस्थाएं शामिल हैं। आने वाले समय में इसमें और बैंक व वित्तीय संस्थान भी जोड़े जाएंगे, ताकि यह सुविधा पूरे देश में लागू हो सके।

**क्या है नई प्रणाली-** सरकारी अधिकारियों के अनुसार यह प्रणाली रिजर्व बैंक के यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस (यूएलआई) और परिवहन मंत्रालय के वाहन (वाहन) पोर्टल के बीच डाटा साझा करके काम करती है। जब लोन पूरा चुकता हो जाता है, तो बैंक की तरफ से एनओसी जारी की जाती है और उसी समय सिस्टम आरसी के रिकॉर्ड को अपडेट कर देता है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद वाहन मालिक को वाहन पोर्टल की ओर से एसएमएस भी भेजा जाएगा, जिसमें बताया जाएगा कि आरसी से बैंक का नाम हटा दिया गया है।

#### ऐसे काम करेगी नई प्रणाली

नई व्यवस्था लागू होने के बाद यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल हो जाएगी। जैसे ही वाहन मालिक लोन की अंतिम किस्त चुकाएगा, बैंक डिजिटल सिस्टम में इसकी जानकारी अपडेट कर देगा। इसके बाद सरकारी प्लेटफॉर्म पर वाहन के रिकॉर्ड से बैंक का नाम अपने-आप हट जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में किसी व्यक्ति को लेनदेन की



#### क्या होता है हाइपोथिकेशन

जब कोई व्यक्ति कार या बाइक लोन पर खरीदता है, तो वाहन की आरसी में बैंक या फाइनेंस कंपनी का नाम दर्ज रहता है। इसका मतलब होता है कि जब तक लोन पूरा नहीं चुकता, तब तक वाहन पर बैंक का कानूनी अधिकार रहता है।

#### पहले यह भी व्यवस्था

अब तक वाहन मालिकों को पहले बैंक से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेना पड़ता था, फिर आरटीओ में जाकर आवेदन देना होता था। इसके लिए कई फॉर्म भरवाए थे और डॉक्यूमेंट जमा करने पड़े थे। कई बार लोगों को बार-बार आरटीओ के चक्कर लगाने पड़े थे और प्रक्रिया में काफी समय लग जाता था। नई व्यवस्था में गाड़ी की आरसी से बैंक का कब्जा अपने आप हट जाएगा।

### कच्चा तेल 100 डॉलर के पार

# डॉलर की मजूबती से सोना हुआ सस्ता



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मजबूत होती अमेरिकी डॉलर और बढ़ती महंगाई की खतरों के चलते सोने की कीमतों में गिरावट आई है। यह सब तब हुआ है, जब मिडिल ईस्ट में जंग अब दूसरे हफ्ते में दाखिल हो चुकी है और कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति टमाटर के पार जा चुकी हैं। मजबूत होती अमेरिकी डॉलर और बढ़ती महंगाई की खतरों के चलते सोने की कीमतों में गिरावट आई है। यह सब तब हुआ है, जब मिडिल ईस्ट में जंग अब दूसरे हफ्ते में दाखिल हो चुकी है और कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति टमाटर के पार जा चुकी हैं। ब्लूमबर्ग के हिसाब से ब्रेंट 28 प्रतिशत बढ़कर .118.73 प्रति टमाटर हो गया, जो अप्रैल 2020 के बाद सबसे बड़ा इंटरडे तेजी है, जबकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट 31 प्रतिशत उछला। सिंगापुर में सुबह 6:56 बजे स्पॉट गोल्ड 0.9 प्रतिशत गिरकर 5,124.48 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। चांदी 1.6 प्रतिशत गिरकर 83.22 डॉलर प्रति औंस रही।

#### कच्चा तेल 100 डॉलर के पार

कारोबार की शुरुआत में सोना गिरकर 5,120 डॉलर प्रति औंस के आस-पास आ गया। इससे पहले, एक महीने से ज़्यादा समय में सोने ने अपना पहला साप्ताहिक घटा दर्ज किया था। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण बड़े तेल उत्पादक देशों ने अपना उत्पादन घटा दिया है। वहीं, डॉलर इंडेक्स भी 0.4 प्रतिशत चढ़ गया।

#### मध्य पूर्व युद्ध का बढ़ता असर

मिडिल ईस्ट में जंग अब अपने 10वें दिन में प्रवेश कर चुकी है। आठवें दिन, तेहरान ने अपना नया सर्वोच्च नेता चुन लिया और फारस की खाड़ी क्षेत्र में हमला जारी रखा। वहीं, इजरायल ने ईरान की राजधानी में ईंधन डिपो पर हमला किया और इस्लामिक गणराज्य के पावर ग्रिड को मजबूती देने की धमकी दी है।

#### तेल के दाम ने बढ़ाई फेडरल रिजर्व की मुश्किल

सोने पर दबाव इसलिए भी बना है क्योंकि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने अमेरिका में महंगाई की धमकी को और हवा दे दी है। इस वजह से यह संभावना बढ़ गई है कि फेडरल रिजर्व (अमेरिकी केंद्रीय बैंक) ब्याज दरों में कटौती करने के बजाय उन्हें यथावत रख सकता है या फिर बढ़ा भी सकता है। आमतौर पर, बढ़ी हुई ब्याज रकम और मजबूत डॉलर, सोने-चांदी जैसी कीमती धातुओं के लिए नकारात्मक संकेत माने जाते हैं। दूसरी तरफ, दुनिया भर के शेयर बाजारों में आ रही भारी गिरावट के बीच भारतीयों ने सोने को नकदी जुटाने के एक तरीके के तौर पर भी इस्तेमाल किया है। हालांकि, व्यापार में उतार-चढ़ाव बना हुआ है और तेजी से की रेट थम गई है, फिर भी सोने ने इस साल अब तक करीब 20 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा वैश्विक व्यापार और भू-राजनीति में उथल-पुथल मचाने के साथ-साथ फेडरल रिजर्व की स्वतंत्रता पर खतरे ने सोने जैसी सुरक्षित फसलों को समर्थन दिया है।

# अब रजिस्ट्री के लिए नहीं काटने होंगे चक्कर

### ● 1 अप्रैल से बदल जाएगा पूरा प्रोसेस



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप बिहार में जमीन या मकान खरीदने की सोच रहे हैं तो यह खबर आपके लिए सबसे जरूरी है। राज्य सरकार आगामी 1 अप्रैल से रजिस्ट्री की प्रक्रिया में एक ऐतिहासिक बदलाव करने जा रही है। अब आपको रजिस्ट्री के बाद नहीं बल्कि रजिस्ट्री से पहले ही यह पता चल जाएगा कि जमीन का असली मालिक कौन है और उस पर कोई विवाद तो नहीं है। मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने मिलकर इस 'प्री-रजिस्ट्री वेरिफिकेशन' सिस्टम को तैयार किया है। अब तक लोग जमीन की रजिस्ट्री करा लेते थे और बाद में दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) के समय उन्हें पता चलता था कि रजिस्ट्री में गड़बड़ी है। अब इस सिरदर्द को खत्म करने के लिए ई-निबंधन पोर्टल पर एक नया विकल्प दिया जा रहा है। खरीदार और विक्रेता को सबसे पहले पोर्टल पर अपना अकाउंट बनाकर लॉगिन करना होगा। आवेदन के दौरान जमीन का खाता, खेसरा, जमाबंदी संख्या, रकबा (एरिया), थाना नंबर और चौहद्दी जैसी जानकारियां भरनी होंगी। जैसे ही आप भूमि की जानकारी का विकल्प चुनेंगे यह आवेदन सीधे आपके अंचल कार्यालय (को आफिक्स) तक पहुंच जाएगा। राजस्व अधिकारियों को 10 दिनों के भीतर जमीन की जांच कर अपनी रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। बिहार में जमीन से जुड़े विवाद अदालतों में सबसे ज्यादा हैं। सरकार का कामकाज है कि इस कदम सेः कोई भी व्यक्ति किसी दूसरे की जमीन या सरकारी जमीन को अपना बताकर नहीं बेच खड़ी।

# खुल गया है राजपूताना स्टेनलेस आईपीओ, ग्रे मार्केट से मिले ग्रीन सिग्नल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजपूताना स्टेनलेस आईपीओ (राजपूताना स्टेनलेस आईपीओ) खुल गया है। कंपनी का आईपीओ 9 मार्च यानी आज से 12 मार्च तक खुला रहेगा। इस कंपनी के आईपीओ का साइज 254.98 करोड़ रुपये का है। राजपूताना स्टेनलेस आईपीओ (राजपूताना स्टेनलेस आईपीओ)




आज से खुल गया है। कंपनी का आईपीओ 9 मार्च यानी आज से 12 मार्च तक खुला रहेगा। इस कंपनी के आईपीओ का साइज 254.98 करोड़ रुपये का है। आईपीओ के जरिए कंपनी 1.47 करोड़ फ्रेश शेयर जारी करेगी। वहीं, ऑफर फार सेल के जरिए कंपनी 63 लाख शेयर जारी करेगी। राजपूताना स्टेनलेस आईपीओ का प्राइस बैंड 116 रुपये से 122 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। कंपनी ने 110 यूनिट का एक लॉट बनाया है। जिसकी वजह से रिटेल निवेशकों को कम से कम 13420 रुपये का इन्वेस्टमेंट करना होगा। क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए सबसे ज़्यादा 50 परसेंट हिस्सा सुरक्षित रहेगा।

#### जीएमपी कितना है

इन्वेस्टर्स गेन की रिपोर्ट के अनुसार कल ग्रे मार्केट में कंपनी का आईपीओ दो रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा था। यह आईपीओ की ग्रे मार्केट में सबसे मज़बूत स्थिति है। कंपनी आईपीओ से 18.57 करोड़ रुपये मैन्युफैक्चरिंग सेंटर बनाने के लिए जाएगी। 98 करोड़ रुपये का इस्तेमाल कंपनी की तरफ से कर्ज चुकाने के लिए किया जाना है। बाकी बचे पैसे सामान्य इन्वेस्टमेंट टास्क के लिए किया जाएगा।

#### कंपनी क्या करती है

राजपूताना स्टेनलेस की शुरुआत 1991 में हुई थी। कंपनी स्टेनलेस स्टील प्रोडक्ट्स का प्रोडक्शन करती है। राजपूताना स्टेनलेस अपने प्रोडक्ट्स यूएसए, तुर्की, कुवैत और पोलैंड में बेचती है। कंपनी एयरोस्पेस, ऑयल एंड गैस, डिफेंस, ऑटोमोटिव, एविएशन सेक्टर को भी अपने प्रोडक्ट्स बेचती है।

# एटीएम से बिना कॉर्ड के कैश निकालें

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एटीएम से नकदी निकालने के लिए अब डेबिट कार्ड साथ रखना जरूरी नहीं है। दरअसल, कई बैंकों ने अपने एटीएम में यूपीआई आधारित कैश निकासी की सुविधा शुरू कर दी है। इसके तहत एटीएम मशीन पर एक क्यूआर कोड दिखाई देता है, जिसे फोन में मौजूद यूपीआई ऐप से स्कैन कर रसीद निकाली जा सकती हैं। एटीएम से नकदी निकालने के लिए अब डेबिट कार्ड साथ रखना जरूरी नहीं है। दरअसल, कई बैंकों ने अपने एटीएम में यूपीआई आधारित कैश निकासी की सुविधा शुरू कर दी है। इसके तहत एटीएम मशीन पर एक क्यूआर कोड दिखाई देता है, जिसे फोन में मौजूद यूपीआई ऐप से स्कैन कर रसीद निकाली जा सकती हैं। यह प्रक्रिया काफी सरल और सुरक्षित मानी जाती है, क्योंकि इसमें किसी भौतिक कार्ड का इस्तेमाल नहीं करना पड़ता।

### यूपीआई से कितना और कैसे निकाल सकते हैं पैसे



#### क्या है यूपीआई से कैश वीडियो

यूपीआई के माध्यम से एटीएम से कैश निकालने की सुविधा एक नई डिजिटल बैंकिंग व्यवस्था है। इसमें उपयोगकर्ता एटीएम पर यूपीआई कैश विड्रॉल का विकल्प चुनता है। इसके बाद मशीन एक क्यूआर कोड प्रदर्शित करती है। उपयोगकर्ता अपने फोन की यूपीआई ऐप से इस क्यूआर कोड को स्कैन करता है और फिर यूपीआई पिन दर्ज करके भुगतान की पुष्टि करता है। जैसे ही प्रक्रिया पूरी होती है एटीएम मशीन से नकदी निकल जाती है।

#### इन बातों का ध्यान रखें

जिस एटीएम मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है, उसमें यूपीआई कैश निकालने की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। उपयोगकर्ता के फोन में एक्टिव यूपीआई ऐप के साथ इंटरनेट सेवा भी चालू होनी चाहिए। आमतौर पर एक बार में पांच हजार से दस हजार रुपये निकाले जा सकते हैं।

#### इसलिए लाभ

इस सुविधा का सबसे बड़ा लाभ यह है कि लोगों को हर समय अपने साथ एटीएम कार्ड रखने की आवश्यकता नहीं रहती। यदि कार्ड खो जाए या चोरी हो जाए, तब भी पैसे निकालने में कोई परेशानी नहीं होती। साथ ही यह तरीका ठगी से भी काफी हद तक सुरक्षा प्रदान करता है। इसके अलावा बार-बार कार्ड डालने और पिन छिपाकर दर्ज करने की झंझट भी खत्म हो जाता है।

#### कैश निकालने की प्रक्रिया

सबसे पहले उस एटीएम पर जाएं, जहां यूपीआई कैश निकासी का विकल्प उपलब्ध हो। एटीएम मशीन की स्क्रीन पर दिख रहे दिख रहे यूपीआई कैश निकासी विकल्प को चुनें। जिनकी राशि निकालना चाहते हैं, उन्हें दर्ज करें। एटीएम स्क्रीन पर क्यूआर कोड दिखाई देगा, जिसे फोन के यूपीआई ऐप से स्कैन करें। यूपीआई पिन दर्ज करके घुमाने की पुष्टि करें, प्रक्रिया पूरी होते ही पैसे मिल जाएंगे।



## 'टटीरी' गाने को लेकर बादशाह की बढ़ीं मुश्किलें

हरियाणा की राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने रैपर-सिंगर बादशाह और उनके नए गाने को लेकर हुए विवाद पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि सिंगर का काम माफी के लायक नहीं है।

### माफी के लायक नहीं काम

आदित्य प्रतीक सिंह सिसोदिया उर्फ बादशाह हाल ही में गाना 'टटीरी' को लेकर विवादों में आ गए। लोगों ने इसके लिरिक्स पर आपत्ति जताई। इस पर बादशाह ने माफी मांगी है। इस बीच मीडिया से बात करते हुए भाटिया ने कहा 'बादशाह ने जो किया है वह माफ करने लायक नहीं है। हरियाणा की बेटियों का इस तरह अपमान करना और उनके खिलाफ ऐसी गंदी भाषा का इस्तेमाल करना बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। हमने उन्हें 13 मार्च को बुलाया है।

### बादशाह ने मांगी माफी

शनिवार को बादशाह ने एक वीडियो में अपने काम को लेकर माफी मांगी थी। उन्होंने कहा था 'मैं खुद हरियाणा से हूं। जो लोग मुझे जानते हैं, वो जानते हैं कि मेरी बोली, मेरा खान-पान, मेरा रहना-सहना, मेरी पहचान हरियाणा से है। मैं एक हरियाणवी हूं। मेरा कभी ऐसा कोई इरादा नहीं था कि मैं हरियाणा के किसी बच्चे, किसी महिला के बारे में ऐसी बात कहूं। मुझे उम्मीद है कि आप मुझे हरियाणा का बेटा, अपना बेटा समझेंगे और मुझे माफ कर देंगे।' इस बीच, बादशाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। उनके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एक नोटिस भी जारी किया गया है, जिसमें सिंगर-रैपर को पुलिस के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। टीमें उन्हें गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापेमारी कर रही हैं। पुलिस ने एक ट्वीट में इसकी पुष्टि की।

### गाने पर आपत्ति

इससे पहले बादशाह के गाने के कुछ बोल और वीडियो में दिखाई गई कुछ तस्वीरों को लेकर आपत्ति जताई गई थी। शिकायत करने वाले लोगों का कहना है कि गाने में इस्तेमाल की गई शब्दावली आपत्तिजनक है। उनका मानना है कि इससे महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचती है। उन्होंने महिला आयोग से इस मामले में कार्रवाई की मांग की।



# इम्तियाज अली की 'हीर रांझा' में नजर आएंगी सारा अर्जुन

इम्तियाज अली ने 14 फरवरी के दिन हीर रांझा फिल्म का ऐलान किया था। इसके अनाउंसमेंट वीडिया में हमें लैला मजनू की झलकियां देखने को मिली थी। लेकिन साथ ही हीर रांझा का भी कनेक्शन दिखाई दिया था। अब फिल्म को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं और इसकी कास्ट को लेकर लगातार चर्चाएं जारी हैं।

'लैला मजनू' का पार्ट 2!

'हीर रांझा' फिल्म मशहूर पंजाबी लोककथा पर आधारित एक भव्य रोमांटिक कहानी होगी। इस प्रोजेक्ट के साथ दोनों भाई एक बार फिर एपिक लव स्टोरी की दुनिया में लौट रहे हैं। फिल्म को एकता कपूर प्रोड्यूस करेंगी, जो इससे पहले इम्तियाज और साजिद के साथ 'लैला मजनू' में काम कर चुकी हैं। दिलचस्प बात यह है कि 'हीर रांझा' को 'लैला मजनू' फ्रेंचाइजी का दूसरा चैप्टर माना जा रहा है, जो लव स्टोरी के पार्ट को आगे बढ़ाएगा। फिल्म की घोषणा के बाद से ही कास्टिंग को लेकर चर्चाएं तेज हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, धुरंधर फेम सारा अर्जुन इस फिल्म में फीमेल लीड के लिए सबसे मजबूत दावेदार मानी जा रही हैं। बताया जा रहा है कि मेकर्स एक फ्रेश चेहरे की तलाश में हैं और सारा इस भूमिका के लिए बिल्कुल फिट बैठती हैं। बता दें कि 2025 में आई आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' से सारा ने खास पहचान बनाई थी और अब वह इंडस्ट्री की उभरती हुई टैलेंटेड एक्ट्रेसेज में गिनी जा रही हैं।

### सारा का वर्कफ्रंट

वर्क फ्रंट की बात करें तो सारा अर्जुन जल्द ही 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म 19 मार्च को रिलीज होने वाली है।

### कौन होगा मेल लीड?

वहीं, मेल लीड के लिए रोहित सराफ का नाम चर्चा में है। हालांकि मेकर्स की ओर से अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन अगर रोहित और सारा की जोड़ी बनती है तो उन्हें बड़े पर्दे पर रोमांस करते देखना दिलचस्प होगा। फिलहाल कास्टिंग प्रक्रिया जारी है।



## राज एंड डीके के अगले प्रोजेक्ट में सलमान खान की एंट्री?



'द फैमिली मैन', 'फर्जी' और 'गन्स एंड गुलाब' जैसी लोकप्रिय सीरीज के लिए मशहूर निर्देशक जोड़ी राज एंड डीके अपनी एक सुपरहीरो फिल्म लेकर आ रहे हैं। जिसमें सुपरहीरो की भूमिका सलमान खान निभाएंगे।

खबर के अनुसार, सलमान खान पिछले कुछ महीनों से निर्देशक जोड़ी राज एंड डीके के साथ किसी फिल्म को लेकर बात कर रहे हैं। यह एक खास सुपरहीरो कॉमेडी फिल्म हो सकती है, जो हॉलीवुड फिल्म 'हैनकॉक' (विल स्मिथ वाली) से मिलती-जुलती होगी।

### क्या सुपरहीरो की भूमिका में नजर आएंगे सलमान?

राज एंड डीके की इस फिल्म में सलमान एक ऐसे सुपरहीरो का रोल करेंगे, जो दुनिया को बार-बार बचाते-बचाते थक चुका है। वह अब रिटायर होना चाहता है और अपना सुपरहीरो का कपड़ा उतारना चाहता है। लेकिन मुश्किल हालात उसे बार-बार एक्शन में खींच लाते हैं और आखिर में वह एक बड़े मुकाबले में फंस जाता है। फिल्म में कॉमेडी और सुपरहीरो वाले मजेदार अंदाज के साथ भरपूर एक्शन होगा।

### सलमान को पसंद है फिल्म का आइडिया

सलमान निर्देशक राज एंड डीके की इस फिल्म के आइडिया से बेहद खुश हैं। वे स्क्रिप्ट का इंतजार कर रहे हैं और चाहते हैं कि फिल्म बहुत ज्यादा महंगी न बने। उन्होंने निर्देशकों से कहा है कि बजट को ध्यान में रखकर कहानी लिखें, कोई बहुत बड़े ङ्कस्नङ्ग वाली फिल्म नहीं बनानी है। फिल्म की पूरी कहानी अप्रैल 2026 में सुनाई जाएगी। अगर सब ठीक रहा तो नवंबर 2026 से शूटिंग शुरू हो सकती है। इस फिल्म का प्रोडक्शन मिथ्री मूवी मेकर्स और रील लाइफ एंटरटेनमेंट मिलकर करेंगे। यह सलमान का राज-डीके के साथ पहला प्रोजेक्ट होगा। इससे पहले सलमान फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' में नजर आएंगे।





## 'वृषकर्मा' में राक्षसी शक्ति का नाश करते नजर आए नागा चैतन्य

**एक्शन-एडवेंचर फिल्म के निर्देशक कार्तिक वर्मा दंडू की रहस्यमय थ्रिलर फिल्म 'वृषकर्मा' की पहली झलक सामने आ चुकी है। झलक में एक अंधेरी अलौकिक दुनिया को दर्शाया गया है, जहां एक रहस्यमय रेखाचित्र वास्तविकता में तब्दील हो जाते हैं, जो राक्षसी शक्तियों की ओर इशारा करते हैं।**

### फिल्म की खास झलक

इस फिल्म की खास झलक की शुरुआत एक डरावने सीन से होती है। एक कमरे में स्पर्श श्रीवास्तव एक अजीब चित्र बनाते नजर आते हैं और फिर अचानक उनके मुंह से चमगादड़ निकलता नजर आता है। इस सीन से पते चलता है कि यह फिल्म काफी डरावनी और रहस्यमयी पहलुओं पर बनी है।

### नागा चैतन्य की एंट्री

जब नागा चैतन्य की धमाकेदार एंट्री होती है। वे एक ऐसे खजाना खोजने वाले के रोल में हैं, जो पुरानी अंधेरी शक्तियों और रहस्यों से लड़ता है। उनका किरदार किसी राक्षसी ताकत का सामना करने के लिए चुना गया लगता है। कहानी में भाग्य और धर्म का कनेक्शन दिखता है। नागा चैतन्य का नया लुक और बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन फैंस को काफी पसंद आ रहा है।

### कैसा है मीनाक्षी चौधरी का रोल



इस फिल्म में नागा के अलावा मीनाक्षी चौधरी मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में मीनाक्षी एक आर्कियोलॉजिस्ट के रोल में हैं और साथ ही इसकी कहानी के बड़े रहस्य को खोलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती नजर आ रही हैं। फिल्म 'वृषकर्मा' के बारे में 'वृषकर्मा' एक रहस्यमयी थ्रिलर फिल्म है, जिसे कार्तिक दांडू ने डायरेक्ट किया है। इसकी झलक में पौराणिक कहानियां, सुपरनैचुरल हॉरर और एक्शन का मजेदार मिश्रण है। इस फिल्म को बीवीएसएन प्रसाद ने बनाया है और सुकुमार ने पटकथा लिखी है। इसमें ब्रह्माजी, जरीन वहाब और जयराम जैसे कलाकार भी हैं।



# अनुराग कश्यप ने किया अनिल कपूर की 'सूबेदार' का रिव्यू

## यह बड़े पर्दे के लिए बनाई गई है

एवरग्रीन एक्टर अनिल कपूर की हालिया रिलीज फिल्म 'सूबेदार' 5 मार्च को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है। इसे क्रिटिक्स की मिली-जुली समीक्षाएं ही हासिल हुई हैं। हालांकि, अनिल कपूर के अभिनय की काफी सराहना हुई। अब फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप ने भी फिल्म देखी है और इसकी समीक्षा की है। अनुराग कश्यप का मानना है कि इस फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना चाहिए था। उन्होंने कलाकारों के अभिनय, एक्शन और फिल्म की सादगी की प्रशंसा की है।

### इसे बड़े पर्दे पर आना चाहिए था

अनुराग कश्यप ने 'सूबेदार' की तारीफ करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की है। इसमें उन्होंने फिल्म से अनिल कपूर की एक तस्वीर शेयर की है। इसके साथ ही फिल्म का रिव्यू करते हुए अनुराग ने लिखा, 'प्राइम वीडियो पर आई फिल्म 'सूबेदार' को सिनेमाघरों में रिलीज होना चाहिए था। इसे सिनेमाघरों में देखना मुझे बहुत अच्छा लगता। यह साफ तौर पर बड़े पर्दे के लिए एनामोर्फिक तकनीक से शूट की गई है, बड़े पर्दे के लिए ही बनाई गई है। सुरेश त्रिवेणी बुंदेलखंड/चंबल की एक जीवंत दुनिया रचते हैं, जिसमें पितृसत्ता और विशेषाधिकार का भाव साफ झलकता है। जहां महिलाएं पुरुषों के बराबर पितृसत्तात्मक हैं और जो नहीं हैं, वे भी पुरुषों की तरह संघर्ष करती हैं। ये पुरुष प्रधान बीहड़ इलाके हैं, जहां कभी फूलन देवी का जन्म हुआ था।'

निर्देशक ने आगे फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा, 'दुनिया तब से बदली नहीं है, बल्कि और भी बदतर हो गई है। इसी दुनिया में हमारा सूबेदार आता है। जिस दुनिया ने पान सिंह तोमर को भी जन्म दिया, उसी दुनिया में यह पूर्व सैनिक पूरी तरह से असभ्य आम लोगों की दुनिया के खिलाफ खड़ा है। पूरी तरह से काल्पनिक, लेकिन इसे देखकर मुझे यकीन करने का मन करता है। तनाव (शोर कम करने वाले हेडफ़ोन लगाकर देखा) और दृढ़ता और खामोशी से भरपूर, और एक सुनियोजित गति के साथ। बहुत मजा आया, लेकिन अगर मैंने इसे दर्शकों से भरे थिएटर में देखा होता तो और भी ज्यादा आनंद आता।'

### कलाकारों के अभिनय को सराहा

कलाकारों के अभिनय की तारीफ करते हुए अनुराग कश्यप ने कहा कि अनिल कपूर ने इस फिल्म में भी अपने अंदर की आग को बरकरार रखा है। फैसल मलिक शानदार हैं, मोना सिंह क्या नहीं कर सकतीं और आदित्य रावल ने छोटे शहर के, सोशल मीडिया से प्रभावित एल्विस यादव जैसे खलनायक का किरदार बखूबी निभाया है। जिससे मुझे नफरत होने का मन करता है। आखिर में मुझे राधिका मदान को और देखना है, जोशीली और संवेदनशील, वो चमक उठीं। मेरे हमेशा भरोसेमंद कल्लू मामा की एक्शन फिल्म 2026 में देखना मेरे कैलेंडर में नहीं था। मजा आया सर।

### ये मेरी वाली कमर्शियल फिल्म है

अंत में टेक्निकल पक्ष की तारीफ करते हुए अनुराग ने कहा कि खूबसूरत दृश्यों की फोटोग्राफी, शानदार हाईवे चेज, शानदार एक्शन। ऐसे समय में जब हर कोई एक्शन के घिसे-पिटे पैटर्न को अपना रहा है, यहां की सादगी वाकई दिल को छू लेती है। इसमें शामिल सभी लोगों को बधाई। इसे एक बार जरूर देखें। खास बात- रणवीर का किरदार निभाने वाला अभिनेता शानदार है। ये मेरी वाली कमर्शियल फिल्म है।



# भारत ने 3 साल में 3 आईसीसी ट्रॉफी जीतीं

**● एक टी-20 वर्ल्डकप में 100+ सिक्स लगाए, संजू ने कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा ● लगातार 2 वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली टीम, पहली बार होम टीम ने टाइटल जीता**

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारत ने तीसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 5 विकेट पर 255 रन बनाए, न्यूजीलैंड की टीम 159 रन पर ऑलआउट हो गई।

इस जीत के साथ भारत ने तीन साल में तीसरी आईसीसी ट्रॉफी अपने नाम कर ली। साथ ही टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप के एक एडिशन में 100 से ज्यादा छक्के लगाने वाली पहली टीम बनी, जबकि संजू सैमसन ने टूर्नामेंट में एक एडिशन में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाकर विराट कोहली का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।

**2024 का कारनामा 2026 में दोहराया–** रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने 29 जून 2024 को टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। टीम ने बारबाडोस में साउथ अफ्रीका को 7 रन के अंतर से हराया। आज टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप जीतने का कारनामा 2026 में भी दोहरा दिया।

### 3 इतिहास बदले

- **पहला–** पहली बार किसी होम टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप जीता। इससे पहले कोई मेजबान टीम इस टूर्नामेंट में चैंपियन नहीं बनी।
- **दूसरा–** पहली बार किसी टीम ने लगातार दो टी-20 वर्ल्ड कप जीते। इससे पहले कोई भी टीम अपना टाइटल डिफेंड नहीं कर सकी थी।
- **तीसरा–** पहली बार किसी टीम ने तीन बार टी-20 वर्ल्ड कप जीते। किसी अन्य टीम ने इस टूर्नामेंट के 3 टाइटल नहीं जीते हैं।






### फाइनल के टॉप रिकॉर्ड्स

**भारत ने 3 साल में 2 टी-20 वर्ल्ड कप और एक चैंपियंस ट्रॉफी जीती–** भारत ने सिर्फ तीन साल के भीतर तीन आईसीसी ट्रॉफियां अपने नाम कर लीं। टीम ने 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर 17 साल बाद यह खिताब हासिल किया। इसके बाद 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम कर जीत की लय बरकरार रखी और अब 2026 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर भारत ने तीन साल में तीसरी आईसीसी ट्रॉफी हासिल कर ली। टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में दो-दो बार हारने वाली टीमों में पाकिस्तान, श्रीलंका और न्यूजीलैंड शामिल हैं। पाकिस्तान 2007 और 2022 में, श्रीलंका 2009 और 2012 में, जबकि न्यूजीलैंड 2021 और 2026 में फाइनल हार चुका है।

### भारत 3 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली पहला देश

भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में नया अध्याय लिख दिया। टीम इंडिया 2024 के बाद 2026 में भी चैंपियन बनी और टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब डिफेंड करने वाली पहली टीम बन गई। इसके साथ ही इंडिया तीन टी-20 वर्ल्ड कप (2007, 2024 और 2026) जीतने वाली दुनिया की पहली टीम भी बन गया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में जीत के साथ भारत ने पहली बार अपने घरेलू मैदान पर टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी भी जीती। इससे पहले टीम ने 2007 में साउथ अफ्रीका और 2024 में वेस्टइंडीज में खिताब जीता था। अब भारत के नाम तीन टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी हो गई हैं, जबकि वेस्टइंडीज और इंग्लैंड दो-दो बार ही यह खिताब जीत सके हैं।

### भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा बार 200+ का स्कोर बनाया

इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा बार 200+ का स्कोर बनाने वाली टीम बन गई। टीम इंडिया ने अब तक सात बार 200+ रन बनाए हैं। इस रिकॉर्ड में साउथ अफ्रीका 6 बार 200+ स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि वेस्टइंडीज, श्रीलंका और इंग्लैंड 4-4 बार यह आंकड़ा पार कर चुके हैं। टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा 250+ स्कोर बनाने के मामले में भी भारत टॉप पर है। टीम इंडिया अब तक सात बार 250 से ज्यादा का स्कोर बना चुकी है। इस रिकॉर्ड में आईपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद 5 बार 250+ स्कोर के साथ दूसरे नंबर पर है। भारत ने 2026 में चार बार 250+ स्कोर बनाया, जो किसी भी टीम से एक साल में सबसे ज्यादा है।

## गंभीर बोले- जीत द्रविड़ और लक्ष्मण को समर्पित

### संजू ने कहा- सचिन की सलाह काम आई, सूर्या ने बुमराह को राष्ट्रीय धरोहर बताया




**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया। टीम तीसरी बार टी-20 में वर्ल्ड चैंपियन बनी। अहमदाबाद में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने चार विकेट झटके और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट के आखिरी तीन मैचों में शानदार प्रदर्शन के कारण सैमसन को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। इसमें इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल की अहम पारियां शामिल हैं। उन्होंने टूर्नामेंट के 5 मैचों में 321 रन बनाए। संजू सैमसन ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपने शानदार प्रदर्शन का श्रेय सचिन तेंदुलकर से हुई बातचीत को दिया। वहीं, कप्तान सूर्या ने जसप्रीत बुमराह को नेशनल धरोहर बताया। गंभीर बोले- जीत द्रविड़ और लक्ष्मण को समर्पित है।

## दिव्या को प्राग चैलेंजर शतरंज में तीसरा स्थान, विश्व टॉप 10 में पहुँची



**प्राग, चेक गणराज्य (एजेंसी)।** वर्तमान महिला विश्व कप विजेता भारत की दिव्या देशमुख नें फ़ीडे कैंडिडेट के पहले प्राग चैलेंजर में 9 राउंड के बाद 5 अंक बनाते हुए तीसरा स्थान हासिल करते हुए ना सिर्फ़ विश्व टॉप 10 महिला खिलाड़ियों में ख़ुद को शामिल कर लिया है बल्कि कैंडिडेट शुरू होने के पहले अपनी मजबूत दावेदारी भी प्रस्तुत कर दी है ।

दिव्या इस 10 खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन मजबूत टूर्नामेंट में शामिल दो महिला खिलाड़ियों में से एक थी विश्व नंबर 3 चीन की जू जिनर भी इस मुक़ाबले का हिस्सा थी जो 2.5 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर रही। दिव्या देशमुख नें आख़िरी राउंड में मेजबान चेक गणराज्य के स्टीफन हर्बेक को मात देते हुए अपनी दूसरी जीत दर्ज की । चेक गणराज्य के फिनेक वैक्लेव 6.5 अंकों के साथ पहले और स्पेन के यूफ़ा डेनियल 6 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर रहे । भारत के सूर्य शेखर गांगुली 4 अंक बनाकर आठवें स्थान पर रहे । फ़िलहाल दिव्या 2510 फ़ीडे रेटिंग अंकों के साथ विश्व रैंकिंग में दसवें स्थान पर पहुँच गई है . 2535 अंकों के साथ अभी भी कोनेरू हंपी विश्व में नंबर 5 और भारत की शीर्ष खिलाड़ी बनी हुई है ।

# भारत को टी-20 वर्ल्ड कप जिताने वाले 5 हीरो

**सैमसन ने लगातार 3 फिफ्टी लगाईं, बुमराह टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर बने**

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप जीत लिया है। टीम ने रविवार रात न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया। वैसे तो इस ट्रॉफी के लिए सभी प्लेयर्स ने योगदान दिया, लेकिन कुछ प्लेयर्स ऐसे रहे, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में प्रदर्शन कर खुद को साबित किया।

- **बड़े मैचों में सैमसन ने फिफ्टी लगाई–** भारत के विकेटकीपर बैटर संजू सैमसन भारत के लिए ट्रंप कार्ड साबित हुए। उन्होंने टीम के लिए लगातार 3 मैचों में फिफ्टी लगाई। लीग स्टेज में प्लेइंग-11 के लिए स्ट्रगल कर रहे संजू को वेस्टइंडीज के खिलाफ कोलकाता में मौका मिला। यहां टीम को जीत चाहिए थी। सैमसन ने बैटिंग के लिए चैलेंजिंग पिच पर नाबाद 97 रनों की पारी खेलकर भारत को फाइटिंग टोटल तक पहुंचाया। इतना ही नहीं, सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ और फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 89-89 रनों की पारी खेली। वे इस टूर्नामेंट में भारत के टॉप स्कोरर रहे। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया।



- **बुमराह इस टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर–** जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द फाइनल रहे। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने कोटे के चार ओवर में 15 रन देकर 4 विकेट झटके। इतना ही नहीं, वे इस टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर भी बने। उन्होंने 8 मैचों में 14 विकेट झटके। सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ बुमराह की सटीक गेंदबाजी ने भारत को जीत दिला दी। गुरुवार को 254 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लैंड ने 15 ओवर में 5 विकेट पर 185 रन बना लिए थे। मैच इंग्लैंड के पाले में जाता दिख रहा था, तभी कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जसप्रीत बुमराह को गेंद थमाई। उन्होंने मिडिल ओवर्स में 2 ओवर फेंके और मात्र 14 रन देकर इंग्लैंड पर दबाव बना दिया। यहां से भारत ने 7 रन से मैच जीत लिया।



- **ईशान किशन के नाम 3 फिफ्टी–** टी-20 वर्ल्ड कप से पहले आखिरी समय में टीम में चुने गए ओपनर ईशान किशन ने टूर्नामेंट में 3 फिफ्टी लगा दीं। उन्होंने फाइनल में 21 बॉल में 247.61 के स्ट्राइक रेट से 52 रन बनाए। किशन ने संजू सैमसन के साथ 48 बॉल पर 105 रन की साझेदारी की। इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ ईशान ओपनिंग करने उतरे, लेकिन उनके सामने अभिषेक शर्मा शून्य पर आउट हो गए।



- **हार्दिक के नाम 217 रन के साथ 9 विकेट–** हार्दिक पंड्या ने बैट और बॉल दोनों से योगदान दिया। उन्होंने 9 मैचों में एक फिफ्टी के सहारे 217 रन बनाए। 160.74 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। इतना ही नहीं, पंड्या ने 9 विकेट भी निकाले। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में हार्दिक पंड्या ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने 12 गेंदों पर 225 के स्ट्राइक रेट से 27 रन बनाए और टीम इंडिया का स्कोर 250 के पार पहुंचा दिया। बॉलिंग करते हुए पहली ही गेंद पर फिल सॉल्ट का विकेट निकाल दिया। उन्होंने 19वें ओवर में 9 ही रन दिए और जीत दिला दी।





- **शिवम दुबे ने फाइनल में 225 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए–** भारत ने फाइनल में 15 ओवर में 203 रन बना दिए थे। तब जिमी नीशम ने 16वें ओवर में संजू सैमसन (89 रन), ईशान किशन (52 रन) और सूर्यकुमार यादव (जीरो) को पवेलियन भेज दिया। उसके बाद अगली 24 गेंद में 28 रन बने। ऐसे में टीम इंडिया का 250 भी पहुंचना मुश्किल लग रहा था। शिवम दुबे ने पारी के 20वें ओवर में जिमी नीशम के खिलाफ दो छक्के और 3 चौके लगाए। उनकी 8 बॉल पर 26 रन की पारी की बदौलत टीम इंडिया ने फाइनल में 255 रन का स्कोर बनाया। उन्होंने सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 25 बॉल पर 43 रन की पारी खेली थी।

## कप्तान सूर्या वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद हनुमान मंदिर पहुंचे

**● देशभर में जश्न, आतिशबाजी के साथ लोग नाचे, तिरंगा लेकर सड़कों पर उतरे**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को खेले गए टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर खिताब जीत लिया है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे देश में दिवाली जैसा माहौल है। प्रशंसक सड़कों पर नाच रहे हैं, आतिशबाजी कर रहे हैं और तिरंगा फहराकर खुशी मना रहे हैं। इधर कप्तान सूर्यकुमार यादव देर रात वर्ल्ड कप ट्रॉफी लेकर अहमदाबाद के हनुमान मंदिर पहुंचे और पूजा की। इस दौरान आईसीसी चेयरमैन जय शाह और टीम के हेड कोच गौतम गंभीर भी उनके साथ थे।

**महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर**

## उरुग्वे के खिलाफ जीत से अभियान शुरू करना चाहेगा भारत

**हैदराबाद (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप में जगह बनाने के लक्ष्य के साथ क्वालीफायर टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। अनुभवी कोच Sjoerd Marijne के टीम से जुड़ने के बाद खिलाड़ियों में नया उत्साह देखने को मिल रहा है। मेजबान भारत अपने पहले मुकाबले में Uruguay के खिलाफ जीत के साथ अभियान की सकारात्मक शुरुआत करना चाहेगा।




**विश्व कप के लिए तीन स्थान दांव पर–** इस क्वालीफायर टूर्नामेंट में कुल आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स, ऑस्ट्रिया शामिल हैं। टूर्नामेंट के पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें आगामी FIH Women's Hockey World Cup के लिए क्वालीफाई करेंगी। यह विश्व कप 14 से 30 अगस्त के बीच Belgium और Netherlands में आयोजित होगा।

**कोच मारिन की वापसी से टीम में जोश–** डच कोच स्जोएर्ड मारिन के लिए यह टूर्नामेंट मुख्य कोच के रूप में पहली जिम्मेदारी होगी। वह इससे पहले Tokyo 2020 Olympics में भारतीय टीम को ऐतिहासिक चौथे स्थान तक पहुंचाने के बाद पद छोड़ चुके थे और अब एक बार फिर टीम के साथ जुड़े हैं। उनकी वापसी से भारतीय टीम में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास देखने को मिल रहा है।

### भारत की रैंकिंग और दावेदारी

भारतीय टीम इस समय विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर है और टूर्नामेंट में इंग्लैंड (7वें स्थान) के बाद दूसरी सबसे ऊंची रैंकिंग वाली टीम है। रैंकिंग के आधार पर देखा जाए तो उरुग्वे के खिलाफ भारत को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

## 28 मार्च से शुरू होगा आईपीएल 2026

**● टी-20 वर्ल्डकप फाइनल से पहले ऐलान ● बंगाल-तमिलनाडु समेत 5 राज्यों में चुनावों के चलते शेड्यूल बदला**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च को होगी। इसकी घोषणा रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले भारत-न्यूजीलैंड टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल से पहले ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स ने की।




पहले टूर्नामेंट 26 मार्च से शुरू होना था, लेकिन तमिलनाडु, केरल, असम, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में होने वाले चुनावों के कारण शेड्यूल में बदलाव किया गया है। हालांकि आईपीएल की ओर से अभी तक टूर्नामेंट का पूरा कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है।

**चेपॉक, ईडन गार्डन्स में होते हैं मैच–** विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में तीन ऐसे प्रमुख स्टेडियम हैं जो आईपीएल वेन्यू के रूप में इस्तेमाल होते रहे हैं। तमिलनाडु के चेन्नई स्थित एमए चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक) चेन्नई सुपर किंग्स का होम ग्राउंड है।

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में स्थित ईडन गार्डन्स कोलकाता नाइट राइडर्स का घरेलू मैदान है, जबकि असम के गुवाहाटी में बना बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम राजस्थान रॉयल्स का सेकेंड होम वेन्यू रहा है।

**चुनाव के कारण दो चरणों में आ सकता है शेड्यूल–** 2008 में आईपीएल शुरू होने के बाद जब भी देश में आम चुनाव (2009, 2014, 2019 और 2024) या किसी राज्य में विधानसभा चुनाव हुए हैं, टूर्नामेंट का शेड्यूल दो हिस्सों में जारी किया गया है। ऐसे में संभावना है कि इस बार भी बीसीसीआई ऐसा ही करेगा।

**बेंगलुरु में होगा ओपनिंग और फाइनल मैच–** कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) के सेक्रेटरी संतोष मेनन ने कन्फर्म किया कि बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में ही ओपनिंग और फाइनल मैच खेले जाएंगे। होम टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) इस बार अपने 5 होम मैच चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलेगी।




## धोनी बोले- कोच साहब, आप पर मुस्कुराहट अच्छी लगती है

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारत की टी-20 वर्ल्ड कप जीत ने एमएस धोनी को भी सोशल मीडिया पोस्ट करने पर मजबूर कर दिया। पूर्व कप्तान धोनी ने चैंपियन टीम की फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की और लिखा, अहमदाबाद में इतिहास रचा गया। कोच साहब (गौतम गंभीर), आपके चेहरे पर मुस्कुराहट अच्छी लगती है।

वहीं सचिन तेंदुलकर पूरे मैच के दौरान एक्स पर एक्टिव नजर आए। जीत के बाद उन्होंने कहा, टीम इंडिया ने इनक्रेडिबल वर्क किया। विराट कोहली बोले, अहमदाबाद में भारत ने अद्भुत जीत हासिल की। भारत ने रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल जीता। टीम ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया और 3 साल में तीसरा आईसीसी टाइटल अपने नाम किया। भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप भी तीसरी बार ही जीता है।

### सचिन ने कहा- इनक्रेडिबल वर्क टीम इंडिया, कोहली ने जीत को अद्भुत बताया

**बुमराह चैंपियन बॉलर–** एमएस धोनी ने 21 महीने बाद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कोई फोटो शेयर की। उन्होंने लिखा, अहमदाबाद में इतिहास रचा गया। टीम इंडिया, सपोर्ट स्टाफ और सभी फैंस को बधाइयां। आप सभी को खेलते हुए देखकर बहुत खुशी हुई। कोच साहब (गौतम गंभीर) आपके चेहरे पर मुस्कुराहट अच्छी लगती है। मैच इंटेंसिटी के साथ आपकी स्माइल एक किलर कॉम्बिनेशन है। बेहतरीन प्रदर्शन, मजे कीजिए। बुमराह के बारे में कुछ न लिखूं तो ही अच्छा है। चैंपियन बॉलर। धोनी ने इससे पहले 2024 में टीम इंडिया को टी-20 वर्ल्ड कप जीतने पर ही सोशल मीडिया पर बधाई दी थी। इस बार तो वे सेमीफाइनल और फाइनल के दौरान स्टेडियम में भी मौजूद रहे।




### संजू ने स्मार्ट बैटिंग की- सचिन

सचिन तेंदुलकर फाइनल के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक्टिव नजर आए। उन्होंने संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, शिवम दुबे, अक्षर पटेल और जसप्रीत की तारीफ की। संजू पर उन्होंने कहा, सैमसन बड़ी स्मार्ट बैटिंग कर रहे हैं, वे जानते हैं कि कहां अटैक करना है और कहां डिफेंड करना है। ईशान किशन ने भी बेहतरीन शॉट्स खेले। मैच के बाद तेंदुलकर बोले, भारत और न्यूजीलैंड के बॉलर्स में यही अंतर रहा कि इंडिया ने स्लोअर गेंदें बहुत ज्यादा इस्तेमाल कीं। अहमदाबाद में शॉर्ट पिच गेंदें और वैरिएशन ही कारगर रहे। टी-20 वर्ल्ड कप लगातार 2 बार जीतना खास अहसास है। भारत इस ट्रॉफी को जीतना डिजर्व करता है। भारत ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, टीम ने स्पेशल ब्रांड का क्रिकेट खेला। बेहतरीन टीम इंडिया, जय हिंद। जीत के बाद सेलिब्रेशन के लिए मुंबई में नहीं हूं, लेकिन मेरे घर के बाहर लोगों के जश्न के वीडियो देख रहा हूं। बेहतरीन रात। बेहतरीन काम, टीम इंडिया।



# यमुनापार सड़कें बनीं मलबे का ढेर, लगातार बढ़ रहा हादसों का खतरा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी दिल्ली में यमुनापार की सड़कों पर सिर्फ यातायात का ही भार नहीं है, बल्कि अवैध रूप से डाले गए मलबे और भवन निर्माण सामग्री का बोझ भी ढो रही हैं। इलाके की कई मुख्य सड़कें स्थायी डंपिंग जोन में तब्दील हो गई हैं, जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन सड़कों पर चलना जोखिम भरा हो गया है। दो लेन की सड़कें अतिक्रमण के कारण एक लेन में सिमट कर रह गई हैं। ऐसा कोई दिन नहीं गुजरता जब इन स्थानों पर हादसे का खतरा न बना रहता हो।

गाजीपुर, कड़कड़ी मोड़, कोंडली मोड़, प्रीत विहार और अजित नगर की जिन सड़कों पर वाहनों को फर्राटा भरना चाहिए था, वहां भवन निर्माण सामग्री और मलबे के ढेर लगे हुए हैं। इससे सड़कें दुर्घटना संभावित क्षेत्र में बदल गई हैं। अतिक्रमण के कारण इन सड़कों की चौड़ाई आधे से भी कम रह गई है। वाहनों के गुजरने पर धूल उड़ती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में सड़क की हालत और खराब हो जाती है। मालवाहक वाहनों से रोजाना सड़क किनारे मलबा डाला जाता है, जबकि प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। गाजीपुर मंडी के पास निगम पार्किंग के पास सड़क



डंपिंग जोन में बदल चुकी है। सड़क के दोनों ओर मलबा डाला जा रहा है, जिससे सड़क अपनी पहचान खो चुकी है। धूल और मलबे से सड़क पूरी तरह पट गई है और बरसात में यह जानलेवा बन जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, करीब एक साल पहले तक सड़क की स्थिति ठीक थी, लेकिन उसके बाद यहां मलबा डाला जाने लगा और धीरे-धीरे पूरी सड़क डंपिंग जोन में तब्दील हो गई। पास में उत्तर प्रदेश की सीमा होने के कारण अब दिल्ली और यूपी दोनों तरफ से यहां मलबा डाला जा रहा है।

### नाला रोड पर लगा है मलबे का अंबार

कोंडली मोड़ के पास से गुजरने वाली नाला रोड इलाके को एनएच–नौ से जोड़ती है। इस सड़क की हालत यह है कि आवागमन की एक लेन पूरी तरह मलबे से ढक गई है। पुराने घरों की टूटी छतों और ईंट–पत्थरों के ढेर राहगीरों की जान को खतरे में डाल रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क से भारी वाहनों से लेकर ई–रिक्शा तक गुजरते हैं। सड़क की चौड़ाई कम होने और बेतरतीब पड़े मलबे के कारण अंधेरे में दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ जाता है। लोगों का आरोप है कि प्रशासन और माफियाओं की मिलीभगत से राहगीरों की जान जोखिम में डाली जा रही है। निर्माण विहार में डिस्ट्रिक्ट सेंटर के पास बीच सड़क पर निर्माण सामग्री फैली हुई है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वाहनों के आवागमन से धूल के गुबार उड़ते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इलाके में सड़कों पर बिखरी रेत राहगीरों के लिए बड़ी समस्या बन गई है। आए दिन यहां दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। क्षेत्र को सड़कों पर फैले मलबे से छुटकारा दिलाने का प्रयास जारी है। दिशा कमेटी की बैठक में इस मुद्दे पर गंभीरता से चर्चा की गई है। बैठक में मौजूद केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने अधिकारियों को इस पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। शहर को मलबे से मुक्त कराने के लिए जल्द ही अलग से डंपिंग जोन बनाउ जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### मालवीय नगर में फिर नॉर्थ ईस्ट की छात्राओं से अभद्रता, नस्लीय कमेंट के बाद की मारपीट

नईदिल्ली, एजेंसी। एक पखवाड़े के भीतर मालवीय नगर में ही नॉर्थ ईस्ट की छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार का दूसरा मामला सामने आया है। इस बार छात्राओं पर नस्लीय टिप्पणी करने के साथ ही उन पर हमला भी किया गया। दो छात्राओं में से एक घायल हो गई, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। लगातार हो रही घटनाओं को लेकर उत्तर पूर्वी समुदाय से जुड़े संगठनों ने चिंता जताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस पीड़िताओं के संपर्क में है। जल्द उनके बयान दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई होगी।दक्षिणी दिल्ली जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान के मुताबिक रविवार शाम के समय साकेत डिस्ट्रिक्ट कोर्ट कांप्लेक्स स्थित एक पार्क में मणिपुर की एक लड़की अपनी दोस्त के साथ टहल रही थी। तभी कुछ अराजक तत्वों ने उन पर कुछ कमेंट्स किए। जब लड़कियों में से एक ने कमेंट्स पर एतराज किया तो दोनों पक्षों में बहस होने लगी। आरोप है कि युवकों ने इस दौरान छात्रा पर हमला कर दिया। घायल लड़की को मेडिकल जांच और इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक वह ठीक है और उसे मामूली चोट आई है। पुलिस टीम पीड़िता से लगातार संपर्क में है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि 20 फरवरी को भी मालवीय नगर में ही अरुणाचल प्रदेश की तीन युवतियों के साथ दंपती ने विवाद किया और उन पर नस्लीय टिप्पणी की थी।

### बवाना में डीयू के छात्र की गोली मारकर हत्या

#### शाम को दोस्त से मिलने निकला था, सुबह सड़क किनारे मिली लाश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बवाना थाना क्षेत्र के पूठखुर्द स्थित अपने घर से शनिवार की शाम निकले एक युवक की देर रात दो गोली मारकर हत्या कर दी गई। रविवार सुबह सड़क किनारे शव देखकर लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हत्या किसने और क्यों की, इसकी जानकारी पुलिस जुटा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से पुलिस आरोपितों का पता लगा रही है। मृतक की पहचान 24 वर्षीय भूपेंद्र के रूप में हुई है। बवाना थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक भूपेंद्र के परिवार में पिता कुलदीप, माता और एक छोटा भाई व एक बड़ी बहन है। पिता कुलदीप टीपीडीडीएल में इंजीनियर हैं। भूपेंद्र दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई कर रहा था। पीड़ित परिवार ने बताया कि शनिवार की शाम वह अपनी स्कूटी से किसी दोस्त से मिलने के लिए अकेला घर से निकला था। रात 10 बजे परिवार की भूपेंद्र से फोन पर बात भी हुई थी। उस समय भूपेंद्र जल्द ही घर आने की बात कह रहा था। देर रात तक भूपेंद्र के घर नहीं आने पर पीड़ित परिवार ने बार-बार भूपेंद्र के मोबाइल पर फोन किया, लेकिन भूपेंद्र ने फोन रिसीव नहीं किया। जिसके बाद पीड़ित परिवार ने भूपेंद्र का पता लगाने के लिए उसके दोस्तों व रिश्तेदारों से संपर्क किया। फिर भी कुछ पता नहीं चल सका। सोमवार की सुबह पता चला कि सुल्तानपुर रोड पर पूठखुर्द स्थित राज वाटिका के पास भूपेंद्र को किसी ने गोली मार दी है। जिसके बाद पीड़ित परिवार घटनास्थल पर पहुंचकर इसकी जानकारी पुलिस को दी। बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने पाया कि एक व्यक्ति घायल हालत में सड़क किनारे पड़ा है, जिसे पास के ही अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने युवक को गोली लगने से मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल पर ही मृतक का स्कूटी व मोबाइल फोन भी मिला है।

## अशोक विहार में 10 लाख की कोकीन के साथ ड्रग तस्कर गिरफ्तार, उत्तर-पश्चिमी दिल्ली में फैला था नेटवर्क

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अशोक विहार इलाके में कोकेन सप्लाई करने आए एक युवक को उत्तर पश्चिम जिला स्पेशल टास्क फोर्स ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान अभिषेक अस्थाना के रूप में हुई है। इसके कब्जे से पुलिस ने 11 ग्राम कोकेन और एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर पूरे सिंडिकेट और इससे जुड़े लोगों के बारे में जानकारी हासिल कर रही है। जिला पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने बताया कि जिले की एसटीएफ की टीम लगातार ड्रग तस्करों पर निगरानी रख रही थी। पुलिस टीम ने मुखबिरों को इलाके में सक्रिय किया। निरीक्षक संदीप यादव को एक सप्लायर के अशोक



विहार इलाके में ड्रग्स सप्लाई में सक्रिय होने की जानकारी मिली। टीम गठित कर पुलिस ने सप्लायर पर निगरानी शुरू की। मार्च को पुलिस टीम ने स्कूटी से आए विजय विहार फेज–1 रोहिणी निवासी अभिषेक अस्थाना को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 11 ग्राम कोकेन तथा एक स्कूटी बरामद कर ली। बरामद कोकीन की कीमत 10 लाख रुपये आंकी गई है। शुरुआती जांच में पता चला कि आरोपी अभिषेक अस्थाना ड्रग सिंडिकेट संचालित करने में संलिप्त था तथा हाल ही में उसने उत्तर–पश्चिम जिले में ड्रग तस्करी नेटवर्क को बढ़ाया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभिषेक अस्थाना पहली बार पुलिस गिरफ्त में आया है। पुलिस उससे पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

## अभी से 38 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा पारा

### दिल्ली-एनसीआर में पड़ेगी भयंकर गर्मी, आईएमडी ने बताया अगले सप्ताह तक कैसा रहेगा मौसम



**नईदिल्ली, एजेंसी।** लगातार तीखी होती गर्मी के तेवर आगे भी नरम पड़ने की संभावना नहीं लग रहे। मौसम विभाग के पूर्वानुमान पर जाएं तो अगले तीन दिनों में ही दिल्ली में अधिकतम तापमान 38 डिग्री पार चला जाएगा। न्यूनतम तापमान भी इसी सप्ताह 20 डिग्री तक पहुंच जाएगा। अगले सप्ताह भर के दौरान मौसम में बदलाव की भी कोई संभावना नहीं है। इस दौरान बादलों की आवाजाही भले लगी रहे, लेकिन किसी पश्चिमी विक्षोभ या वर्षा होने की उम्मीद नहीं दिख रही। हालांकि, सप्ताहांत में तापमान में एक दो डिग्री की कमी देखने को मिल सकती है। रविवार को भी दिनभर आसमान साफ रहा और तेज धूप खिली रही। अधिकतम तापमान सामान्य से 7.2 डिग्री अधिक 35.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.7 डिग्री अधिक 16.7 डिग्री सेल्सियस रहा। हवा में नमी का स्तर 94 से 28 प्रतिशत रिकॉर्ड हुआ। सर्वाधिक अधिकतम तापमान 38.9 डिग्री की दृष्टि से रिज रविवार को राजधानी का सबसे गर्म इलाका रहा। वहीं, सर्वाधिक न्यूनतम तापमान 20.3 डिग्री के लिहाज से राजघाट सबसे गर्म इलाका रहा। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि सोमवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। हालांकि, तेज धूप भी निकलेगी। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 37 और 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।

## लेबनान में भारी तबाही, इजराइली हमलों में मारे गए 350 से ज्यादा लोग, मरने वालों में 83 बच्चे भी शामिल



**इजरायल, एजेंसी।** मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच हिज़्बुल्लाह और इजराइल के बीच जारी संघर्ष में भारी जान-माल का नुकसान हुआ है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री रकन नसरुद्दीन ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि 2 मार्च से अब तक इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 394 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में 83 बच्चे और 42 महिलाएं भी शामिल हैं। इसके अलावा 1,130 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मंत्री रकन नसरुद्दीन ने बताया कि घायलों में 254 बच्चे और 274 महिलाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कई हमले रिहायशी इलाकों और आम नागरिकों की सुविधाओं पर भी हुए हैं, जिससे आम लोगों को भारी नुकसान हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री के अनुसार पिछले 48 घंटों में कई घातक घटनाएं दर्ज की गई हैं। इन हमलों में कई कस्बों और गांवों को निशाना बनाया गया, जिससे कई लोगों की जान गई और कई घायल हो गए। सबसे दर्दनाक घटना में सामने आई। यहां एक हवाई हमले में एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में चार छोटे बच्चे और उनके माता-पिता शामिल थे। इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया।

## नेपाल चुनाव में ऐतिहासिक उलटफेर: बालेंद्र शाह की पार्टी ने दर्ज की ऐतिहासिक जीत, पीएम मोदी ने जनता को दी बधाई



**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के आम चुनाव में बड़ा राजनीतिक उलटफेर देखने को मिला है।बालेन शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने भारी बहुमत के साथ ऐतिहासिक जीत दर्ज की है और अब सरकार बनाने की स्थिति में आ गई है। नेपाल के अनुसार प्रत्यक्ष मतदान के तहत 165 सीटों में से आरएसपी 117 सीट जीत चुकी है, जबकि कई अन्य सीटों पर भी आगे चल रही है। चुनाव का सबसे बड़ा उलटफेर तब देखने को मिला जब 35 वर्षीय बालेन शाह ने झापा-5 सीट से चार बार के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को लगभग 50,000 वोटों के बड़े अंतर से हरा दिया।इस जीत के बाद बालेन शाह के नेपाल का अगला प्रधानमंत्री बनने की संभावना मजबूत हो गई है।

इस चुनाव में नेपाल की पुरानी पार्टियों को बड़ा झटका लगा। कई बड़े नेता भी चुनाव हार गए, जिनमें कई पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता शामिल हैं। विश्लेषकों का कहना है कि यह परिणाम नेपाल में भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और पुरानी राजनीति के खिलाफ जनता की नाराजगी को दिखाता है।विशेष रूप से युवाओं और नए मतदाताओं ने बदलाव के लिए बड़ी भूमिका निभाई। नेपाल में राजनीतिक बदलाव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव के सफल आयोजन पर नेपाली जनता को बधाई दी। भारत ने उम्मीद जताई है कि नई सरकार के साथ दोनों देशों के विकासात्मक संबंध और मजबूत होंगे। नेपाल की राजनीति में नया अध्याय पिछले 18 वर्षों में 14 सरकारें देखने वाले नेपाल में यह चुनाव नई राजनीतिक दिशा की शुरुआत माना जा रहा है। यदि बालेन शाह प्रधानमंत्री बनते हैं तो वह नेपाल के सबसे युवा प्रधानमंत्री बन सकते हैं। और देश में नई पीढ़ी के नेतृत्व का प्रतीक बनेंगे।

## पेट्रोल पंप पर चली गोलियां, एक कर्मचारी की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव का असर अब पाकिस्तान तक पहुंचने लगा है। अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण तेल आपूर्ति को लेकर पैदा हुई चिंताओं के बीच सीलकोट में एक पेट्रोल पंप पर विवाद के बाद गोलीबारी हो गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह घटना शनिवार को एक पेट्रोल पंप पर हुई। रिपोर्ट के अनुसार लोगों के बीच यह डर फैल गया है कि अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण तेल आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। विशेष रूप से बंद होने की आशंका ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। इस वजह से कई शहरों में पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। पुलिस के अनुसार एक कार में आए दो लोग पेट्रोल भरवाने के बाद अपने साथ लाए दो डिब्बों में भी पेट्रोल भरवाना चाहते थे। लेकिन पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने सरकारी नियमों का हवाला देते हुए ऐसा करने से इनकार कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया



कि इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। पुलिस के मुताबिक कार सवार लोगों ने पहले कर्मचारियों को धमकी दी और वहां से चले गए। करीब एक घंटे बाद वे हथियारों के साथ वापस आए और पेट्रोल पंप कर्मचारियों पर हमला करते हुए गोलीबारी कर दी। इस हमले में तीन कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां 25 वर्षीय मोहम्मद सिबतैन ने दम तोड़ दिया। बाकी दो घायलों की हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है।

## कनाडा में घास काटने वाली मशीन से बर्फ हटा रहा आदमी

### सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो



**टोरंटो, एजेंसी।** कनाडा के शहर ब्रैंपटन से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक शख्स ड्राइववे से बर्फ हटाने के लिए रेगुलर लॉन मूवर का इस्तेमाल कर रहा है। वीडियो में आदमी को ड्राइववे पर बर्फ की पतली परत पर इलेक्ट्रिक या गैस से चलने वाले मूवर को आगे-पीछे करते हुए देखा जा सकता है।

**लॉन मूवर से बर्फ हटा रहा शख्स:** वीडियो में आदमी लॉन मूवर से लगातार बर्फ हटाने की कोशिश करता दिख रहा है। मूवर के ब्लेड घूमते हैं लेकिन ज्यादातर गीली बर्फ को हटाने के बजाय बिखेर देते हैं। आदमी की कुछ देर की मशक्कत के बाद बर्फ कुछ हद तक हट भी जाती है। सोशल मीडिया पर लोग इस वीडियो को काफी लाइक कर रहे हैं। इस वीडियो को जर्नलिस्ट क्रिस ब्रुनेट ने शेयर किया है। क्रिस ब्रुनेट ने पोस्ट में लिखा, ब्रैंपटन के एक आदमी का लॉनमूवर से अपने ड्राइववे से बर्फ हटाने का यह वीडियो कैनेडियन सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### लॉन मूवर का इस्तेमाल

लॉन मूवर का इस्तेमाल मुख्य रूप से लॉन, पार्क और खेल के मैदानों के लिए घास को एक जैसी, अच्छी ऊंचाई तक काटने के लिए किया जाता है, जिससे घास ज्यादा हेल्दी और घनी होती है। लॉन मूवर का इस्तेमाल बेसिक कटिंग के अलावा खरपतवार को कंट्रोल करने, पत्तियों को मल्च करने और ज्यादा उगी हुई जगहों को मैनेज करने के लिए भी किया जाता है।

# समाज के हर वर्ग को महिलाओं के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना रखनी चाहिए : डीडीसी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के तहत आज चास महिला कॉलेज, चास में एक जागरूकता एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के अधिकार, सम्मान, आत्मनिर्भरता और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार सहित अन्य उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्राओं ने महिलाओं के योगदान और उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा



कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, विज्ञान, खेल और उद्यमिता सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। साथ ही उपस्थित अन्य अतिथियों ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और समाज के विकास में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वहीं, कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा भाषण, कविता पाठ, सांस्कृतिक प्रस्तुति एवं जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, शिक्षा का महत्व, लैंगिक समानता तथा महिलाओं के अधिकारों से संबंधित संदेश दिया गया एवं उपस्थित सभी लोगों ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का संकल्प भी लिया। उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाएं और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में निरंतर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ उठाकर महिलाएं अपने जीवन को बेहतर बना सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान, समान अधिकार और अवसर सुनिश्चित करने का संकल्प लेने का अवसर है। समाज के हर वर्ग को महिलाओं के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना रखनी चाहिए, तभी सशक्त और समतामूलक समाज का निर्माण संभव होगा।

**महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मान देने के साथ-साथ समाज में समान अधिकार दे-**

जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल चौबे ने छात्राओं को शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मान देने के साथ-साथ समाज में समान अधिकार और अवसर सुनिश्चित करने का संदेश भी देता है। कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल चौबे, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन, सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार, कॉलेज की प्राचार्या लीना नायक, डॉ पूजा वर्मा, एडीआईओ अमरेश कुमार सहित शिक्षिकाएं, छात्राएं एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## 17 मार्च को चास नगर निगम में शपथ ग्रहण व उपमहापौर का अप्रत्यक्ष निर्वाचन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के तहत चास नगर निगम के नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह एवं उपमहापौर पद का अप्रत्यक्ष निर्वाचन आगामी 17 मार्च को आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में चास नगर निगम की निवार्ची पदाधिकारी (आरओ) सह अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) चास प्रांजल ढांडा ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में शपथ ग्रहण एवं निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 17 मार्च 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से चास नगर निगम सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक के दौरान सर्वप्रथम नव निर्वाचित महापौर को शपथ दिलाई जाएगी, जिसके पश्चात सभी वार्ड पार्षदों का शपथ ग्रहण कराया जाएगा। चास नगर निगम में शपथ ग्रहण प्रमंडलीय आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग द्वारा कराया जाएगा। शपथ ग्रहण का समय पूर्वाह्न 11:15 बजे निर्धारित किया गया है।



**उपमहापौर पद के लिए होगा अप्रत्यक्ष निर्वाचन**

निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ ने बताया कि शपथ ग्रहण कार्यक्रम के उपरांत चास नगर निगम में उपमहापौर पद के लिए अप्रत्यक्ष निर्वाचन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि वार्ड पार्षदों द्वारा उपमहापौर पद के लिए मतदान किया जाएगा। मतदान के दौरान पार्षदों को बैलेट पत्र पर प्रत्याशी के नाम के सामने क्रास का चिन्ह लगाना होगा। मतदान से पूर्व वार्ड पार्षदों को वैध एवं अवैध मतों के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि मतदान प्रक्रिया सुचारू एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके।

## मूल्य संवर्धित इस्पात के क्षेत्र में बीएसएल की बड़ी उपलब्धि

**चार नए ग्रेड्स को मिला बीआईएस प्रमाणन**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की प्रमुख इकाई, बोकारो इस्पात संयंत्र (बीएसएल) ने अपने मूल्य संवर्धित इस्पात पोर्टफोलियो को सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है. आईएस 513 (भाग 2) के तहत आईएससी 410 ग्रेड तक उपलब्ध मौजूदा बीआईएस लाइसेंस का विस्तार करते हुए, संयंत्र को अब इसी मानक के अंतर्गत आईएससी 440 एलए, आईएससी 470 एलए, आईएससी 510 एलए और आईएससी 550 एलए ग्रेड को शामिल करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), जमशेदपुर से औपचारिक स्वीकृति प्राप्त हुई है. यह स्वीकृति बोकारो इस्पात संयंत्र में उत्पादित हाई स्ट्रेंथ लो अलॉय (एचएसएलए) कोल्ड रोल्ड स्टील ग्रेड के मानकीकरण की दिशा में एक बड़ी प्रगति है. आईएस 513 (भाग 2) में इन विशिष्ट ग्रेड्स के शामिल होने से यह सुनिश्चित होगा कि ये अब राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हैं, जिससे प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में इनकी स्वीकार्यता और मांग में वृद्धि होगी. आईएससी एलए सीरीज के इन ग्रेड्स को उच्च तन्य शक्ति बेहतर फॉर्मेबिलिटी और उत्कृष्ट वेल्डेबिलिटी प्रदान करने के लिए तकनीकी रूप से उन्नत बनाया गया है. ये विशेषताएं उन्हें ऑटोमोटिव और हैवी इंजीनियरिंग उद्योगों के लिए विशेष रूप से उपयुक्त बनाती हैं, जहाँ संरचनात्मक मजबूती और वजन अनुकूलन जैसे मानक अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं. बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी, श्री प्रिय रंजन ने संबंधित सभी विभागों के समन्वित प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह गौरवपूर्ण उपलब्धि उत्पाद की गुणवत्ता और प्रोडक्ट मिक्स में सुधार लाने के सेल के रणनीतिक विजन के अनुरूप है. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इससे घरेलू इस्पात बाजार की बदलती जरूरतों को पूरा करने और ग्राहक संतुष्टि सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी. अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त ने इस सफलता के लिए संयंत्र की बहु-विषयक टीमों के समर्पित प्रयासों की सराहना की. उन्होंने जोर देकर कहा कि यह उपलब्धि मूल्य संवर्धित इस्पात उत्पादन क्षमताओं को सुदृढ़ करने के प्रति बीएसएल के केंद्रित और सकारात्मक दृष्टिकोण को रेखांकित करती है. इस विकास के साथ, बोकारो इस्पात संयंत्र ने न केवल अपने उत्पाद पोर्टफोलियो को मजबूत किया है, बल्कि उन्नत स्टील ग्रेड के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भी कदम बढ़ाए हैं. बीआईएस की यह स्वीकृति आयात पर निर्भरता कम करने और भारत सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलों के अंतर्गत स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगी. यह उपलब्धि बोकारो इस्पात संयंत्र की गुणवत्ता और तकनीकी नवाचार के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती है. उच्च प्रदर्शन वाले इन नए स्टील ग्रेड्स का प्रमाणीकरण न केवल संयंत्र की बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति को बढ़ाएगा, बल्कि ग्राहकों को विश्व स्तरीय समाधान उपलब्ध कराकर उत्पादकता और गुणवत्ता के क्षेत्र में बीएसएल की अग्रणी भूमिका को और सुदृढ़ करेगा.

## बैठक में अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्देश

**जिला समन्वय समिति की बैठक में अनुपस्थित रहने को लेकर उपायुक्त ने दिया आदेश**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की बारीकी से समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने तथा लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला समन्वय समिति की बैठक में बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को उपायुक्त द्वारा दिया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा किए गए निकासी एवं व्यय का प्रतिवेदन 12 मार्च तक जिला कार्यालय में समर्पित करने को भी संबंधित विभागों को दिया।

**मनरेगा योजनाओं की समीक्षा**

मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन योजनाओं का कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है, उन्हें बंद कर उसकी रिपोर्ट संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) द्वारा जिला को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए और कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए।

**लंबित एटीआर अपलोड करने को कहा**

बैठक में विभिन्न योजनाओं के लगभग 3500 सामाजिक अंकेक्षण (सोशल ऑडिट) के शेष एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी लंबित एटीआर को अविलंब पोर्टल पर अपलोड किया जाए ताकि पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

**मंईयां सम्मान योजना एवं पेंशन योजनाओं की प्रगति**

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत 6,788 लाभुकों के आधार सीडिंग कार्य को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया, ताकि पात्र लाभुकों को सम्मान राशि का भुगतान समय पर किया





जा सके। इसके अलावा केंद्र प्रायोजित पेंशन योजनाओं के लाभुकों का डीएलसी अद्यतन करने का निर्देश अंचलाधिकारियों को दिया गया।

**सखी मंडल को मुद्रा ऋण उपलब्ध कराने पर जोर**

बैठक में सखी मंडल के सदस्यों को मुद्रा ऋण उपलब्ध कराने की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बैंकों को इस दिशा में तत्परता दिखाने का निर्देश देते हुए लंबित 2756 आवेदनों के शीघ्र निष्पादन पर बल दिया। साथ ही एलडीएम को इस प्रक्रिया में समन्वय एवं नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

**गोट बैंक, आपदा मुआवजा व धान अधिप्राप्ति की समीक्षा**

बैठक में गोट बैंक योजना, आपदा मुआवजा, धान अधिप्राप्ति तथा आंगनबाड़ी भवन निर्माण एवं शौचालय निर्माण से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने इन सभी योजनाओं के कार्यों को गति देने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, आपदा मुआवजा से संबंधित दस्तावेज अंचल से जिला स्पष्ट दस्तावेज भेजने का निर्देश अंचलाधिकारियों को दिया।

**15वें वित्त आयोग के फंड के उपयोग पर बल**

बैठक में उपस्थित उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत टाइड एवं अनटाइड फंड के व्यय को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने खराब प्रदर्शन वाले प्रखंडों की जानकारी देते हुए प्रखंड स्तर पर अविलंब समीक्षा बैठक आयोजित करने तथा कार्यों में सुधार लाने को कहा।

**दाखिल-खारिज मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश**

उपायुक्त ने अंचलाधिकारियों को लंबित दाखिल-खारिज आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी आवेदन को रद्द किया जाता है तो उसका स्पष्ट कारण दर्ज किया जाना चाहिए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और आवेदकों को सही जानकारी मिल सके। बैठक में अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक आलम, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सुचिता किरण, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, डीडीएमओ शक्ति कुमार, नोडल पदाधिकारी पंकज दुबे समेत विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रिंस खान गिरोह का अपराधी गिरफ्तार

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद पुलिस ने संगठित अपराध के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए प्रिंस खान गिरोह से जुड़े एक अपराधकर्मी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। 08/09 मार्च की रात्रि में की गई इस कार्रवाई में गोविंदपुर थाना कांड संख्या 89/2026 के नामजद अभियुक्त दिलीप सिंह को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को अग्रतर कार्रवाई के लिए न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, मनीष कुमार मिश्रा के न्यायालय में प्रस्तुत किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध गोविंदपुर थाना में गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज है। इन धाराओं के तहत संगठित अपराध, आपराधिक षड्यंत्र, हथियार और विस्फोटक पदार्थ से जुड़े गंभीर आरोप शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दिलीप सिंह (उम्र करीब 50 वर्ष), पिता नारायण सिंह, निवासी बारामुड़ी, लिटिल फ्लावर स्कूल के समीप, थाना भूली ओपी (बैंक मोड़), जिला धनबाद के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी प्रिंस खान गिरोह से



जुड़ा हुआ है और उक्त कांड में उसकी सक्रिय संलिप्तता पाई गई है। पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ भी की गई, जिसके आधार पर मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। धनबाद पुलिस का कहना है कि जिले में संगठित अपराध और आपराधिक गिरोहों के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। फिलहाल आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## आगामी चुनाव में हमलोग धनबाद से मजबूती से लड़ेंगे : राजेश पासवान

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद परिसदन में लोजपा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश पासवान एवं प्रदेश अध्यक्ष दिनेश पासवान के साथ पार्टी के कई वरिष्ठ नेता बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश पासवान ने धनबाद जिले के लेबर सेल एवं पूरे राज्य की लेवर सेल को मजबूत एवं सशक्त करने पर जोर दिया, उन्होंने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में हम लोग लेवर सेल को मजबूत करने का दायित्व है और हर एक जिले में एक जिला अध्यक्ष है जो अपना पूरा समय पार्टी की दी हुई जिम्मेदारी को निभा रहे है। उन्होंने कहा कि आपने हाल मे देखा होगा झारखंड के चुनाव में चतरा से हमें जीत मिली है और आने वाले समय में बिहार झारखंड एवं बंगाल के चुनाव में हम लोग अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे, वही मौके पर जिले भर से आये हुए पदाधिकारी गण को सम्मनित किया गया..। इस मौके पर भगवान दास शर्मा, अरुण कुमार पासवान, सूरज कुमार पासवान, राजू कुमार चौहान, सुरेंद्र कुमार सिंह, नौशाद अंसारी सभी उपस्थित थे।

## स्कूटी रैली निकालकर महिलाओं ने दिया नारी शक्ति का संदेश

**नशा मुक्त व बाल विवाह मुक्त झारखंड बनाने की ली शपथ**

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर आज समाहरणालय से 200 से अधिक महिलाओं ने स्कूटी रैली निकलकर नारी शक्ति का संदेश दिया। साथ ही नशा मुक्त व बाल विवाह मुक्त झारखंड बनाने का संकल्प लिया। रैली को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन तथा वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली समाहरणालय से सिटी सेंटर होते हुए रणधीर वर्मा चौक तक पहुंची। रैली को रवाना करने के बाद उपायुक्त ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस नारी के अधिकारों, समानता तथा उनके सामाजिक, आर्थिक योगदान के सम्मान और सशक्तिकरण का वैश्विक प्रतीक बन गया है। आज हर क्षेत्र में महिलाओं का संघर्ष, उनकी उपलब्धियां, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक सहित अन्य क्षेत्र में उनके योगदान को पहचान मिली है। उपायुक्त ने कहा कि जिले में



भी महिला सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चल रही है। महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए स्वयं सहायता समूह बनाकर उनको प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं बेलगड़िया में 80-80 महिलाओं का समूह बनाकर उन्हें मशरूम की खेती, बांस व जुट की सामग्री बनाने सहित अन्य क्षेत्र में हुनरमंद बनाया जा रहा है। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के बराबर योगदान दे रही है। महिला सशक्त होगी तो परिवार तथा समाज सशक्त बनेगा। रैली को रवाना करने से पूर्व सभी को नशा मुक्त झारखंड व बाल विवाह मुक्त झारखंड की शपथ दिलाई गई। स्कूटी रैली में महिला पुलिसकर्मी, सुपरवाइजर, सीडीपीओ, आंगनबाड़ी सेविका, पोषण सखी सहित 200 से अधिक महिलाएं शामिल थी। मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी के अलावा बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों की महिलाएं शामिल रहीं।

## इस्पात निर्माण में आत्मनिर्भरता और समन्वय की दिशा में नई पहल

**बोकारो में रिफ्रैक्टरी उत्पादों की सोर्सिंग पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में सेल रिफ्रैक्टरी यूनिट (एसआरयू) और सेल रिफ्रैक्टरी कंपनी लिमिटेड (एसआरसीएल) के द्वारा रिफ्रैक्टरी उत्पादों और सेवाओं की प्रभावी सोर्सिंग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज दिनांक 09 मार्च 2026 को दो दिवसीय विशेष कार्यशाला का शुभारंभ हुआ. इस कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक प्रभारी, बोकारो इस्पात संयंत्र श्री प्रिय रंजन उपस्थित थे. उनके साथ अधिशासी निदेशक पी. के. रथ, अधिशासी निदेशकडी. के. मिश्रा, अधिशासी निदेशकबनर्जी राजश्री, अधिशासी निदेशक डॉ. बी. बी. करुणामय, कार्यकारी अधिशासी निदेशक अनिमा कुशवाहा, कार्यकारी अधिशासी निदेशक एस. के. भारद्वाज तथा कार्यकारी अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री पीतांबर चौधरी की उपस्थिति रही. कार्यक्रम का आरंभ सेल रिफ्रैक्टरी यूनिट की सहायक प्रबंधक सुश्री स्निग्धा सिंह के स्वागत संबोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने कार्यशाला की रूपरेखा और इसके उद्देश्यों से अवगत कराया. सत्र को संबोधित करते हुए अधिशासी निदेशक पी. के. रथ ने कार्यशाला के महत्व पर बल दिया और रिफ्रैक्टरी उत्पादों की गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता बताई. अधिशासी निदेशक डी. के. मिश्रा ने इस्पात संयंत्रों में रिफ्रैक्टरी की महत्वपूर्ण भूमिका और रिफ्रैक्टरी यूनिट्स तथा इस्पात संयंत्रों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर अपने विचार साझा किए. उन्होंने कहा कि इस्पात निर्माण की प्रक्रिया में रिफ्रैक्टरी उत्पादों की गुणवत्ता सीधे तौर पर संयंत्र की परिचालन दक्षता को प्रभावित करती है. अपने संबोधन में निदेशक प्रभारी श्री प्रिय रंजन ने इस कार्यशाला की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि इस्पात निर्माण में रिफ्रैक्टरी की भूमिका रीढ़ की हड्डी के समान है.







उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों और वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक सुदृढ़ कार्ययोजना तैयार करें. उन्होंने बल दिया कि सेल की रिफ्रैक्टरी इकाइयों की क्षमताओं का पूर्ण उपयोग करते हुए सभी इस्पात संयंत्रों की जरूरतों को प्रभावी ढंग से पूरा किया जाना चाहिए, ताकि उत्पादन लक्ष्यों को निर्बाध रूप से प्राप्त किया जा सके. दो दिवसीय इस कार्यशाला के प्रथम दिन आज विभिन्न संयंत्रों जैसे भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी), राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी), दुर्गापुर इस्पात संयंत्र (डीएसपी), इस्को इस्पात संयंत्र (आईएसपी) और बोकारो इस्पात संयंत्र (बीएसएल) के अधिकारियों के साथ मांग के पूर्वानुमान पर विस्तृत चर्चा की गई. साथ ही एसआरयू और एसआरसीएल के बिजनेस आउटलुक और भविष्य की संभावनाओं पर भी प्रस्तुतियाँ दी गई. कार्यशाला के दूसरे दिन, दिनांक 10 मार्च 2026 को ऑर्डर प्लेसमेंट, आवश्यकताओं के तालमेल और नए उत्पाद विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा. इस कार्यक्रम में रिफ्रैक्टरी और आयरन एंड स्टील जोन के वरीय अधिकारी तथा इस्को इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ प्रतिनिधि सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं. एसआरयू और एसआरसीएल के साथ यह समन्वय कार्यशाला सेल के सभी एकीकृत इस्पात संयंत्र की उत्पादकता और गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. रिफ्रैक्टरी उत्पादों की समयबद्ध और उत्कृष्ट आपूर्ति सुनिश्चित होने से न केवल उत्पादन की लागत में कमी आएगी, बल्कि यह संयंत्र की परिचालन स्थिरता और आत्मनिर्भरता के लक्ष्यों को साकार करने में भी सहायक सिद्ध होगा, जो अंततः स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड की प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति को मजबूती प्रदान करेगा. बोकारो इस्पात संयंत्र से मार्च 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले कुल 40 कार्मिकों को सेवानिवृत्ति के उपरांत आने वाले संभावित परिवर्तनों के प्रबंधन तथा इससे जुड़ी औपचारिकताओं की जानकारी देने के उद्देश्य से "एक नए सफर की शुरूआत" कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य प्रेक्षागृह में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सेवानिवृत्त होने वाले इस्पात कर्मियों को वित्तीय, स्वास्थ्य और प्रशासनिक पहलुओं के प्रति जागरूक करना था.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK